बैशाख कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 1 मई 2024
वर्ष 4, अंक 73, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अंतरिक्ष में सबसे बड़े जटिल परमाणु की खोज 16

यिम्मी यिम्मी गाने में जैकलीन ने उड़ाए होश 15

एक नजर

ईडी ने पूर्व विशेष सचिव को किया गिरफ्तार

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कस्टम मिलिंग घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ईओडब्ल्यू दफ्तर से खाद्य विभाग के पूर्व विशेष सचिव और मार्कफेड के एमडी मनोज सोनी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने सोनी को विशेष अदालत में पेश कर 10 दिनों की रिमांड मांगी है। कस्टम मिलिंग घोटाले को लेकर दर्ज प्राथमिकी में आरोपियों की सूची में मनोज सोनी का भी नाम है।

लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो शूटर गिरफ्तार

नूंह। हरियाणा के नूंह में पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई-रोहित गोदारा गिरोह के दो शूटर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि आरोपियों - दिल्ली निवासी रवि कुमार (30) और गुरुग्राम निवासी विशाल उर्फ कालू (27) जवाबी गोलीबारी में घायल हो गए। दोनों के पैर में गोली लगी है।

धोखाधड़ी में विजया बैंक के पूर्व प्रबंधक को जेल

हैदराबाद। सीबीआई की एक अदालत ने हैदराबाद में विजया बैंक, नामपल्ली के पूर्व शाखा प्रबंधक वीपी पद्मनाभ को बैंक धोखाधड़ी में तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है और 65 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सीबीआई ने मंगलवार को बताया कि एजेंसी ने 20 अप्रैल, 2006 को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

महिलाओं ने जब्त हथियार ले जा रहे सैनिकों को रोका

इंफाल। मणिपुर के विष्णुपुर में जब्त किए गए हथियारों और गोला बारूद को ले जा रहे सेना के काफिले को मंगलवार को महिला प्रदर्शनकारियों द्वारा रोका गया। सोमवार की रात कुम्बी इलाके में गश्त के दौरान सेना के दो महार रेजीमेंट के जवानों ने दो वाहनों को रोका। एक अधिकारी ने बताया कि सेना के जवानों को देख दोनों वाहनों में सवार लोग गाड़ी में रखे हथियारों को छोड़ फरार हो गए।

टी-20 विश्वकप में रोहित करेंगे कप्तानी, भारतीय टीम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 क्रिकेट विश्वकप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की सीनियर चयन समिति ने मंगलवार को आगामी आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का एलान किया।

टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया है। वहीं, रिजर्व खिलाड़ी के रूप में शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान को रखा गया है। भारत अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत 5 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगा। नौ जून को इसी स्टेडियम में पाकिस्तान से उसका मुकाबला होगा। इसके बाद भारत 12 जून को अमेरिका और 15 जून को कनाडा से भिड़ेगा।

- सैमसन, चहल और शिवम को मिला मौका, गिल-रिंकू रिजर्व में

आईएमए अध्यक्ष के बयान से सुप्रीम कोर्ट नाराज

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव की कंपनियों के भ्रामक विज्ञापनों से उत्पन्न अदालती कार्यवाही के खिलाफ आईएमए के अध्यक्ष डॉ आर वी अशोकन की टिप्पणियों को गंभीरता से लिया और मंगलवार को उसके अधिवक्ता से कहा कि आप यह कैसे तय करेंगे कि हमें अपनी कार्यवाही किस तरह से करनी चाहिए।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने बाबा रामदेव की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी को आईएमए अध्यक्ष द्वारा मीडिया के समक्ष दिए गए बयानों को अदालत के रिकॉर्ड पर लाने की अनुमति दी। पीठ ने आईएमए के वकील से मौखिक रूप से कहा आप यह कैसे तय करेंगे कि हमें अपनी कार्यवाही किस तरह से करनी चाहिए। न्यायमूर्ति कोहली की पीठ ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 7 मई की तारीख मुकर्रर करते हुए रोहतगी को दो दिनों के भीतर इस संबंध में (बयान) एक आवेदन दाखिल करने की अनुमति देते हुए कहा हम इस मुद्दे से अलग से निपटेंगे। इससे पहले पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता रोहतगी ने आईएमए अध्यक्ष के हवाले वाली खबरों को सामने लाने की मांग करते हुए कहा कि ये अदालती कार्यवाही पर दुर्भाग्यपूर्ण और परेशान करने वाली टिप्पणियां हैं। पीठ ने रोहतगी की दलील पर जवाब देते हुए पीठ ने आईएमए के अधिवक्ता से कहा यह सबसे गंभीर बात होगी...परिणामों के लिए तैयार रहें।

पतंजलि मामला

- पीठ ने कहा- अदालती कार्यवाही पर दुर्भाग्यपूर्ण और परेशान करने वाली टिप्पणियां
- आईएमए के अधिवक्ता से कहा यह सबसे गंभीर बात होगी... परिणामों के लिए तैयार रहें

उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण को फटकारा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड से जुड़े भ्रामक विज्ञापनों के मामले में छह साल तक उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के कार्रवाई नहीं करने को लेकर मंगलवार को उसे कड़ी फटकार लगाई और कहा कि यदि यह सहानुभूति एवं दया चाहता है तो अदालत के प्रति ईमानदार रहना होगा। स्पष्टीकरण पर असंतोष प्रकट करते हुए शीर्ष अदालत ने सवाल किया कि प्राधिकरण कोर्ट के 10 अप्रैल के आदेश के बाद ही क्यों जगा।

बालिकाओं ने फिर मारी बाजी

उत्तराखंड बोर्ड के नतीजे घोषित, हाईस्कूल में गंगोलीहाट की प्रियांशी रहीं टॉपर

- इंटरमीडिएट में अल्मोड़ा के पीयूष खोलिया और हल्द्वानी की कंचन जोशी प्रदेश में पहले स्थान पर

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : उत्तराखंड विद्यालयीय शिक्षा परिषद के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के नतीजों में इस बार भी बालिकाओं ने बाजी मारी है। हाईस्कूल में जेबीएस जीआईसी गंगोलीहाट पिथौरागढ़ की छात्रा प्रियांशी रावत ने 500 में से 500 अंक लाकर प्रदेश की संयुक्त श्रेष्ठता सूची में पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि जनता एचएसएस मनीपुर चका रुद्रप्रयाग के छात्र शिवम मेहता ने 500 में से 498 अंक यानी 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

इंटरमीडियट में विवेकानंद इंटर कालेज रानीधारा रोड अल्मोड़ा के छात्र पीयूष खोलिया एवं हरगोविंद सुयाल सरस्वती विद्या मंदिर कुसुमखेड़ा हल्द्वानी की छात्रा कंचन जोशी ने 500 में से 488 कुल 97.60 प्रतिशत अंक लाकर प्रदेश की श्रेष्ठता सूची में संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया है। रुद्रप्रयाग जवाहर एपीआइसी के छात्र अंशुल नेगी ने 97 प्रतिशत अंक लेकर प्रदेश की श्रेष्ठता सूची में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

मंगलवार को उत्तराखंड विद्यालयीय शिक्षा परिषद कार्यालय में परिषद के सभापति महावीर सिंह बिष्ट एवं सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने संयुक्त रूप से प्रातः साढे. ग्यारह बजे परीक्षाफल घोषित किया।

रामनगर में उत्तराखंड विद्यालयीय शिक्षा परिषद के नतीजे घोषित करते सभापति बोर्ड/निदेशक माध्यमिक शिक्षा महावीर सिंह बिष्ट व सचिव बोर्ड विनोद प्रसाद सिमल्टी।

प्रियांशी रावत, हाईस्कूल

पीयूष खोलिया, इंटरमीडिएट

कंचन जोशी, इंटरमीडिएट

इधर, हाईस्कूल संयुक्त वरीयता सूची में एसवीएमआईसी श्रीकोट गंगानाली (पौड़ी) के संजय शाह 495 अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहे। जीएमआईसी धुमाकोट, पौड़ी की पूर्वांशी ध्यानी ने 494 अंक पाकर चौथा और जेएसएनएसएनएम इंटर कालेज गैरसैण के अर्चित ढौंडियाल ने 493 अंक लाकर पांचवां स्थान हासिल किया। इंटर में एसवीएमआईसी आवास विकास ऋषिकेश के हरीश चंद्र और गोस्वामी गणेश दत्त सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज उत्तरकाशी के आयुष अवस्थी ने 480 अंक पाकर तीसरा स्थान हासिल किया। खोलिया विवेकानंद इंटर कालेज गरुड़ (बागेश्वर) के अभय उपाध्याय 479 अंक लाकर चौथे और तुलाराम राजाराम एसवीएमआईसी काशीपुर की सोनाली यादव 478 अंक लाकर पांचवें स्थान पर रही।

इस वर्ष हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 89.14 प्रतिशत रहा। जिसमें बालकों का रिजल्ट 85.59 प्रतिशत और बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.54 रहा। इंटर का परीक्षाफल 82.63 प्रतिशत रहा।

> हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई। यह आपके परिश्रम और लगन का प्रतिफल है। अनुत्तीर्ण विद्यार्थी निराश न हों, अभिभावकों से अनुरोध है कि बच्चों पर दबाव न बनाएं बल्कि उनका साथ दें। ये जीवन में सफलता का आखिरी मापदंड नहीं है।
> - **पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री

एसटीएफ ने देहरादून में पकड़ा अवैध टेलीफोन एक्सचेंज

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : स्पेशल टास्क फोर्स ने देहरादून में चल रहे अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का भंडाफोड़ किया है। स्पेक्ट्रम इन्फो वेब सोल्यूशन प्रा. लि. नामक कंपनी के माध्यम से चल रहे इस अवैध एक्सचेंज के जरिये विदेशी कॉल को लोकल मोबाइल नंबरों पर डायवर्ट किए जाने का धंधा चल रहा था। ऐसी ही एक कॉल से उप्र के बांदा जिले के कारागार अधीक्षक को जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। कथित कंपनी के मालिक को गिरफ्तार कर एक्सचेंज से संबंधित सामान बरामद किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि 29 मार्च को उप्र में बांदा जिले के कारागार अधीक्षक वीरेश राज शर्मा को देहरादून के लैंडलाइन नंबर से जान से मारने की धमकी दी गई थी। जिसका मुकदमा बांदा में दर्ज हुआ। चूंकि नंबर देहरादून से संबंधित था इसलिए उक्त प्रकरण में यूपी पुलिस एवं डीओटी, भारत सरकार ने जानकारी एसटीएफ से साझा की। यह नंबर स्पेक्ट्रम इन्फो वेब सोल्यूशन प्रा.लि. एमएम टावर के नाम से पंजीकृत निकला। पता चला कि देहरादून में 18 संगम बिहार, जीएमएस रोड़ निवासी व हाल निवासी प्रिय लोक कालोनी सेवला कला निवासी अनुराग गुप्ता पुत्र कमल गुप्ता ने स्पेक्ट्रम इन्फो वेब सोल्यूशन प्रा.लि. कंपनी के नाम से करीब 500 नंबर लिए हैं। एसटीएफ ने डीओटी टीम की मौजूदगी में एमएम टावर के द्वितीय तल पर छापा मारकर अनुराग गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त द्वारा पहचान छिपाने के लिए बाहर विक्रांत फूड कंपनी एंड दून आइट्स वेब्ड सर्विस के नाम से दो फ्लेक्सी बोर्ड लगा रखे थे। अंदर अवैध रूप से कॉल एक्सचेंज सेटअप लगाया था। मौके से दो लैपटाप, दो सर्वर, दो सीपीयू, एक मॉनीटर, दो मीडिया कन्वर्टर, एक प्रिंटर तथा मोबाइल फोन आदि बरामद किया गया। बांदा की घटना में भी इसी कंपनी के सर्वर का प्रयोग किया गया था। जोकि कनाडा से आया था। जिसको जेल अधीक्षक के नंबर पर डायवर्ट कर दिया गया था। अभियुक्त पूर्व में ऐसे ही प्रकरण में जनपद सोनीपत, हरियाणा तथा बिहार से जेल जा चुका है।

- बांदा जेल अधीक्षक को विदेशी नंबर से इसी एक्सचेंज से कॉल कर दी गई थी धमकी
- स्पेक्ट्रम इन्फो वेब सोल्यूशन प्रालि. के नाम से चल रही थी कंपनी, मालिक गिरफ्तार

चाइना से संचालित हो रहा नेटवर्क

विदेश से प्राप्त वीओआईपी काल को स्थानीय लैंडलाइन / मोबाइल नंबरों पर डायवर्ट कराने की एवज में चाइना से कमीशन मिलता था। एसएसपी के मुताबिक चाइना की एमेंडा नामक महिला जो स्नो फ्लाई आनलाईन कंपनी चलाती है स्काइप एप और नार्मल आईएसडी कॉल के माध्यम से दिशा-निर्देश मिलते थे। इंटरनेट के माध्यम से इंटरनेशनल कॉल को लोकल कॉल में परिवर्तित कर भारत व अन्य विदेशी स्थानों पर भेजने के बदले डॉलर में मोटी धनराशि मिलती थी। चाइना, हांगकांग, सिंगापुर मकाउ में स्नो फ्लाई ऑनलाइन कंपनी से प्राप्त कॉल को कस्टमर तक भेजा जा रहा था।

अमित शाह का फर्जी वीडियो मामला

महाराष्ट्र युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल सहित 16 पर केस

गुजरात, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का फर्जी वीडियो साझा करने के मामले मे मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल और 16 अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

डीपफेक द्वारा बनाए गए फर्जी वीडियो में भाजपा नेता अमित शाह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण अधिकारों को खत्म करने की घोषणा करते हुए नजर आ रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में भाजपा की मुंबई इकाई के पदाधिकारी प्रतीक करपे ने सोमवार को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, शाह का डीपफेक वीडियो बनाया गया, उसे पोस्ट किया गया और इंटरनेट पर व्यापक रूप से साझा किया गया, जिसके पीछे आरोपियों का मकसद केंद्रीय मंत्री को बदनाम करना था। शिकायतकर्ता ने पुलिस से डीपफेक वीडियो को तुरंत हटाने और उन आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का भी अनुरोध किया, जिन्होंने विभिन्न जातियों में दुश्मनी और नफरत पैदा करने के लिए इसे कथित तौर पर साझा किया था। इस मामले में जम्मू-कश्मीर में भी केस दर्ज किया गया है।

पुलिस ने कांग्रेस और आप नेता को किया गिरफ्तार

अहमदाबाद। गुजरात पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का फर्जी वीडियो साझा करने के आरोप में कांग्रेस के एक नेता और आप के एक पदाधिकारी को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान बनासकांठा के पालनपुर निवासी सतीश वंसोला और दाहोद जिले के लिमखेड़ा शहर से राकेश बारिया के रूप में हुई है। वंसोला पिछले छह वर्षों से कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी के निजी सहायक के रूप में काम कर रहे हैं, जबकि बारिया आप की दाहोद इकाई के अध्यक्ष हैं।

सपा उम्मीदवार लालजी वर्मा के खिलाफ रिपोर्ट

अंबेडकरनगर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का एडिटेड वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में कटेहरी विधायक और जनपद से सपा के लोकसभा उम्मीदवार लालजी वर्मा पर दिल्ली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया है। सोमवार देर रात दिल्ली पुलिस ने लालजी वर्मा के घर पर दबिश दी। उनको नोटिस थमाया व जवाब भी मांगा है। नोटिस मिलने की पुष्टि करते हुए लालजी वर्मा ने कहा कि भाजपा विपक्षी नेताओं को डरा धमका कर गलत आचरण कर रही है।

हम डोजियर नहीं भेजते, घर में घुसकर मारते हैं

लातूर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि मुंबई हमले के बाद कांग्रेस सरकार के दौरान डोजियर भेजने के चलन के विपरीत भाजपा नेतृत्व की सरकार ने आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारा।

मोदी ने महाराष्ट्र के लातूर में एक चुनावी रैली में कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान खबरों की सुर्खियां होती थीं कि भारत ने आतंकी गतिविधियों के बारे में पाकिस्तान को एक और डोजियर सौंपा। उन्होंने कहा कि यह बड़ी खबर हुआ करती थी। मीडिया में हमारे कुछ मित्र ऐसे किसी भी डोजियर के भेजे जाने पर ताली बजाते थे। मोदी ने कहा कि आज भारत डोजियर नहीं भेजता बल्कि घर में घुस के मारता है।

लातूर, महाराष्ट्र में चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित करते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नए भारत की सुर्खियां हैं: मिशन एलओसी, भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक के माध्यम से पाकिस्तान को दंडित किया। उन्होंने ने यह भी दावा किया कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' ने एक 'फॉर्मूला' तैयार किया जिसके तहत विपक्षी गठजोड़ में शामिल दलों को सत्ता में आने पर एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री का पद मिलेगा। मोदी ने कहा कि ऐसी व्यवस्था से देश के हित की आशा नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि कुछ लोग किस्तों में प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। उन्होंने हर साल एक प्रधानमंत्री बनाने का फैसला किया है।

- महाराष्ट्र में एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को घेरा

कांग्रेस ने लोगों के सपनों को कुचला

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में भारत की अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जब मैं एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात करता हूं तो कांग्रेस के शहज़ादे को बुखार आ जाता है। उन्होंने कहा कि देश को लूटने वाले जेल में हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश के लोग हमेशा मेहनती और प्रतिभाशाली रहे हैं, लेकिन कांग्रेस ने उनके सपनों को कुचलने का पाप किया।

सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को जदएस ने किया निलंबित

बेंगलुरु, एजेंसी

जनता दल सेक्युलर (जदएस) ने कथित 'सेक्स स्कैंडल' में संलिप्तता के लिए हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को मंगलवार को पार्टी से निलंबित कर दिया।

हुब्बल्ली में पार्टी की कोर समिति ने राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी. देवेगौड़ा से रेवन्ना के निलंबन की सिफारिश की थी, जिसके चंद मिनटों बाद ही हासन के सांसद को निलंबित कर दिया गया। देवेगौड़ा, रेवन्ना के दादा हैं। निलंबन आदेश में कहा गया है कि हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना द्वारा महिलाओं के कथित उत्पीड़न के वीडियो सोशल मीडिया और मीडिया में व्यापक रूप से प्रसारित हो रहे हैं, जिसके चलते पार्टी को भारी शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा विशेष जांच दल गठित करने का जिक्र करते हुए आदेश में कहा गया है कि मामले को देखते हुए और अनुशासन के उल्लंघन एवं दंड के लिए जदएस के संविधान एवं नियमों के अनुसार, उनको निलंबित कर दिया गया है।

- सेक्स स्कैंडल मामले में पार्टी ने की कार्रवाई एसआईटी करेगी जांच

ईडी ने जब्त की 90 करोड़ की क्रिप्टो संपत्ति

गेमिंग घोटाला

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने एक ऑनलाइन गेमिंग ऐप 'घोटाले' में बाइनेंस, जेबपे और वजीरएक्स जैसे मंचों के क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में रखे 90 करोड़ रुपये जब्त किया है। वित्तीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि गेमिंग घोटाले से संबंधित धनशोधन जांच के क्रम में इन क्रिप्टो संपत्तियों को कब्जे में लिया गया और फिर उसे ईडी के क्रिप्टो वॉलेट में स्थानांतरित कर दिया गया। यह जांच ई-नगेट नाम के एक फर्जी ऑनलाइन गेमिंग ऐप से संबंधित है।

अनदेखी | दो साल पहले 43 जिलों में एनआरएलएम ने खोले थे 204 टीएचआर प्लांट

'कुपोषण' की जंग में 153 प्लांट बंद, केंद्रों पर नहीं पुष्टाहार

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की तरफ से 43 जिलों में संचालित 204 टेक होम राशन प्लांट में 153 बजट के अभाव में बंद हो गए हैं।

इस वजह से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार की आपूर्ति प्रभावित है। बंद प्लांटों की जगह एक संस्था द्वारा पुष्टाहार उपलब्ध कराया जा रहा है। लेकिन, तीन माह का एक साथ, कम मात्रा में वह भी देर-सबेर मिलने के कारण बच्चों व महिलाओं को नियमित खुराक नहीं मिल रही है। केंद्रों पर नियमित वितरण और पारदर्शिता से पुष्टाहार खरीदने के लिए ठेकेदारी व्यवस्था खत्म की गई थी और दो साल पहले बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से अनुबंध कर ब्लॉकों पर प्लांट खोले गए थे।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार वितरण की हकीकत समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पर दर्ज सर्वाधिक शिकायतें ही बता रहीं हैं। दिसंबर में वितरण संबंधित 7667 शिकायत जिलों से दर्ज हुईं। इसकी फरवरी में मुख्यमंत्री कार्यालय से समीक्षा की गई तो सर्वाधिक शिकायत वाले पांच जिले चिह्नित कर सुधार के निर्देश दिए गए थे।

इन जिलों में प्लांट

लखनऊ, बदायूं, बागपत, सहारनपुर, उन्नाव, वाराणसी, अमेठी, औरैया, संत कबीर नगर, शामली, श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बिजनौर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, इटावा, फतेहपुर, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, झांसी, कन्नौज, लखीमपुर, ललितपुर, महाराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, सोनभद्र, सिद्धार्थ नगर, सुल्तानपुर, आगरा, अलीगढ़, अंबेडकर नगर, आजमगढ़।

- बजट के अभाव में आंगनबाड़ी केंद्रों पर नहीं हो रही नियमित आपूर्ति

> प्लांट एनआरएलएम द्वारा संचालित हैं। बंद होने की जानकारी नहीं है। जिन केंद्रों पर समस्या है वहां पुष्टाहार वितरण कराया जा रहा है। आईजीआरएस की शिकायतें निस्तारित कर रहे हैं।
> - **सरनीत कौर ब्रोका**, निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग।

इन जिलों की थी सर्वाधिक शिकायत

सीतापुर - 374, अलीगढ़ - 271, लखीमपुर खीरी - 267, बहराइच - 265, बुलंदशहर - 252

तीन से छह वर्ष के बच्चों की खुराक में रिफाइंड की कटौती

प्लांट द्वारा सात माह से तीन वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती महिलाओं को घरों पर चना की दाल, दरिया व रिफाइंड मिलता है। इसी तरह केंद्र पर आने वाले तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को तीनों चीजें दी जती हैं। लेकिन, केंद्र पर रिफाइंड नहीं बांटा जा रहा है। जहां प्लांट से आपूर्ति नहीं वहां संस्था प्रीमिक्स यानी तैयार मूंग दाल खिचड़ी, दरिया, लड्डू दे रही है। आपूर्ति पोषण ट्रैक से लाभार्थियों की संख्या के अनुसार होती है, लेकिन डाटा पुराना उठाने के कारण बढ़े लाभार्थी छूट जाते हैं।

श्वेता और ममता ने पढ़ाई में भी निभाई दोस्ती

उत्तराखंड बोर्ड में उपनल कर्मचारी और टैक्सी चालक की बेटी ने प्रदेश में क्रमशः 19वां और 24वां स्थान प्राप्त किया

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर की ममता बिष्ट और श्वेता आर्य ने उत्तराखंड बोर्ड में दसवीं की परीक्षा में प्रदेश में 19वां और 24वां स्थान हासिल कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों की इस उपलब्धि पर स्कूल की प्रधानाचार्य शबनम अहमद व शिक्षिकाओं सहित परिजनों में खुशी की लहर है। बता दें कि श्वेता और ममता दोनों दोस्त हैं। वह कक्षा में साथ-साथ बैठती हैं। घर जाकर पढ़ाई करने में एक दूसरे का सहयोग करती हैं। नोट्स शेयर करना, फोन पर बात करके कठिन विषय पर चर्चा करना, उनकी रोजमर्रा की कहानी है। इस कारण दोनों छात्राओं ने प्रदेश में 19वां और 24वां स्थान प्राप्त किया।

पुलिस में भर्ती होकर देश सेवा करना चाहती है ममता : चार्टन लॉज निवासी टैक्सी चालक हरीश सिंह बिष्ट और दीपा बिष्ट की पुत्री ममता ने उत्तराखंड बोर्ड की दसवीं कक्षा में हिंदी में 100, अंग्रेजी में 90, गणित में 100, विज्ञान में 96, सामाजिक विज्ञान में 90 और अतिरिक्त विषय पेंटिंग में 91 अंक के साथ कुल 476 अंकों संग प्रदेश में 19वां स्थान हासिल किया है। मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर की छात्रा ममता पुलिस में भर्ती होकर देश की सेवा करना चाहती है।

ममता ने बताया कि वह रोजाना 5 घंटे पढ़ाई किया करती थी। सेल्फ स्टडी कर उन्होंने सभी विषयों में अपनी बेहतर पकड़ बनाई। कुछ विषयों में जब कभी कोई शंका होती थी तो इंटरनेट मीडिया पर उपलब्ध वीडियो से वह उन्हें सुलझा लिया करती थी। पुलिस फोर्स में जाकर देश की सेवा करने का सपना रखने वाली ममता ने अन्य विद्यार्थियों को सेल्फ स्टडी कर विषयों पर पकड़ मजबूत बनने की सलाह दी है। साथ ही कहा कि इंटरनेट मीडिया का प्रयोग सही दिशा में किया जाए तो शिक्षण क्षेत्र में बहुत लाभ लिया जा सकता है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों और स्वजनों को दिया है।

बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद नैनीताल के मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर स्कूल में खुशी से झूमतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

10 वीं कक्षा में ममता को हिंदी में 100, अंग्रेजी में 90, गणित में 100, विज्ञान में 96 अंक मिले

स्कूल में छात्राओं को मिठाई खिलातीं प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

सिविल सर्विस के जरिये देश की सेवा करना चाहती है श्वेता

नैनीताल : नारायण नगर निवासी एटीआई में उपनल के पद पर कार्यरत आनंद प्रकाश व हाईकोर्ट में कार्यरत हेमा देवी की पुत्री श्वेता आर्य ने उत्तराखंड बोर्ड दसवीं की परीक्षा में हिंदी में 99, अंग्रेजी में 97, गणित में 89, विज्ञान में 99, सामाजिक विज्ञान में 99 जबकि अतिरिक्त विषय पेंटिंग में 96 अंक लाकर कुल 474 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 24वां स्थान हासिल किया है। मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर की छात्रा श्वेता ने बताया कि रोजाना तीन घंटे पढ़ाई कर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। कहा कि परीक्षा से करीब चार माह पूर्व से उन्होंने तैयारी तेज कर दी थी। इस बीच करीब तीन माह ट्यूशन भी लिया। गणित का निरंतर अभ्यास और स्कूल में पढ़ाए जा रहे विषयों का रिवीजन करना बेहद काम आया। वह सिविल सर्विस के जरिये देश की सेवा करना चाहती है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों, स्वजनों को दिया।

यूएसआर इन्दू इंटर कॉलेज की पूजा बनना चाहती है इंजीनियर

रामनगर : उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा परिणामों में यूएसआर इन्दू इंटर कॉलेज बसई की छात्रा पूजा सुयाल ने 12वीं कक्षा में 24वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र व माता-पिता एवं स्कूल का नाम रोशन किया है। पूजा के पिता गोपाल दत्त सुयाल भी शैक्षणिक कार्य से जुड़े हुए हैं। उनकी माता भगवती सुयाल ग्रहणी हैं। पूजा बड़ी होकर इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहती है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेम चंद्र पपनै व अध्यापक-अध्यापिकाओं को दिया। इस वर्ष विद्यालय का वार्षिक परीक्षा फल 96% रहा। विद्यालय के अधिकांश छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास की। प्रबंधक सुदीप रावत एवं प्रधानाचार्य प्रेमचंद पपने ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पूजा को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

एक ही स्कूल के सात मेधावियों ने पाया मेरिट में स्थान

लालकुआं : उत्तराखंड बोर्ड की हाई स्कूल परीक्षा में एक्स्पोनेंशियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 7 मेधावी छात्रों ने मेरिट सूची में 16 से 23वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय के साथ साथ जनपद का नाम भी रोशन किया है। छात्रा यशिका रावत ने 96 फीसदी अंक प्राप्त कर 16 वी रैंक, जय भट्ट 17 वीं रैंक, साक्षी रैकुनी ने 19वीं रैंक, वैष्णवी गुप्ता ने 20वीं रैंक एवं आयुष बिष्ट, लक्की बोरा व पूजा मेहता ने 94 फीसदी अंक प्राप्त कर 23वीं रैंक हासिल की। हाई स्कूल में कुल 60 छात्रों में से 7 बच्चों ने मेरिट सूची में रैंक हासिल कर विद्यालय व जनपद का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य किरण नैनवाल, एमडी राजेंद्र सिंह नैनवाल आदि ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल के स्टाफ ने सभी मेधावियों से भविष्य में भी इसी प्रकार अपनी पढ़ाई जारी रखने की सलाह दी।

भवाली की माही को मिला 17वां स्थान

नैनीताल : जीबी पंत इंटर कॉलेज भवाली की माही कनवाल ने उत्तराखंड बोर्ड में दसवीं की परीक्षा में प्रदेश में 17वां स्थान हासिल कर स्कूल सहित पूरे जनपद का नाम रोशन किया है। माही की इस उपलब्धि पर स्कूल की प्रधानाचार्य सीमा बर्गली व शिक्षिकाओं सहित परिजनों में खुशी की लहर है। मनोज कनवाल व दीपा कनवाल की पुत्री माही ने हिंदी में 96, अंग्रेजी में 99, गणित में 98, साइंस में 97 व एसएसटी में 91 अंक प्राप्त किए। दीपा ने कुल 481 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 27वां स्थान हासिल किया। वह हर रोज तीन से चार घंटे तक पढ़ाई करती हैं।

आशीष और तरुण बने वुडलैंड्स स्कूल के टॉपर, विज्ञान वर्ग का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत

हल्द्वानी : हिम्मतपुर तल्ला स्थित वुडलैंड्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्तराखंड बोर्ड में शानदार प्रदर्शन किया। इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। विज्ञान वर्ग में आशीष मेहरा ने 90 प्रतिशत अंक व हाईस्कूल में छात्र तरुण मेवाड़ी ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट में 75 व हाईस्कूल में 70 प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी के साथ बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक अखिलेश धौनी, अकादमिक निदेशक लता खोलिया, प्रबंधक रंजना धौनी व प्रधानाचार्य मनदीप कौर आदि ने सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विज्ञान वर्ग की छात्रा अर्चना ने 24वां स्थान प्राप्त कर बढ़ाया स्कूल का मान

रामनगर : एमपी इंटर कॉलेज की विज्ञान वर्ग की छात्रा अर्चना मधवाल ने 91.8% अंक प्राप्त कर मेरिट लिस्ट में 24वां स्थान प्राप्त कर स्कूल का मान बढ़ाया है। स्कूल के मीडिया प्रभारी हेम चंद्र पांडे ने बताया कि उत्तराखंड बोर्ड के रिजल्ट में एमपी हिंदू इंटर कॉलेज का इंटरमीडिएट में उत्तीर्ण प्रतिशत 91% तथा हाई स्कूल में 89% रहा। इंटरमीडिएट के तीनों संकायों में 397 विद्यार्थियों में से 361 उत्तीर्ण हुए, जिसमें 77 सम्मान सहित 203 प्रथम श्रेणी तथा 81 द्वितीय श्रेणी में पास हुए हैं। हाई स्कूल में 394 विद्यार्थियों में से 347 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जिसमें वैभव किष्ट्वाल तथा नमन अधिकारी ने 92.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। जबकि 53 विद्यार्थी सम्मान सहित, 102 प्रथम श्रेणी, 158 द्वितीय श्रेणी में तथा 34 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रबंधक विनय जिंदल, प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा तथा अध्यापकों ने शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

लालकुआं की आयुषी ने इंटरमीडिएट में प्राप्त किया प्रदेश में आठवां स्थान

लालकुआं : लालकुआं की मेधावी छात्रा व आदर्श प्रेस क्लब अध्यक्ष बीसी भट्ट की पुत्री आयुषी ने उत्तराखंड बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में 95% अंक हासिल कर प्रदेश में आठवां स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। आयुषी हल्दूचौड़ के चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा है। आयुषी की इस उपलब्धि पर अष्टादशभुजा महालक्ष्मी मंदिर के महामंडलेश्वर सोमेश्वर यति महाराज, मानव उत्थान सेवा समिति के राज्य प्रभारी महात्मा सत्यबोधानंद, गोधाम के प्रबंधक रामेश्वर दास, केंद्रीय रक्षा पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट, क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व मंत्री हरिश्चंद्र दुर्गापाल, पूर्व विधायक नवीन चंद्र दुम्का, हरेंद्र बोरा, पूर्व पूर्व अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा, अध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल दीवान सिंह बिष्ट, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पवन चौहान, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती, नगर कांग्रेस अध्यक्ष भुवन पांडे, भाजपा नेता जगदीश अग्रवाल आदि ने शुभकामनाएं दीं।

जय मोहन स्कूल की पांच छात्राओं को मेरिट में स्थान, प्रतिभा सनवाल ने 25वीं रैंक प्राप्त की

रामनगर में जयमोहन स्कूल की मेधावी छात्राएं।

रामनगर : जय मोहन इंटर कॉलेज कानिया की पांच छात्राओं ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। हाई स्कूल की छात्रा प्रतिभा सनवाल ने उत्तराखंड बोर्ड में 25वीं रैंक प्राप्त कर 94.6% अंक अर्जित किए तथा इंटर की परीक्षा में कल्पना रावत 15वीं रैंक (93.6अंक), मनीषा 17 वीं रैंक (92.8अंक), माही सनवाल 21वीं रैंक तथा निकिता राणा 24वीं रैंक (91.8 अंक) अर्जित कर विद्यालय व अभिभावकों का का नाम रोशन किया। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। प्रधानाचार्य महेश दत्त तिवाड़ी, प्रबंधक अमन जोशी तथा संरक्षक गोपाल दत्त जोशी ने शिक्षकों व छात्रों को बधाई दी। कक्षा 10 की प्रतिभा सनवाल तथा कक्षा 12 की माही सनवाल दोनों सगी बहनें हैं। छात्र-छात्राओं ने इसका श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजन और स्कूल प्रबंधक को दिया।

हाईस्कूल के टॉप 10 मेधावी

रैंक	
1	प्रियांशी रावत-जेबीएसजीआईसी गंगोलीहाट पिथौरागढ़-500
2	शिवम मलेठा-जनता एचएसएस मानीपुर-रुद्रप्रयाग-498
3	आयुष- एसवीएमआईसी श्रीकोट पौड़ी-495
4	पूर्वांशी ध्यानी-जीएमआईसी धूमाकोट पौड़ी-494
5	अर्चित ढौंढीयाल-जेएसएनएसएनएम इंटर कॉलेज गैरसैंण-493
6	निशा आर्या-डॉ. एलडीबी विवेकानंद वीएमआईसी द्वाराहाट अल्मोड़ा-492
6	शुभम उपाध्याय-पीपीएसवीएमआईसी नानकमत्ता यूएसनगर-492
7	सिद्धार्थ राणा-हिलग्रीन इंटर कॉलेज बारकोट उत्तरकाशी-491
7	मयंक पुरोहित-एसवीएमएचएसएस श्रीनगर पौड़ी-491
7	रजत मारकुना, केएमएसबी हिमालया इंटर कॉलेज चौकोड़ी-491
7	दीक्षा पंत, एचजीएस एसवीएम कुसुमखेड़ा हल्द्वानी-491
8	अनुराग असवाल-न्यू सुमन इंटर कॉलेज, बारकोटी-उत्तराकाशी-491
8	रितिका रावत-लता बाबा इंटर कॉलेज, शिशौंण, रुद्रप्रयाग-491
8	कार्तिक भट्ट-आर्मी स्कूल धारचूला पिथौरागढ़-490
8	अंजू बिष्ट-विवेकानंद वीएमएचएसएस रानीखेत अल्मोड़ा-490
9	युसुफ सिद्दीकी-सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रानीपुर हरिद्वार-489
9	अभिषेक आदर्श-रितेश शर्मा एसवीएमआईसी जानकीनगर कोटद्वार-489
9	अंकिता बिष्ट-एचजीएस एसवीएम कुसुमखेड़ा हल्द्वानी-489
10	शुभम सिंह पंवार-एसबीबीबीवीएस पीएस जगधर पौड़ीखाल टिहरी-488
10	गीतिका पंत-सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज-बागेश्वर-488
10	भावना बिष्ट-एचजीएस एसवीएम आईसी कुसुमखेड़ा हल्द्वानी-488

हाईस्कूल में भावना बिष्ट ने प्राप्त किए 97.6 प्रतिशत अंक

हल्द्वानी, अमृत विचार : हरगोविंद सुयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा भावना बिष्ट ने हाईस्कूल में 97.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है। उनके पिता का देहांत हो गया है। घर बीमे से मिलने वाली राशि से चलता है। भावना ने बताया कि उनकी उपलब्धि में मां पूनम बिष्ट व शिक्षकों का विशेष योगदान है। उन्होंने घर पर नियमित पढ़ाई की और किसी भी विषय का ट्यूशन नहीं लिया। वह आगे की पढ़ाई कॉमर्स माध्यम से करना चाहती हैं, हालांकि उनके स्कूल में यह विषय नहीं है, इसलिए उन्हें अन्य स्कूल का चयन करना होगा। उन्होंने बताया कि वह अपने भाई दिव्यांश बिष्ट व मां के साथ कुसमखेड़ा में किराए के मकान में रहती हैं। उनकी मां गृहणी हैं।

12वीं में रोशनी ने किया स्कूल टॉप

भवाली : जीजीआईसी स्कूल भवाली की छात्रा रोशनी जोशी ने 12वीं की परीक्षा में स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया। उन्होंने 500 में से 429 अंक प्राप्त किए हैं। रोशनी ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों और परिजनों को दिया। रोशनी की मां शांति जोशी वन विभाग में कार्यरत हैं जबकि पिता पूरन चंद जोशी का कुछ समय पूर्व देहांत हो चुका है। साथ ही अध्यापिका बनकर शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के सपने को पूरा करने के लिए हर रोज तीन से चार घंटे पढ़ाई करती है।

प्राची ने प्राप्त किए 94 प्रतिशत अंक

कालाढूंगी : विकासखंड कोटा बाग के दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्र के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोला की छात्रा प्राची नेगी पुत्री खीम सिंह नेगी ग्राम रियाड ने हाई स्कूल में 500 में से 470 यानी 94% अंक प्राप्त कर नाम रोशन किया है। प्राची ने मैथ में 100% अंक प्राप्त किए। प्राची के पिता कृषि कार्य करते हैं। प्राची आईएएस बनना चाहती है। बिना कोचिंग और ट्यूशन के उसने सफलता प्राप्त की है। अपनी सफलता का श्रेय छात्रा ने माता-पिता, प्रधानाचार्य नरेंद्र पटवाल और अध्यापकों को दिया है।

सिविल सेवा में जाना चाहती है नेहा

रामनगर : राजकीय इंटर कालेज मालधन चौड़ की छात्रा नेहा ने इंटर की परीक्षा में 500 में से 460 अंक लाकर मैरिट में 23वां स्थान हासिल किया है। वह कहती हैं कि फिलहाल आगे चलकर सिविल सर्विस में जाएंगी। दिल्ली में पढ़ाई करने के साथ सिविल सर्विसेज की तैयारी करना उनका मकसद है।

इंटर के टॉप 10 मेधावी

रैंक	
1	पीयूष खोलिया-विवेकानंद इंटर कॉलेज रानीधारा रोड अल्मोड़ा-488
1	कंचन जोशी-एचजीएस एसवीएम इंटर कॉलेज कुसुमखेड़ा-488
2	अंशुल नेगी-एपीआईसी जवाहर नगर रुद्रप्रयाग-485
3	हरीश चंद्र-एसवीएमआईसी आवास विकास-ऋषिकेश-480
3	आयुष अवस्थी-गोस्वमी गणेश दत्त सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, उत्तरकाशी-480
4	अभय उपाध्याय-खोलिया विवेकानंद इंटर कॉलेज, गरुड़-बागेश्वर-479
5	सोनाली यादव-तुलाराम राजाराम एसवीएमआईसी काशीपुर-यूएसनगर-478
6	अभिषेक-लता बाबा इंटर कॉलेज शिशौंण, रुद्रप्रयाग-477
7	साक्षी-सनातन धर्म गर्ल्स इंटर कॉलेज रुद्रपुर-476
8	नितिन पोखरियाल-लाला ओमप्रकाश ज्ञानदीप इंटर कॉलेज, लालढांग-हरिद्वार-475
8	दिव्यांशी उपाध्याय-एसवीएमआईसी आवास विकास ऋषिकेश देहरादून-475
8	अंशिका नेगी-एपीआईसी जवाहर नगर-रुद्रप्रयाग-475
8	जलज सिंह बिष्ट-विवेकानंद इंटर कॉलेज-रानीधारा अल्मोड़ा-475
8	आयुषी भट्ट-चिल्ड्रेंस एकेडमी सीनियर सेकेंड्री स्कूल हल्दूचौड़, नैनीताल-475
8	सुमनजीत कौर-श्री गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज रुद्रपुर-यूएसनगर-475
9	आनंद सिंह नौटियाल-सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मायापुर, हरिद्वार-474
9	रिषभ सिंह, जीआईसी चोपता, रुद्रप्रयाग-474
9	रोहित-एपीआईसी जवाहर नगर, रुद्रप्रयाग-474
10	जाकिया-आरएनआई इंटर कॉलेज भगवानपुर-हरिद्वार- 473
10	सिमरन कौर रैना- सीएनआई गर्ल्स इंटर कॉलेज, देहरादून-473
10	सीता नेगी-बीसी निर्माही जीआईसी सब्धरखाल पौड़ी-473
10	हिमांशु मिश्रा- जीआईसी भिंगड़ा-चंपावत-473
10	किरन भट्ट- जीआईसी आरासालपड़ अल्मोड़ा-473

उत्तराखंड बोर्ड का परीक्षाफल मंगलवार को घोषित हुआ, जिसमें इस बार भी छात्राओं ने बाजी मारी है। इसी क्रम में बनभूलपुरा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में स्कूल टॉप करने के बाद खुशी से हवा में उछलती छात्राएं। ● अमृत विचार

इस बार बेहतर रहा परिणाम

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : वर्ष 2021 के कोरोनाकाल के परिणाम को छोड़ दें तो हाईस्कूल के परीक्षाफल ने इस बार पिछले पांच वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ा है। 12वीं का परीक्षा परिणाम पिछले पांच वर्ष में बेहतर तो रहा, लेकिन 2022 के रिकॉर्ड के बराबरी पर आकर रुक गया।

दसवीं कक्षा में इस बार परीक्षार्थियों की सफलता का प्रतिशत पांच वर्षों में बेहतर रहा। वर्ष 2021 में सफलता 99.09 प्रतिशत रहा, जो इस बार से करीब 10 प्रतिशत अधिक है। 2021 कोरोना काल था, जिसमें स्कूल बंद रहने के कारण बगैर बोर्ड परीक्षाएं कराए परिणाम दिए गए थे। उस समय अर्द्धवार्षिक परीक्षा के अंकों के आधार पर परिणाम आया था। इंटर में भी यही स्थिति मानें तो यह पिछले पांच वर्ष में बेहतर परिणाम है। हालांकि इंटर में इस वर्ष सफलता का प्रतिशत (82.63) वर्ष 2022 की बराबरी कर सका।

हाईस्कूल में पांच वर्षों का परीक्षा परिणाम

साल	परीक्षार्थी	पास	प्रतिशत
2020	1,47155	1,13191	76.91
2021	1,47725	1,46386	99.09
2022	1,27895	99,091	77.47
2023	1,27844	1,08890	85.17
2024	1,12377	1,00179	89.14

इंटरमीडिएट में पांच वर्षों का परीक्षा परिणाम

साल	परीक्षार्थी	पास	प्रतिशत
2020	1,19164	95,645	80.26
2021	1,21705	1,21171	99.56
2022	1,11688	92,296	82.63
2023	1,23945	1,00380	80.98
2024	92,020	76039	82.63

हाईस्कूल और इंटर में कुमाऊं के परीक्षार्थियों का दबदबा

02 सौ 17 में से कुमाऊं मंडल के 115 छात्र-छात्राओं ने पाया हाईस्कूल की मेरिट लिस्ट में स्थान, गढ़वाल के 102 छात्र ही शामिल

01 सौ 65 छात्र-छात्राओं ने इंटरमीडिएट की मेरिट लिस्ट में बनाई जगह, इनमें 93 कुमाऊं और 72 गढ़वाल के छात्र

89 .14 प्रतिशत रहा प्रदेश में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम, 85.59 प्रतिशत छात्र और 92.54 प्रतिशत छात्राएं हुए उत्तीर्ण

82 .63 प्रतिशत रहा इंटरमीडिएट का प्रदेश में परीक्षाफल, इसमें 78.97 प्रतिशत छात्र और 85.96 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में इस बार भी कुमाऊं मंडल के परीक्षार्थियों का दबदबा रहा। हाईस्कूल की मेरिट लिस्ट में 217 में से कुमाऊं के 115 छात्र-छात्राओं ने स्थान पाया है। जबकि गढ़वाल मंडल के 102 छात्र ही लिस्ट में स्थान पाने में कामयाब रहे। वहीं इंटरमीडिएट की 165 की लिस्ट में कुमाऊं के 93 व गढ़वाल के 72 छात्र-छात्राएं स्थान पाने में सफल रहे।

मेरिट लिस्ट पर नजर दौड़ाई जाए तो यहां भी दोनों स्थानों पर छात्राओं ने छात्रों को पीछे छोड़ा है। आंकड़ों के अनुसार हाईस्कूल की मेरिट लिस्ट में 217 बच्चों में से 120 में छात्राओं ने अपना नाम दर्ज कराया है। जबकि 95 छात्रों को ही सूची में जगह मिल पाई है। इसी तरह इंटरमीडिएट में भी मेरिट सूची में 165 बच्चों में से 100 में छात्राओं और 65 में छात्रों को जगह मिल पाई है। इधर, इंटरमीडिएट और हाईस्कूल के परीक्षा परिणामों में प्रदेश में कुमाऊं का बागेश्वर जिला पहले स्थान पर रहा। हाईस्कूल परीक्षा में जनपद बागेश्वर कुल 95.42 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रहा। जबकि इंटर में भी बागेश्वर जिला 93 प्रतिशत के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर रहा।

सफलता

▸▸ बागेश्वर जनपद के छात्र-छात्राओं ने सर्वाधिक अंक लाकर सबको पीछे छोड़ा

सभापति ने सभी को दी बधाई

रामनगर, अमृत विचार : उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के निदेशक/सभापति महावीर सिंह बिष्ट ने कड़ी मेहनत से कम समय में परीक्षाफल निकालने पर सभी शिक्षकों, बोर्ड के अधिकारियों व कार्मिकों को बधाई। उन्होंने परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई देने के साथ-साथ असफल रहे छात्रों से सुधार परीक्षा में जुटकर सफलता प्राप्त करने के लिए शुभकानाएं दीं। परीक्षा परिणाम घोषित होने से पूर्व परीक्षाओं से लेकर परिणामों की बेहतर कवरेज देने के लिए सभापति महावीर सिंह बिष्ट एवं सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने मीडिया कर्मियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

प्रियांशी रावत की सफलता पर मिठाई खिलाते परिजन। ● अमृत विचार

पायलट बनना चाहती है प्रियांशी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जेबीएसजीआईसी गंगोलीहाट की 10वीं कक्षा की छात्रा प्रियांशी ने उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में पहला स्थान प्राप्त किया है।

प्रियांशी ने 10वीं की परीक्षा में 500 में से 500 अंक प्राप्त किए हैं। पांचों विषय में शत-प्रतिशत अंक लाकर प्रियांशी ने सफलता के झंडे गाड़ दिए। प्रियांशी का परिवार बेरीनाग में रहता है। उनके पिता राजेश रावत साल 2019 में भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए हैं। वह बेरीनाग व्यापार संघ के अध्यक्ष भी हैं। मां रजनी रावत साधना पब्लिक स्कूल बेरीनाग में अध्यापिका हैं। छोटा भाई वैभव रावत आठवीं का छात्र है जो साधना स्कूल में ही पढ़ाई करता है।

प्रियांशी ने बताया कि वह नियमित तौर पर चार से पांच घंटे तक अध्ययन करतीं थीं। उनका सपना एयरफोर्स में पायलट बनना है। परिवार में पिता के अलावा अन्य रिश्तेदार भी रक्षा क्षेत्र में नौकरी कर रहे हैं। इस वजह से उनकी दिलचस्पी भी रक्षा क्षेत्र में ही नौकरी करने की है। बताया कि उनकी सफलता में मां का बहुत योगदान है। इधर, प्रियांशी की सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पिता राजेश ने बताया कि उन्हें प्रियांशी की सफलता पर गर्व है।

विवेकानंद इंटर कॉलेज में पीयूष को मिठाई खिलाते शिक्षक और परिजन।

दृढ़ संकल्प से पीयूष का सपना पूरा

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : अल्मोड़ा के स्यूनारी नौला निवासी पीयूष खोलिया ने उत्तराखंड बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में 500 में से 488 अंक प्राप्त कर 97.60 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश की वरीयता सूची में पहला स्थान प्राप्त किया है।

नगर के विवेकानंद इंटर कॉलेज रानीधारा के छात्र पीयूष खोलिया बचपन से ही मेधावी रहे हैं। उनके पिता केएस खोलिया पेशे से शिक्षक थे। वर्ष 2017 में पीयूष जब छोटे थे तब किसी बीमारी के कारण उनके पिता का निधन हो गया था। पीयूष ने अपनी माता भवगती खोलिया जो विवेकानंद बालिका विद्या मंदिर में शिक्षिका हैं के सानिध्य में रहकर अपने लक्ष्य को हासिल करने का दृढ़ संकल्प लिया।

पीयूष बताते हैं कि उन्होंने हाईस्कूल से पूर्व ही बॉयो फील्ड में रिसर्च के जरिए साइंटिस्ट बनकर देश सेवा करने की ठान ली थी। जिसे पाने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की। परीक्षा की तैयारियों के लिए उन्होंने कभी ट्यूशन का सहारा नहीं लिया। अपनी सफलता का श्रेय माता और शिक्षकों को दिया है। पीयूष की इस सफलता से परिजनों और विद्यालय में खुशी का माहौल है।

इंटरमीडिएट में प्रदेश में टॉप करने पर कंचन को मिठाई खिलाते परिजन।

कंचन जोशी ने 12वीं में किया टॉप

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हरगोविंद सुयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा कंचन जोशी ने इंटरमीडिएट में 97.60 प्रतिशत अंक लाकर कर प्रदेश में टॉप किया है। कंचन के पिता धर्मेंद्र जोशी एक निजी कंपनी में सुरक्षा गार्ड हैं। बेटी के प्रदेश में सबसे अधिक अंक आने पर धर्मेंद्र भावुक हो उठे।

कंचन की माता खष्टी जोशी गृहणी हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य खीम सिंह बिष्ट ने कहा कि कंचन मेधावी छात्रा है। छुट्टियों में भी उसने काफी मेहनत की। इस बात का यकीन था कि वह मेरिट में आएगी, लेकिन प्रदेश स्तर पर टॉप किया, इससे बहुत खुशी है।

कंचन ने बताया कि उन्हें स्वयं भी यकीन नहीं था कि प्रदेश में उनके सबसे अधिक नंबर आएंगे। वह तीन विषयों भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित की ट्यूशन लेती थी। उनके छोटे भाई अखिलेश जोशी ने भी हाईस्कूल में 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

कंचन इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहती हैं। उन्होंने जेईई मेन्स परीक्षा भी उत्तीर्ण कर ली है। आगामी 26 मई को उनका एडवांस का पेपर है। उन्होंने इंटर में टॉप करने की सफलता दादा को समर्पित की है।

पढ़ाई में किया ध्यान केंद्रित और हासिल की सफलता

हल्द्वानी, अमृत विचार : शिशु भारती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गौजाजाली बरेली रोड के हाईस्कूल के छात्र हर्षित केसरवानी ने 97.4 प्रतिशत अंक हासिल कर मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने गणित में शत-प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। बताया कि स्वाध्याय के बलबूते उन्होंने मेरिट में स्थान हासिल किया है। हर्षित ने बताया कि गणित उनका सबसे पसंदीदा विषय है। उन्होंने गणित के अध्यापक संजय जोशी को भी अपनी सफलता का श्रेय दिया। हर्षित के पिता राजकुमार केसरवानी दुकान चलाते हैं और माता सुषमा देवी गृहिणी हैं। उन्हें माता-पिता से सबसे अधिक प्रेरणा मिलती है। वह विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों को अपनी सफलता का श्रेय दिया है। हर्षित ने बताया कि विद्यालय में कराए जाने वाले ध्यान के कारण वह अधिक मनोयोग से पढ़ाई कर पाए। प्रधानाचार्य दया रावत ने बताया कि हर्षित छोटी कक्षा से ही पढ़ने में अच्छा है। सभी शिक्षक उसकी प्रशंसा करते हैं। इधर, हाईस्कूल में 28 और इंटरमीडिएट में 24 बच्चों ने भी प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है।

हर्षित को मिठाई खिलाते परिजन व प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

पिता-गुरुजनों की प्रेरणा से हर्षिता ने बनाई मेरिट में जगह

हल्द्वानी, अमृत विचार : राजकीय इंटर कॉलेज हरिपुर जमन सिंह में हाईस्कूल की छात्रा हर्षिता पंत ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर मेरिट सूची में स्थान पाया है। उन्होंने गणित में 99 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। हर्षिता ने बताया कि वह लगभग 10 घंटे अध्ययन करती हैं। शिक्षकों ने बहुत सहयोग किया, जिस कारण वह सफल हो पाई। उन्होंने गणित को अपना पसंदीदा विषय बताया। कहा कि उन्हें विज्ञान में भी बहुत रूचि है। उन्होंने अपने पिता व गुरुजनों को प्रेरणास्त्रोत बताया। हर्षिता के पिता रमेश चंद्र सितारगंज में प्राइवेट नौकरी करते हैं और माता गृहिणी हैं। हर्षिता ने बताया कि उन्हें पिता से बहुत सहयोग मिलता है और वह उन्हें पढ़ाई करने व आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। हर्षिता ने बताया कि वह इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जाना चाहती हैं। हर्षिता ने बताया कि पढ़ाई के अलावा उन्हें ड्राइंग करना पसंद है। विद्यालय के अभिभावक संघ के अध्यक्ष ललित मोहन भट्ट ने हर्षिता को सफलता पाने पर शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

हर्षिता को मिठाई खिलाते परिजन। ● अमृत विचार

हाईस्कूल में ऋतिका ने हासिल किया 18वां स्थान

हल्द्वानी, अमृत विचार : जीजीआईसी लामाचौड़ की हाईस्कूल की छात्रा ऋतिका ने मेरिट सूची में 18वां स्थान हासिल किया है। उन्होंने 96 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। ऋतिका ने आईटी में 99 प्रतिशत व विज्ञान में 98 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं। बताया कि परीक्षा से पहले उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बना ली थी। वह दिनभर में केवल आधा घंटा सोशल मीडिया का उपयोग करती थी। यही कारण है वह पढ़ाई में ध्यान केंद्रित कर पाईं। सोशल मीडिया का अधिक उपयोग ध्यान भटकाता है। वह 6 से 7 घंटे पढ़ाई करती हैं। परिवार और शिक्षकों का उन्हें बहुत सहयोग मिला। ऋतिका के पिता महेश चंद्र पशुपालन विभाग में कार्यरत हैं और माता लता पंत गृहिणी हैं। ऋतिका ने बताया कि विद्यालय में पढ़ाई का बहुत अच्छा माहौल है। शिक्षक बहुत मनोयोग से पढ़ाते हैं। जिन प्रश्नों में विद्यार्थियों को दिक्कत होती है, उन्हें हल करवाने के लिए शिक्षक अलग से कक्षा का संचालन करते हैं। वह आगे जाकर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर बनाना चाहती हैं। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों के साथ ही ट्यूशन पढ़ाने वाले शिक्षक को भी सफलता का श्रेय दिया।

ऋतिका को मिठाई खिलाते परिजन। ● अमृत विचार

शोएब ने इंटर में प्राप्त किए 93 प्रतिशत अंक

हल्द्वानी : हरगोविंद सुयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र मोहम्मद शोएब ने 12वीं के प्रीबोर्ड परीक्षा के नतीजों से सबक लिया, जिसके बाद उन्होंने इंटरमीडिएट में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में 18वां स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि प्रीबोर्ड में उनके रसायन व भौतिक विज्ञान में 25-25 नंबर आए थे, जिसके बाद उन्होंने काफी मेहनत की और अब उनके रसायन विज्ञान में 70 अंकों में से 64 और भौतिक विज्ञान में 60 अंक आये। शोएब ने बताया कि हाईस्कूल में उनकी मेरिट आई थी, जिसके बाद वह पढ़ाई के प्रति लापरवाह हो गए थे। योगेश सिंह मेहरा, नीरज कुमार मठपाल आदि शिक्षकों को यकीन था कि अच्छा कर सकता हूं, इसलिए सभी डांटते और पढ़ाई में मन लगाने को कहते थे। जब बनभूलपुरा में हिंसा हुई तो उन्हें सपरिवार अपने घर काशीपुर जाना पड़ा, लेकिन उसी दौरान स्कूल में प्रैक्टिकल आदि चल रहे थे तो काशीपुर से आकर प्रैक्टिकल दिए, जिसमें स्कूल के शिक्षकों ने बहुत सहयोग दिया। शोएब के पिता मोहम्मद समद ब्लॉक क्षेत्र में कपड़े की दुकान चलाते हैं, जबकि माता आबिदा परवीन गृहणी हैं।

उत्तराखंड बोर्ड | हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में हर साल घट रही है परीक्षार्थियों की संख्या

परीक्षार्थियों का घटना परिषद के लिए चिंताजनक

विनोद पपनै, रामनगर

अमृत विचार : उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षाओं में साल दर साल परीक्षार्थियों की संख्या घट रही है, जो चिंता का विषय है। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के आंकड़ों के मुताबिक हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में परीक्षार्थियों की संख्या हर साल घट रही है। वर्ष 2020 में हाईस्कूल की परीक्षा में संस्थागत एवं व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की संख्या 147,155 थी। जबकि वर्ष 2021 में यह संख्या 147725 रही। वर्ष 2022 में 127895 और 2023 में 127844 थी, लेकिन वर्ष 2024 में यह घट कर 112377 पहुंच गई।

इसी तरह इंटरमीडिएट में भी वर्ष 2020 में परीक्षार्थियों की संख्या 119164 थी जो 2021 में घटकर 121705 पहुंच गई। वर्ष 2022 में परीक्षार्थियों की संख्या 111688 पहुंची। वर्ष 2023 में थोड़ा ग्राफ बड़ा तो संख्या123945 पहुंच गई। लेकिन वर्ष 2024 में संख्या घट कर 92020 पहुंच गई। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के अंतर्गत परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राओं की साल दर साल संख्या घटना काफी चिंताजनक है। ऐसा नहीं है कि हिंदी मीडियम के विद्यालयों में बच्चों की शिक्षा-दीक्षा में शिक्षक कोई कमी छोड़ रहे हों। मगर शिक्षा के बाजारीकरण की दिशा में कदम रखने से अभिभावक अपने बच्चों को सीबीएसई स्कूलों की ओर दाखिला दिलाने में अधिक दिलचस्पी दिखा रहे हैं। हिंदी मीडियम विद्यालयों में पढ़े-लिखे बच्चे आज भी देश के उच्च पदस्थ स्थानों में हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह हिंदी स्कूलों में भी बेहतर शिक्षा दिए जाने के संदेश की अलख घर-घर जगाने के लिए मुहिम चलाए। यदि इस दिशा में कोई कारगर पहल नहीं की गई तो साल दर साल बच्चों की घटती संख्या उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के भविष्य के लिए चिंता का विषय बन जाएगी।

> हर साल परीक्षार्थियों की संख्या में कमी आना चिंता का विषय जरूर है। इसके लिए जल्द शिक्षकों व शिक्षा अधिकारियों की बैठक में चिंतन किया जाएगा। – **विनोद प्रसाद सिमल्टी**, सचिव उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर

> उत्तराखंड बोर्ड से संचालित होने वाले विद्यालयों में से प्रत्येक ब्लॉक से 2 विद्यालय अटल उत्कृष्ट घोषित कर दिए गए हैं। ये विद्यालय केंद्रीय सीबीएसई से संचालित होते हैं। इसलिए संख्या कम हुई। – **नवेंदु मठपाल**, प्रांतीय नेता, राजकीय शिक्षक संघ

गार्गी ने प्रदेश में हासिल किया 21वां स्थान

हल्द्वानी, अमृत विचार : राजकीय इंटर कॉलेज देघाट (अल्मोड़ा) की हाईस्कूल की छात्रा गार्गी बिष्ट ने प्रदेश की मेरिट सूची में 21वां स्थान हासिल किया है। गार्गी ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। गार्गी के पिता महेंद्र सिंह बिष्ट राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरिपुर शिवदत्त में सहायक अध्यापक हैं। बताया कि रिवीजन के दम पर उन्होंने सफलता हासिल की है। गार्गी सिविल सर्विस के क्षेत्र में जाना चाहती हैं। उन्हें रात में पढ़ना ज्यादा पसंद है। कुछ माह पहले ही उनके नाना का देहांत हो गया। जिससे उनकी पढ़ाई में व्यवधान आया था। बताया कि वह डॉग लवर हैं। उनके डॉग की मृत्यु के बाद वह कई दिनों तक डिप्रेशन में रहीं। जैसे ही परीक्षाओं के दिन नजदीक आए तो उन्होंने अपना रिवीजन शुरू कर दिया। उन्होंने विज्ञान में 100 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। साथ ही हिंदी में 98, अंग्रेजी में 95, गणित में 92 और एसएससी में 92 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। उन्होंने माता-पिता के साथ ही शिक्षक केदार सिंह को अपनी सफलता का श्रेय दिया है।

जंगलों की आग को शांत नहीं कर सकी कुछ देर की बारिश

विगत एक पखवाड़े से धधक रहे हैं नैनीताल जिले के जंगल, सोमवार की रात हुई बारिश से वनाग्नि में आंशिक रूप से हुई रोकथाम

खतरा बरकरार

▸▸ हल्द्वानी से सटे जंगलों के साथ ही मुक्तेश्वर, ज्योलीकोट में अच्छी बारिश हुई

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नैनीताल जिले के जंगलों में लग रही आग से वन विभाग, जिला प्रशासन और आमजन परेशान है। जंगली जानवरों पर लगातार खतरा बना हुआ है। अग्निशमन दल, वन विभाग से लेकर वायुसेना तक आग बुझाने में जुटी रही, लेकिन वनाग्नि काबू में नहीं पाई। ऐसे में सोमवार की रात हुई बारिश से नैनीताल जिले में वनाग्नि की घटनाओं पर कुछ हद तक रोक लगी है, जिससे अधिकारियों और लोगों ने राहत की सांस ली है।

जिले में इस वर्ष वनाग्नि की घटनाओं ने सभी को चिंतित कर दिया है। इस साल अब तक 1524 वनाग्नि की घटनाएं हो चुकी हैं, जो इस समयावधि में पिछले साल की तुलना में सात गुना अधिक हैं। वनाग्नि की वजह से जिले की हवा की गुणवत्ता भी खराब होने लगी थी। वायु गुणवत्ता सूचकांक 80 तक पहुंच गया था। आसमान में नीली धुंध छा गई थी। पर्वतीय क्षेत्रों से हल्द्वानी की ओर देखने पर साफ तौर से धुआं दिख रहा था। वनाग्नि से निपटने के लिए वन विभाग, अग्निशमन दल लगातार प्रयास कर रहा था, लेकिन गर्मी की वजह से वनाग्नि की घटनाएं बढ़ती जा रहीं थीं। यहां तक की वायुसेना ने भी भीमताल की झील से पानी लेकर वनाग्नि पर डालना शुरू किया था। इधर, सोमवार की रात अचानक मौसम खराब हुआ और हल्द्वानी से सटे जंगलों के साथ ही मुक्तेश्वर, ज्योलीकोट और नैनीताल में अच्छी बारिश हुई। बारिश की वजह से वनाग्नि की घटनाओं पर रोकथाम लगी है। वन विभाग ने फिलहाल राहत की सांस ली है। साथ ही सूख चुके जंगलों में कई जगह नमी बन गई है। अपर प्रमुख वन संरक्षक वनाग्नि निशांत वर्मा ने बताया कि सोमवार की रात नैनीताल जिले के जंगलों के कुछ हिस्से में बारिश हुई है। इस वजह से वनाग्नि के अलर्ट की संख्या मंगलवार को कम रही है। सूत्रों के अनुसार वन विभाग को अन्य जगह वनाग्नि से निपटने में काफी राहत मिली है। हालांकि मंगलवार को भी कई जगहों पर वनाग्नि की घटनाएं हुईं, जिस पर नियंत्रण पाने में वन विभाग जुटा रहा।

नैनीताल के पास भीमताल के तल्ला ढुंगशिल व देवीधुरा मनोर रेंज के जंगलों में लगी आग। ● अमृत विचार

पानी का छिड़काव करके आग को बुझाते वन कर्मचारी। ● अमृत विचार

वनों में आग लगाने वालों की दें सूचना

हल्द्वानी : वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम के लिए वन विभाग ने लोगों के साथ संवाद किया। हल्द्वानी वन प्रभाग अन्तर्गत विभिन्न पांच राजियों छकाता, नन्धौर, जौलासाल, डांडा और शारदा में अभियान चलाया गया। जौलासाल राजि अंतर्गत वन क्षेत्राधिकारी सुनील शर्मा ने अपने व्हॉटसएप पर ग्रुप की जानकारी दी, जिसमें कई लोगों को जोड़ा गया है। इसमें वनाग्नि से जुड़ी जानकारी साझा की जाती है। नन्धौर रेंज वन क्षेत्राधिकारी भूपाल सिंह मेहता ने स्कूलों में भी जाकर बच्चों को जानकारी दी। शारदा राजि के वन क्षेत्राधिकारी पीसी जोशी ने बताया कि समीपवर्ती सभी क्षेत्रों में नियमित गश्त की जा रही है। कहा कि वनों में किसी भी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ न लायें। जलती बीड़ी, सिगरेट जंगल में न फेंके। यदि कोई व्यक्ति जंगल में आग लगाये तो उसे रोकें और शरारती एवं असमाजिक तत्वों को पकड़ने में वन कर्मियों को सहयोग करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उसे पुरस्कार भी दिया जाएगा।

भीमताल और देवीधुरा के जंगलों में लगी आग

नैनीताल : जंगलों की अब आग वन विभाग के लिए सिर दर्द बन चुकी है। बीते सप्ताह भर से नैनीताल, भीमताल, मुक्तेश्वर, मनोरा के जंगलों में आग लगने का सिलसिला तेजी से बढ़ रहा है। सोमवार देर रात भीमताल के तल्ला ढुंगशिल, देवीधुरा मनोर रेंज के जंगलों में आग लग गई। आग लगने के बाद स्थानीय ग्रामीण आग बुझाने में जुटे रहे लेकिन आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने देर रात तक काबू पाने का प्रयास किया लेकिन जंगल में आग फैल गई। वहीं देर रात हुई रिमझिम बारिश के बावजूद भी जंगलों में लगी आग नहीं बुझ पाई। हालांकि कुछ स्थानों पर लगी आग बारिश की फुहारों से बुझ गई जिससे वन विभाग ने चैन की सांस ली। मंगलवार को भी देवीधुरा समेत आसपास के जंगलों में तेज हवा ने आग को दोबारा सुलगा दिया। देखते ही देखते गांव के समीप ही भयानक आग धधक गई, जिसको ग्रामीणों ने किसी तरह बुझा दिया। आग लगने से क्षेत्र में धुआं फैला रहा। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। पेड़ों में लगी आग को भी जल्द ही बुझा दिया जाएगा।

बीते वर्ष की अपेक्षा आग की घटनाओं में बढ़ोतरी

वन संरक्षक उत्तरी वृत्त टीआर बीजू लाल ने बताया कि बीते वर्ष की अपेक्षा में जंगलों में आग लगने की घटना में बढ़ोतरी देखने को मिली है। वन विभाग के कर्मचारी और अधिकारी आग बुझाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। जंगलों को सुरक्षित बचाने के लिए वन विभाग दमकल कर्मी, एनडीआरएफ की टीमों को लगाया गया है। बीते सप्ताह भर के बाद अब आग लगने की घटनाओं में कमी देखने को मिली है।

चाय के बागान में वनाग्नि से जले पौधे

भवाली। वनाग्नि की चपेट में आकर धारी के पुट गांव में चाय बागान के 7 हजार से अधिक पौधे जलकर नष्ट हो गए, जिससे चाय बागान को भारी नुकसान हुआ है। बागान के मैनेजर नवीन चन्द्र पांडे ने बताया कि वनाग्नि से काफी पौधे जल गए हैं। एक साल पहले ही 25 हजार पौधे लगाए थे, जिसमें 7 हजार से अधिक पौधे पूरी तरह जल गए हैं। उन्होंने कहा कि चाय के पौधे पांच साल में पत्तियां देने लगते हैं, जिसके बाद हर साल ग्रोथ बढ़ती जाती है। वनाग्नि से एक साल में ही पौधे जल गए हैं।

सार-संक्षेप

नौकुचियाताल में आयोजित नेत्र शिविर में जांच करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

100 से अधिक लोगों ने कराई आंखों की जांच

भीमताल : भीमताल के समीप नौकुचियाताल में शुभानु अस्पताल के तत्वावधान में आंखों का कैंप आयोजित हुआ। इस दौरान 100 से अधिक लोगों ने आंखों की जांच कराई। शुभानु अस्पताल के डॉ. पांगती ने बताया कि सभी मरीजों का मोतियाबिंद रेटिना पर्दे सहित सभी रोगों का आयुष्मान कार्ड या गोल्डन कार्ड द्वारा निशुल्क इलाज किया जाएगा और आंखों का कैंप भी निशुल्क है। मार्केटिंग अधिकारी आनंद सिंह, योगेश जोशी, जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया, वर्तमान सभासद रामपाल सिंह गंगोला आदि लोग मौजूद थे।

आज से नंबर से संचालित होंगी बोट

भीमताल : बोट चालक कल्याण समिति भीमताल की बैठक अध्यक्ष देवेंद्र फर्त्याल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बोट संचालन के समय से लेकर संचालन प्रक्रिया पर चिंतन किया गया। तय किया गया कि एक मई से जून अंत तक सवेरे 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक बोटों का संचालन किया जाएगा। वहीं बोट संचालन करने के लिए रजिस्टर पकड़ने वाली की ड्यूटी 7:30 बजे तक रहेगी। एक मई से सभी बोट अपने नंबर से संचालित की जाएंगी, जिसका नंबर होगा वहीं बोट संचालित होगी। इस दौरान तय किया गया कि सीजन को देखते हुए चार बोटों को एक आदमी चला पाएगा और इस पर परिवर्तन समय को देखकर किया जा सकता है। बैठक में रफीक उल्ला, सुभाष चंद्र, आशु पडियार, मनोज कुमार आर्य, तेजिंदर, सलीमुल्लाह, रमेश चंद भट्ट आदि मौजूद थे।

संदिग्ध परिस्थितियों में बाइक में आग लगी

भीमताल : मल्लीताल बाजार में मंगलवार को उस समय भयंकर हादसा होते होते बच गया जब हल्द्वानी जा रही मोटरसाइकिल में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। स्थानीय व्यापारी भारत लौशाली ने बताया कि बीच बाजार में अचानक बाइक की टंकी में आग लग गई। प्रारंभ में आग कम थी तो आनन फानन में उपकरणों से टंकी को खोल दिया गया। टंकी के खोलते ही पूरी टंकी ने आग पकड़ ली और देखते देखते पूरी टंकी जल गई। अलबत्ता बाइक का इंजन और अन्य पार्ट सुरक्षित रहे। इधर बाइक सवार के बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी।

गोशाला में आग लगने से दो गायों की मौत

लालकुआं : सोमवार अर्धरात्रि आए अंधड़ के दौरान बिंदुखत्ता के पटेल नगर में गोशाला में आग लगने से दो गायों की जलकर मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से झुलस गई, उक्त अग्निकांड में कृषक का भारी नुकसान हुआ है। पटेलनगर बिंदुखत्ता निवासी केसर राम की गोशाला में रात्रि लगभग 1 बजे आग लग गई। अचानक आयी आंधी ने आग में घी का काम किया। चंद मिनट में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते आग से गोशाला में रखे बर्तन, अनाज और भूसा सहित सभी भारी मात्रा में सामान जल कर राख हो गया। गोशाला में बंधी तीन गायों में से दो की मौके पर ही जलकर मौत हो गई, जबकि तीसरी बुरी तरह झुलस गई, जिसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, तहसीलदार लालकुआं मनीषा बिष्ट और उप राजस्व निरीक्षक लक्ष्मी नारायण यादव दलबल के साथ पहुंचकर पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

परीक्षा तिथि में बदलाव को लेकर कुलपति का घेराव

नैनीताल : परीक्षा की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर हल्दूचौड़ महाविद्यालय के छात्र नेता व विद्यार्थी कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन पहुंचे। जहां उन्होंने महाविद्यालय के प्राध्यापकों से सिलेबस पूर्ण नहीं कराने की बात की, जिसके बाद कुविवि के छात्रहितों को देखते हुए एनईपी के अंतर्गत आने वाले स्नातक बीए, बीकॉम व बीएससी द्वितीय व चतुर्थ की दो से पांच मई तक होने वाली परीक्षाएं स्थगित की हैं। पुलिस बल की माजूदगी में छात्रसंघ अध्यक्ष कार्तिक रजवार व महासंघ उपाध्यक्ष सचिन फुलारा ने कहा कि महाविद्यालय में प्राध्यापकों ने सिलेबस पूरा नहीं कराया है। इधर कुलपति प्रो. डीएस रावत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्नातक बीए, बीएससी व बीकॉम की दो से पांच मई तक होने वाली परीक्षाएं स्थगित की हैं। साथ ही प्राचार्य व प्रवक्ताओं को अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर सिलेबस पूर्ण करने को कहा है। बैठक में कुलसचिव दिनेश चंद्रा, प्रो. संजय पंत, प्रो. एचसीएस बिष्ट, प्रो. नीता बोरा, डॉ. दीपक मेलकानी, डॉ. मोहित रौतेला के अलावा एलबीएस के छात्रनेता पीयूष जोशी, संदीप सिंह, अमित सिंह, विनीत, करन दुम्का आदि मौजूद रहे।

प्रिंसी को मिला मैरिट में स्थान

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार : गोस्वामी सरस्वती विद्या मंदिर कालाढूंगी की छात्रा प्रिंसी मेहता ने हाईस्कूल की मेरिट लिस्ट में 22 वां स्थान प्राप्त किया है। प्रिंसी ने विज्ञान में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं।

प्रिंसी कालाढूंगी बंदोबस्ती निवासी सुनील मेहता एवं नीमा मेहता की पुत्री हैं। प्रिंसी ने इस उपल्ब्धि का श्रय अपने शिक्षकों सहित माता-पिता को दिया है। बता दें कि प्रिंसी डॉक्टर बनना चाहती है। इसी विद्यालय की दीपशिखा ध्यानी ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया है। दीपशिखा छोटी हल्द्वानी निवासी जगदीश चंद्र ध्यानी की पुत्री हैं। प्रधानाचार्य भैरवदत्त सत्यवली, शिक्षक हरीश जोशी, त्रिलोक बण गोस्वामी, अंजली बेलवाल, अनीता, सूरज, कमल आदि ने प्रसन्नता व्यक्त कर हाईस्कूल एवं इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को बधाई दी है।

हाईस्कूल की छात्रा प्रिंसी एवं दीपशिखा। ● अमृत विचार

ज्ञान प्रकाश इंटर कॉलेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन : धमोला स्थित ज्ञान प्रकाश इंटर कॉलेज की में हाईस्कूल में दीपक नेगी, वैशाली, अरमान, करिश्मा, मधु एवं इंटमिडिएट में तरुण जोशी, तानिया, अमित पौल दीक्षा, निकिता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी को स्कूल स्टाफ ने बधाई दी है।

तीन क्विंटल से अधिक कचरा एकत्र किया

रामनगर : कानिया की प्रधान सुनीता घुघत्याल व री-परपज ग्लोबल के सहयोग से वेस्ट वॉरियर्स संस्था, ईएसटीसी संस्थान व आईटीआई की ओर से कॉर्बेट के कानियां पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाया।

तीन क्विंटल से अधिक कचरा एकत्र किया गया। बता दें कि वेस्ट वारियर्स संस्था द्वारा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम कानिया में पर्यावरण सखी के माध्यम से 2 वर्ष से कचरा प्रबंधन कार्य किया जा रहा है। अभियान में प्रधान सुनीत घुगतियाल, सुरेश घुगतियाल, बंसी पांडे, सेमवाल, भुवन चंद्रा, राजेश गोस्वामी, प्रदीप कुमार, जितेंद्र प्रसाद, सोनी बिष्ट और रूपा बंगारी समेत 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

पदकों के साथ उत्तराखंड की टीम। ● अमृत विचार

महाराष्ट्र में पदकों की झड़ी लगाकर लौटी प्रदेश की टीम

रामनगर : महाराष्ट्र में आयोजित आठवीं मॉर्डन पेंथाथलन लेजर नेशनल चैम्पियनशिप में उत्तराखण्ड की टीम ने पदकों की झड़ी लगा दी। डिविजनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स अमरावती महाराष्ट्र में 26 से 29 अप्रैल तक सम्पन्न प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड के 15 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर 5 गोल्ड, 2 रजत, कुल 7 पदक प्राप्त किए। जिसमें मास्टर बी मेंस में नन्दन सिंह नेगी ने स्वर्ण, मास्टर महिला ए में उत्तराखण्ड पुलिस देहरादून की संगीता चौहान ने स्वर्ण, अल्का वर्मा ने रजत, अंडर 19 गर्ल्स में कोमल रामनगर ने स्वर्ण, अंडर 17 बॉयज में सक्षम प्रताप सिंह काशीपुर ने स्वर्ण, अंडर 19 में सबमन्यु लटवाल रामनगर ने स्वर्ण, सीनियर महिला में उत्तराखंड पुलिस देहरादून की ममता खाती ने रजत, अंडर 15 बॉयज में आदित्य नेगी ने रजत प्राप्त कर उत्तराखंड का नाम रोशन किया।

मजदूर दिवस की पूर्व संध्या पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : मजदूर दिवस की पूर्व संध्या पर ज्योतिबा फुले सांयकालीन स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मई दिवस के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत 1886 में मजदूर आंदोलन के शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण से हुई।उसके पश्चात सामूहिक रूप से हम मेहनतकश जग वालों से अपना हिस्सा मांगेंगे और पढ़ना लिखना सीखो ओ मेहनत करने वाले गीत से हुई।

उसके पश्चात रचनात्मक शिक्षक मंडल संयोजक नवेंदु मठपाल ने मई दिवस के इतिहास की जानकारी देते हुए बताया कि 1886 में 1 मई को ही अमेरिका के शिकागो शहर में हजारों मजदूरों ने एकजुटता दिखाते हुए प्रदर्शन किया था। उनकी मांग थी कि मजदूरी का समय 8 घंटे निर्धारित किया जाए और हफ्ते में एक दिन छुट्टी हो। इससे पहले मजदूरों के लिए कोई समय-सीमा नहीं थी। शिक्षक नेता नंदराम आर्य ने कहा आज हम सबको शहीदों से प्रेरणा ले अपने अधिकारों के लिए एकजुट हो संघर्ष करना होगा। विद्यालय की शिक्षिका शबनम ने महिला मजदूरों के साथ होने वाले भेदभाव और शोषण पर बातचीत रखी। इस मौके पर मो. ताहिर, सुमित कुमार, बालकृष्ण चंद, सुभाष गोला, सुजल मौजूद रहे।

लोगों के लिए खतरा बने नालों को करें चिह्नित

डीएम ने कहा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिलाधिकारी वंदना सिंह ने कैम्प हल्द्वानी में

मानसून सत्र में रकसिया, देवखड़ी एवं कलसिया नाले में जलभराव के कारण होने वाली समस्याओं के समाधान के संबंध में बैठक ली।

बैठक लेते हुए डीएम ने एसडीएम, ईई सिंचाई, वन विभाग को संयुक्त रूप से रकसिया, कलसिया नाले, देवखड़ी और नंधौर नदी में इस बार के मानसून में होने वाली हानि की संभावना को देखते हुए स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिए, जिससे तात्कालिक तौर पर उपचार कर बचाव किया जा सके। इसके लिए एक सप्ताह के भीतर सभी स्थलों के सफाई हेतु आकलन तैयार करते हुए तत्काल कार्य शुरू करने के निर्देश सिंचाई विभाग को दिए। बैठक में नगर निगम, सिंचाई, लोनिवि को अपने क्षेत्र की समस्त नालियों, कल्वर्ट, कौज वे की सफाई करने और समय से झाड़ी कटान के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के रकसिया, कलसिया, देवखड़ी और नंधौर के आबादी स्थल में हर वर्ष मानसून काल में नुकसान को संभावना बनी रहती है। जिनके दीर्घकालीन समधान हेतु प्राक्कलन शासन स्तर पर भेजे गए हैं, वर्तमान में ऐसे कुछ अति आवश्यक प्रभावित स्थलों के लिए चिन्हीकरण कर तात्कालिक उपचार किया जाना आवश्यक है जिससे मानसून सत्र में आबादी को होने वाले प्रभाव को रोका जा सके।

विभाग द्वारा तैयार आकलन के आधार पर एक सप्ताह के भीतर कार्य शुरू कर चिन्हित स्थानों पर मई माह में पूर्ण करने का लक्ष्य विभागों को दिया गया। इन क्षेत्रों में नाला सफाई का कार्य किया जाएगा जिससे पानी बीच से आसानी से प्रवाहित हो तथा कचरे को हटाकर अन्य मलबे को किनारे किया जायेगा।

मुख्य सड़कों पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए

शहर में आए दिन लगने वाले जाम से निजात के लिए सिटी मजिस्ट्रेट को शहर की मुख्य सड़कों पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। अभियान के दौरान सड़कों पर खड़ी होने वाली बसों पर प्रभावित करवाई के निर्देश दिए। साथ ही जिन लोगों के द्वारा व्यवसायिक नक्शे में पार्किंग की अनुमति ली गई है उसका प्रयोग पार्किंग के लिए हो इसके क्रॉस चेकिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, डीएफओ रामनगर दिगंत नायक, सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई, एस डी एम हल्द्वानी परितोष वर्मा,ईई लोनिवि अशोक चौधरी, सिंचाई बी एस नैनवाल, एस डी ओ ममता चंद सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

जोशी क्लीनिक

डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन (उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)



1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा



2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy
(जलोका)

Cupping Therapy

रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव

समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश

BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details

कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम
तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

॥श्री:॥
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय

उपलब्ध चिकित्सक

नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता
(BAMS, MD)

वैद्य अंकिता गुप्ता
(BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा

सुविधायें
पंचकर्म

Google TOP RATED

7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com

सार-संक्षेप

सेवानिवृत्त कर्मचारियों को विदाई देते रोडवेज कर्मी। ● अमृत विचार

रोडवेज कर्मियों को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

हल्द्वानी : उत्तराखंड परिवहन निगम की प्रशासनिक शाखा के प्रधान लिपिक राजेंद्र प्रसाद जोशी व ट्रैफिक शाखा के वरिष्ठ लिपिक रमेश चंद्र जोशी को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में मंडलीय प्रबंधक संचालन पूजा जोशी, मंडलीय प्रबंधक तकनीकी टीकाराम, सहायक महाप्रबंधक राजकुमार, सहायक महाप्रबंधक कार्मिक मनोज दुर्गापाल, पान सिंह जीना, मोहन राम, कृष्ण राम, विक्रम सिंह डंगवाल, शंकर सिंह, जगदीश कांडपाल, श्याम सिंह शाही, डूंगर सिंह, उमेश जोशी, सुरेंद्र रावत, मनोज मंडल मनराल, आनंद जोशी, दिनेश जोशी, पीसी बिष्ट, पुष्कर बिष्ट मौजूद रहे।

कृषि उत्पादों से भरे तीन वाहन पकड़े, जुर्माना वसूला

हल्द्वानी : मंडी समिति के सचल दल ने अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे कृषि उत्पादों से भरे तीन वाहनों को पकड़ा है। सचल दल कालाढूंगी के नया गांव में वाहनों की जांच कर रहा था। तभी दल ने कृषि उत्पादों से भरे तीन वाहनों को रोककर तलाशी ली तो वाहन चालक मंडी से संबंधित कोई कागजात नहीं दिखा पाये। मंडी निरीक्षक भुवन नाथ गोस्वामी ने बताया कि एक वाहन में 170625 रुपए मूल्य का 75 क्विंटल गेहूं, दूसरे में 142800 रुपये मूल्य का 28 क्विंटल चावल व तीसरे में 41350 रुपये मूल्य की कृषि उपज लकड़ी चीरान ले जाई जा रही थी। मंडी सचिव के निर्देश पर वाहनों पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए 7095 रुपये का मंडी शुल्क और 1774 रुपये का विकास सैस वसूल किया गया। दल में संतोष सिंह, पंकज वर्मा, रविंद्र, कुंवर सिंह शामिल रहे।

गुमशुदा बच्चे को दो घंटे में तलाश लाई पुलिस

हल्द्वानी : मां के साथ घर से निकला बच्चा गायब हो गया। मां का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस तलाश में जुटी और दो घंटे के भीतर बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक लाइन नंबर 12 निवासी आसमां अपने छह वर्षीय पुत्र के साथ मंगलपड़ाव सब्जी मंडी में खरीदारी करने गई थी। इसी दौरान बच्चा गुम हो गया। सूचना मिलते ही मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी दिनेश चंद्र जोशी ने टीम के साथ मंगलपड़ाव में खोजबीन शुरू कर दी। सीसीटीवी कैमरे चेक कराए गए और करीब 2 घंटे की लगातार तलाश के बाद बच्चे को बरामद कर लिया गया। बच्चे के परिजन ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

बूथों के चिन्हिकरण को भौतिक सत्यापन शुरू

हल्द्वानी : नगर निकाय चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम ने संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों को चिह्नित करने के लिए भौतिक सत्यापन शुरू कर दिया है। संयुक्त टीम ने मंगलवार से वार्ड एक से वार्ड पांच तक नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने बताया कि सत्यापन के बाद ही बूथों की श्रेणी तय की जाएगी। नगर निगम में निकाय चुनाव के लिए 84 पोलिंग स्टेशन और 278 बूथ बनाए गए हैं। बीते सोमवार को नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त विशाल मिश्रा के नेतृत्व में हुई बैठक में तय किया गया कि निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम सभी 278 बूथ का भौतिक सत्यापन करेगी।

ट्रेन की चपेट में आने से निराश्रित पशु की मौत

हल्द्वानी : शीशमहल में एक निराश्रित पशु ट्रेन की चपेट में आ गया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। नगर निगम की टीम ने मंगलवार को भी निराश्रित पशुओं को पकड़ने का अभियान जारी रखा, जिसके तहत सोमवार को गौशाला से भाग गई एक गाय को फिर से पकड़ा गया। साथ ही गंभीर रूप से घायल दो गायों को हल्दूचौड़ गौशाला में भेजा गया। इस दौरान डॉ. भावना, चंदू मेहता, निकिता सुयाल, दीपक बेलवाल बॉबी, तरुण, प्रकाश आदि मौजूद रहे।

जंगल की आग से नुकसान के बारे में बच्चों को किया जागरूक

हल्द्वानी : राजकीय इंटर कॉलेज सुंदरखाल में मंगलवार को छात्र-छात्राओं की बैठक हुई, जिसमें जंगलों में लगी आग पर चिंता व्यक्त की गई। इको क्लब प्रभारी भूपेंद्र चौधरी ने पेड़-पौधों से होने वाले लाभ और जंगल में लगने वाली आग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। शिक्षिका माया आर्या ने जंगल की आग से वन्य जीवों पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में बताया। प्रधानाचार्य राजेश पांडे ने छात्र-छात्राओं को जंगलों में लगने वाली आग के नुकसान पर लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। इस दौरान जगदीश पांडे, प्रदीप जोशी, अनिल पांडे, सतीश कुमार आदि थे।

जोड़ों के दर्द को लेकर 10 किमी. साइक्लोथॉन का आयोजन

हल्द्वानी : जोड़ों के स्वास्थ्य और इससे जुड़ी समस्याओं के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शहर में 10 किलोमीटर की साइक्लोथॉन आयोजित की गई। साइक्लोथॉन को ठंडी सड़क पर तिकोनिया स्थित महर्षि वाल्मीकि पार्क से सुबह सात बजे रवाना किया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी (डीएसओ) वरुण बेलवाल ने इस साइक्लोथॉन को शुरू कराया, जो 10 किलोमीटर चलने के बाद वापस वहीं खत्म हुई। साइक्लोथॉन में करीब 150 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। मैक्स हॉस्पिटल वैशाली के डॉ. अखिलेश यादव ने लोगों को जोड़ों के दर्द से बचाव के सुझाव दिए।

जेल में जिला न्यायाधीश ने की यूटीआरसी कैंपेन की समीक्षा

हल्द्वानी : उप कारागार में मंगलवार को चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला न्यायाधीश ने जिलाधिकारी और एसएसपी के साथ संयुक्त निरीक्षण किया। जिला न्यायाधीश ने यूटीआरसी कैंपेन की समीक्षा की और बंदी व कैदियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने स्वास्थ विभाग के सहयोग से उप कारागार में चिकित्सा शिविर आयोजिन किया। साथ ही परीक्षण के साथ दवाई वितरित की। जिला न्यायाधीश सुबीर कुमार, जिलाधिकारी वंदना और एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के साथ संयुक्त निरीक्षण में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी भी उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान बंदी बैरक, पाठशाला, लीगल एंड क्लीनिक, सीसीटीवी रूम आदि का भी निरीक्षण किया गया। बंदियों को उनके अधिकार व विभिन्न योजनाएं बताई गईं।

थानेदारों ने तोड़ा नियम, हुआ चालान

काठगोदाम, खनस्यू, कालाढूंगी और तल्लीताल थानाध्यक्षों के सड़क पर खड़े थे वाहन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नियम का पालन कराने वालों ने ही जब नियमों की धज्जियां उड़ाईं तो एसएसपी नाराज हो गए। क्राइम मीटिंग में शामिल होने आये थानेदारों ने अपने वाहनों को कोतवाली के बाहर सड़क पर जहां-तहां खड़ा कर दिया, जिससे जाम लग गया। एसएसपी को यह पता लगा तो उन्होंने चार थानेदारों के सरकारी वाहन के चालान कटवा दिए।

मंगलवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मासिक अपराध समीक्षा बैठक में सभी थाना और चौकी प्रभारी शामिल रहे। बैठक में शामिल होने आये अधिकतर पुलिस अधिकारियों ने कोतवाली के बाहर नैनीताल रोड पर दोनों ओर अपने वाहन खड़े कर दिए, जिससे जाम लगने लगा। बात एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा तक पहुंची तो उन्होंने सीओ सिटी नितिन लोहनी को नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के चालान काटने के निर्देश दिए। सीओ सिटी ने काठगोदाम, खनस्यू, कालाढूंगी और तल्लीताल थानाध्यक्षों के सरकारी वाहनों के चालान काटे। कहा कि भविष्य में कोई पुलिस कर्मी यातायात नियमों का उल्लंघन करता मिला तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

क्राइम मीटिंग में थाना व चौकी प्रभारियों को दिशा-निर्देश देते एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा। ● अमृत विचार

सीपीयू से एसएसपी नाराज, थानेदारों को लगाई फटकार

हल्द्वानी, अमृत विचार : मासिक अपराध समीक्षा बैठक में सिटी पेट्रोल यूनिट (सीपीयू) के काम से एसएसपी नाराज दिखे। उन्होंने थानेदारों को फटकार भी लगाई। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने प्रभारी सीपीयू को निर्देशित किया गया कि चालानों की संख्या काफी कम है, चालानी कार्यवाही बढ़ाई जाए। उन्होंने लम्बित विवेचनाओं पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और सख्त निर्देश देते हुए कहा यदि विवेचक की विवेचना में लापरवाही मिलती है तो थाना प्रभारी भी उतना ही जिम्मेदार होगा। आबकारी अधिनियम में की गई कार्रवाई पर उन्होंने कहा कि मात्र खानापूर्ति न करें। एसएसपी ने सेवानिवृत्त हुए एसआई जसवीर सिंह, एएसआई जीवन चंद्र मिश्रा और एएसआई रंजीत सिंह को सम्मानित किया। इस दौरान एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, एसपी क्राइम/यातायात हरबंस सिंह, सीओ रामनगर भूपेंद्र सिंह भंडारी, सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी मौजूद रहे।

शार्ट सर्किट की आग से दर्जी की दुकान में जला सामान। ● अमृत विचार

दर्जी की दुकान में आग से लाखों का माल खाक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सोमवार की रात आये आंधी-तूफान के दौरान एक दर्जी की दुकान में शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। लोगों की मदद से करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक लाखों का माल जल चुका था। पीड़ित दुकानदार ने राजनेताओं को पत्र लिखकर आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

वार्ड 35 दमुवाढूंगा निवासी पूरन राम की जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में दर्जी की दुकान है। पूरन ने बताया कि रात वह दुकान बंद करके घर चले गए थे। रात करीब 3 बजे उन्हें मकान मालिक ओम प्रकाश ने फोन कर दुकान में आग लगने की जानकारी दी। वह मौके पर पहुंचे दो दुकान धू-धूकर जल रही थी। आस-पड़ोस के लोगों के साथ मिलकर आग बुझानी शुरू की। इसमें करीब एक घंटा लग गया। आग से ग्राहकों के कपड़ों के साथ तीन सिलाई मशीनें भी जल गईं।

आशंका जताई कि आंधी-तूफान में विद्युत तार टूट गए थे। बिजली काट दी गई थी, लेकिन जब बिजली दोबारा आई तो शार्ट सर्किट हुआ और आग लग गई।

एक हुए तीन परिवार चौथे पर मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी, अमृत विचार : एच्छिक ब्यूरो की काउंसलिंग में तीन परिवार एक साथ फिर से रहने पर राजी हो गए, लेकिन एक परिवार साथ रहने को राजी नहीं हुआ। जिसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के आदेश दिए गए। जबकि चार परिवार को फिर से काउंसलिंग के लिए बुलाया गया।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा की अध्यक्षता में ऐच्छिक ब्यूरो में डॉ. युवराज पंत, बहादुर सिंह बिष्ट, अधिवक्ता राम सिंह बसेड़ा, डॉ. प्रभा पंत और महिला समाधान केंद्र प्रभारी लता खत्री ने कुल 10 प्रकरण रखे। तीन मामलों में दोनो पक्षों का राजीनामा कराया गया। 2 मामले कोर्ट कार्यवाही के लिए अग्रसारित कर निस्तारित किए गए। एक मामले में एफआईआर और 4 मामले में आपसी सहमति से अग्रिम तिथि दी गई।

अंधड़ से गिरे पोल व टूटे तार, बिजली आपूर्ति ठप

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सोमवार की देर रात आये अंधड़ से जगह-जगह पेड़ गिर गये। जिससे बिजली के तार टूट गए और कई जगह पोल गिर गए। अंधड़ से बिजली विभाग को काफी क्षति हुई है।

सबसे अधिक नुकसान गौलापार क्षेत्र में हुआ है। यहां गंगापुर, देवला तल्ला, विजयपुर और खेड़ा में जगह-जगह विद्युत पोल गिरे हैं और तारें भी टूट गई हैं। जिस कारण इन क्षेत्रों में मंगलवार को बिजली आपूर्ति बाधित रही।

बिजली विभाग के शहरी क्षेत्र के एसडीओ नीरज पांडे ने बताया कि आंधी से विभाग को लगभग 7 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। बताया कि गौलापार के अलावा अन्य क्षेत्रों में नुकसान की सूचना नहीं है। मंगलवार शाम 5 बजे तक प्रभावित क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति सुचारू कर दी गई। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र के ईई डीडी पांगती ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं भी विद्युत तारें टूटने और पोल गिरने की कोई सूचना नहीं है। एहतियात के तौर पर रात 1 बजे तक बिजली की आपूर्ति बंद की गई थी। वर्तमान में सभी जगह आपूर्ति सामान्य है।

सोमवार की रात आई अंधड़ से रामपुर रोड पर गिरा पेड़। ● अमृत विचार

गौला गेट में टैंकर से पानी भरते लोग। ● अमृत विचार

जल जीवन मिशन के कार्य से पेयजल आपूर्ति बाधित

हल्द्वानी : जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे कार्यों के कारण लोगों को पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शहर से सटे दमुवाढूंगा, गौलागेट, हिम्मतपुर और बजूनिया हल्दू में इन दिनों पानी का संकट छाया हुआ है। वहीं दमुवाढूंगा में कई दिनों से खराब नलकूप को ठीक कर लिया गया है। एई रवींद्र कुमार ने बताया कि विभाग की ओर से टैंकरों से लगातार आपूर्ति की जा रही है। इधर, गौला बैराज में भी जलस्तर लगातार गिरते जा रहा है। बैराज के इंचार्ज जेई मनोज तिवारी ने बताया कि सोमवार को 2 एमएम बारिश हुई, जिससे जलस्तर में कोई अंतर नहीं आया है। बताया कि बैराज का जलस्तर एक सप्ताह पूर्व 87 क्यूसेक था, जो गिरकर 81 क्यूसेक पहुंच गया है।

शहीदों को नमन, पूर्व सैनिकों-वीर नारियों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मिलिट्री स्टेशन तिकोनिया में मंगलवार को आयोजित पूर्व सैनिक आउटरीच रैली में बरेली और लखनऊ से आये अधिकारियों ने शहीदों को नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को उपहार देकर सम्मानित किया। रैली में पूर्व सैनिक, वीर नारी और आश्रितों के लिए स्वास्थ्य कैंप के साथ ही रोजगारपरक जानकारी के स्टाल लगाए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा, एसएम, वीएसएम, चीफ ऑफ स्टाफ, मुख्यालय सेंट्रल ऑफिसर कमांड रहे। उनके साथ मेजर जनरल राजेंद्र राय, एसएम चीफ ऑफ स्टाफ मुख्यालय यूबी एरिया भी मौजूद रहे। अपने संबोधन में जनरल चड्ढा ने नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, भीमताल, बिंदुखत्ता, चकलुआ, रामनगर, कालाढूंगी, गदरपुर, बाजपुर, शांतिपुरी और हल्दूचौड़ इलाकों से कार्यक्रम में पहुंचे 1500 पूर्व सैनिक और वीर नारियों को सेना की ओर से भरोसा दिया कि पूर्व सैनिकों और आश्रितों की हर संभव मदद करने के लिए हर संभव कदम उठाएंगे।

जनरल चड्ढा ने उन सैनिकों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने अद्वितीय साहस और बलिदान से राष्ट्र की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा की और वीरगति को प्राप्त हुए। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिक और वीर नारियों की समस्याओं को सुनकर बरेली और लखनऊ से आए सैन्य अधिकारियों ने उनका मौके पर समाधान किया। 15 पूर्व सैनिकों व वीर नारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मिलिट्री स्टेशन में वीर नारी को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सैनिक और वीर नारियां।

मिलिट्री स्टेशन में मिला हर समस्या का समाधान

रैली का उद्देश्य पूर्व सैनिकों व आश्रितों की समस्याओं का समाधान करने में सुविधा प्रदान करना था। जनरल ऑफिसर ने छह वीर नारियों को 50-50 हजार रुपये के चेक देकर सम्मानित किया। दो दिव्यांग पूर्व सैनिक सिपाही कैलाश चंद्र और हवलदार दुर्गेश सिंह कार्की को रेट्रोफिटेड मोबिलिटी स्कूटर दिए। 10 पूर्व सैनिक और वीर नारियों को 10-10 हजार के उपहार भी वितरित किए गए।

रोजगार का तरीका जाना

आउटरीच रैली के मौके पर पूर्व सैनिकों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच के लिए मेड स्पेशल, ईएनटी सर्जन, ऑर्थोपेडिक, आई और स्किन स्पेसलिस्ट के दो कैंप लगाए गए। इसके साथ ही एक कैंप दवा वितरण का भी लगाया गया। रैली में आए पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को सरकारी योजनाओं और लघु उद्योगों की जानकारी देने के लिए रेशम, मत्स्य आदि विभागों, स्पर्श केंद्र, सहायता केंद्र सहित छह स्टॉल लगाए गए।

सेमेस्टर परीक्षा तिथि बढ़ाने को प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सम सेमेस्टर की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू होने जा रही है। पूर्व में परीक्षाएं 15 मई से होनी थी, लेकिन बाद में इसकी तिथि पीछे कर 2 मई कर दी गई। मंगलवार को छात्रों ने परीक्षा तिथि आगे बढ़ाने को लेकर प्राचार्य एनएस बनकोटी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में छात्रों ने कहा कि कई छात्र अभी तक परीक्षा के लिए तैयारी पूरी नहीं कर पाए हैं। तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 2 माह पूर्व ही हुई हैं, इसलिए उन्हें तैयारी करने का समय नहीं मिला। वहीं कई छात्र परीक्षा आवेदन पत्र भी नहीं भर पाए हैं। उन्होंने कहा कि विषयों की गलतियां होने के कारण भी छात्रों को दिक्कतें हो रही हैं। इसलिए परीक्षा तिथि को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। प्राचार्य एनएस बनकोटी ने बताया कि जिन विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन नहीं भरे गए हैं उनकी जानकारी देहरादून मुख्यालय भेज दी गई है।

बारिश के बाद बढ़ गया पारा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सोमवार की रात हुई बारिश के बाद मंगलवार को फिर से गर्मी बढ़ गई। हालांकि लोगों को लू से राहत मिली है, लेकिन मौसम साफ होने की वजह से तेज धूप से लोग परेशान रहे।

सोमवार की रात को मौसम पूरी तरह से बदल गया। हल्द्वानी समेत काठगोदाम, रानीबाग, कठघरिया, आवास विकास आदि क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई। सोमवार की रात तो मौसम ठंडा रहा, लेकिन मंगलवार को मौसम पूरी तरह से साफ हो गया। पूर्वान्ह में एक बार फिर से तेज धूप निकल गई। विगत दिनों से चल रही लू से तो लोगों को राहत मिली, लेकिन गर्मी से लोग परेशान रहे। सोमवार की रात को मुक्तेश्वर और ज्योलीकोट में 4.5, रानीखेत में 1.5, शीतलाखेत में 3.5, नैनीताल और हल्द्वानी में 2 और अल्मोड़ा में 1.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

पंतनगर में ठेका कर्मी के बेटे ने किया टॉप

पंतनगर, अमृत विचार : मंगलवार को उत्तराखंड बोर्ड के जारी हुए परिणाम में पंतनगर इंटर कॉलेज के 10वीं के छात्र सूरज उपाध्याय ने विषम परिस्थितियों में भी 449 अंक हासिल कर विद्यालय में टॉप किया है। चितरंजन भवन कॉलोनी निवासी सूरज के पिता जीवन उपाध्याय बतौर ठेका कर्मी विवि के छात्रावास में कार्यरत हैं। सूरज आगे चलकर प्रशासनिक सेवा में जाना wचाहता है। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता सहित ट्यूशन टीचर ललित जोशी को दिया है।

सूरज उपाध्याय।

हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड
HINDUJA HOUSING FINANCE
कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015
असवानी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हल्द्वानी-263132

आरबारएम – पंकज सिंह चौधरी – 7081828333, आरएलएम – अरुण कुमार सिंह – 9506011777, सीआरएम– जनेश्वर प्रसाद–9917778324, सीएलएम– श्री रवि दीक्षित 9794347032

सांकेतिक कब्जा सूचना

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड, का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (2002 का नं. 3) के नियम के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत निम्नलिखित कर्जदारों (तदोपरान्त कर्जदार एवं गारंटरों को संयुक्त रूप से "कर्जदार" कहा गया है) को निम्नांकित दिनांको को मांग नोटिस जारी किया था जिसमें उल्लेखित राशि प्रत्येक खाते के आगे वर्णित है उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतदद्वारा कर्जदार और गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत सम्पत्ति का कब्जा नीचे प्रत्येक खाते के सामने अंकित के अनुसार लिया है।
विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर तथा जनसाधारण को एतदद्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड, के प्रभार वास्ते निम्नलिखित राशि और उपरोक्तानुसार राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज, आकस्मिक खर्च, लागत, प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा।
उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8). के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

क्र. सं.	कर्जदार / गारन्टर के नाम एवं पता	मांग सूचना की तारीख / कब्जा सूचना की तिथि	बकाया राशि	अचल सम्पतियों का विवरण
1	आवेदन नं. UP/HDW/HDWN/A000000062 & UP/HDW/HDWN/A000000324 श्री संतोष काराकोटी, मकान एन057 हिम्मतपुर डोटियाल, सावल्दे रामनगर, हिम्मतपुर, शिव मंदिर, ग्रामीण, रामनगर, उत्तराखंड, भारत – 244715 सुश्री हेमा काराकोटी, हिम्मतपुर डोटियाल, रामनगर नैनीताल हिम्मतपुर शिवमंदिर, ग्रामीण, रामनगर, उत्तराखंड, भारत – 244715	24-03-2023 / 25-04-2024 सांकेतिक	₹ 25,63,104/- दिनांक 17-03-2023 तक + ब्याज इत्यादि	प्लॉट जिसका क्षेत्रफल 2500 वर्ग फुट या 232.34 वर्गमीटर (पूरब और पश्चिम – 50 फीट, उत्तर और दक्षिण – 50 फीट) खसरा नंबर–197 मिन जोकि रेवेन्यू ग्राम हिम्मतपुर डोटियाल के तहसील–रामनगर, जिला–नैनीताल चौहद्दीः पूरब में पीताम्बर दल की संपत्ति, पश्चिम में – 12 फीट चौड़ा कच्चा रास्ता, उत्तर में – अन्य की संपत्ति, दक्षिण में – राधा खुल्बे की संपत्ति
2	आवेदन नं. UP/HDW/RDRP/A000000070 श्री शंकर सरकार और श्रीमती सुमित्रा देवी सरकार, दोनों: दुर्गा मंदिर वार्ड नंबर 4 दिनेशपुर, दिनेशपुर, आईटीआई कॉलेज, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत – 263160	07-10-2022 / 24-04-2024 सांकेतिक	₹ 6,50,915/- दिनांक 01-10-2022 तक + ब्याज इत्यादि	प्लॉट 900 वर्ग फुट या 83.64 वर्ग मी. (30*30) खसरा नं. – 613 मिन, जोकि रेवेन्यू ग्राम चंदायन तहसील गदरपुर जिला, चौहद्दीः पूरब में – रास्ता, पश्चिम में – संपत्ति, उत्तर में – संपत्ति, दक्षिण में – कार्तिक पाल की संपत्ति
3	आवेदन नं. UP/HDW/RDRP/A000000190 श्री जितेंद्र सिंह, श्री दर्शन सिंह और श्रीमती सिमरनजीत कौर, सभीः साई विहार कॉलोनी सूरजपुर गदरपुर गदरपुर, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत – 263153	26-07-2023 / 24-04-2024 सांकेतिक	₹ 10,78,576/- दिनांक 19-07-2023 तक + ब्याज इत्यादि	ग्राम / मौजा–भेसिवा.तेशी 1 / पी.एस.– गदरपुर, जिला – यू.एस.नगर खाता नं. 00104, खसरा नंबर 320 मिन. प्रा. प्लॉट / मकान नं. सब रजिस्ट्रार–बाजपुर जिला–यू.एस.नगर, क्षेत्रफल 1125 वर्ग फुट या 104.55 वर्ग मी., चौहद्दीः उत्तर में – मकान, दक्षिण में – रास्ता, पूरब में – अन्य व्यक्ति का मकान, पश्चिम में – खाली प्लॉट

दिनांक : 30-04-2024, स्थान : हल्द्वानी — प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड
HINDUJA HOUSING FINANCE
कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015
असवानी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हल्द्वानी-263132

आरबारएम – पंकज सिंह चौधरी – 7081828333, आरएलएम – अरुण कुमार सिंह – 9506011777, सीआरएम– जनेश्वर प्रसाद–9917778324, सीएलएम– श्री रवि दीक्षित 9794347032

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी एक्ट) 2002 के अंतर्गत प्रतिभूतिहित नियम 2002 के नियम 13(2) के अन्तर्गत यह सूचना जारी की जाती है।

हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड से प्राप्त किये गये ऋण जो कि एन पी ए हो चुके हैं व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्नवर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्नवर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत निम्न वर्णित दिनांकों को पंजीकृत डाक पावती सहित /स्पीड पोस्ट/कोरियर द्वारा आप सभी को भेजी गयी थी, जिसकी पावती प्राप्त नही हुई/जो बिना तामील वापस प्राप्त हो गयी है। मांग सूचना निम्नांकित दिनांकों में हमने आशय को स्पष्ट कर दिया था, कि आपके द्वारा सूचना में दर्शायी राशि 60 दिनों के अन्दर जमा नही करायी गयी तो उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार बैंक में बंधक सम्पत्तियाँ जो कि निम्नलिखित ऋणियों/जमानतदारो के नाम है, उनका आधिपत्य ले लिया जायेगा और कब्जा सूचना/ई-नीलामी सूचना में कर्जदार व गारंटरों की फोटो प्रकाशित की जायेगी। बकाया राशि का विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर के नाम और एनपीए की तारीख	मांग सूचना की तारीख / बकाया राशि	सिक्योर्ड आस्तियों का विवरण
1	श्री देवाराम चौधरी और श्रीमती संतोष देवी, दोनोंः पुरानी मंडी वार्ड नंबर 7 सितारगंज सितारगंज अर्धनगरीय सितारगंज उत्तराखंड, भारत - 262405 खाता नं. UP/HDW/STGJ/AOOOOOOO88 & CO/CPC/CPOF/AOO000771 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 28-03-2024 बकाया राशि ₹ 25,28,535/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खेत 843 मिन पर मकान, ग्राम सिसोना तहसील सितारगंज जिला उदमसिंह नगर, खेत 843 मिन पर मकान, ग्राम सिसौना तहसील सितारगंज जिला उदमसिंह नगर, सितारगंज रोड, सितारगंज, उत्तराखंड-262405, क्षेत्रफल -158.4 वर्ग मीटर, चौहद्दीः उत्तर में - राम सिंह कुवंर की संपत्ति, दक्षिण में - माप चंद की संपत्ति, पूरब में - 16 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम में - राणा जी का प्लॉट
2	श्री दिनेश कुमार गोयल और श्रीमती रीना गुप्ता, दोनोंः मकान.नं. 29, वार्ड नं.4, मेन मार्केट मसवासी रामपुर, रामपुर, रुद्रपुर उत्तर प्रदेश भारत - 244924 खाता नं. UP/HDW/RDRP/AOOOOOOO79 R & UP/HDW/RDRP/A000000152 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 28-03-2024 बकाया राशि ₹ 13,07,419/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	69/102, वार्ड नं. 6, मुख्य बाजार मसवासी, तहसील-स्वार, जिला-रामपुर, उत्तर प्रदेश-244924, मसवासी, शिव मंदिर के पास, रामपुर, उत्तर प्रदेश-244924 में स्थित क्षेत्रफल 139.45 वर्ग मी., चौहद्दीः उत्तर में- भगवती का मकान, दक्षिण में - 14 फीट चौड़ी सड़क, पूरब में - डॉ. शिव कुमार का मकान, पश्चिम में - रणवीर सिंह पुत्र रघुवीर सिंह का मकान
3	श्री खालिद खालिदबरखेड़ा पांडे महुवाखेड़ा काशीपुर कफलीपुर, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत - 244713 श्री फिरदौस जंहा बेरखेरा पांडे महुवाखेड़ा काशीपुर कफलीपुर, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत - 244713 खाता नं. UP/HDW/KSHP/AOOOOOOO60 R UP/HDW/KSHP/AOO00OO214 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 28-03-2024 बकाया राशि ₹ 18,52,479/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खसरा नंबर 230 मिन बरखेरा पांडे काशीपुर, काशीपुर, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत - 244713 में स्थित क्षेत्रफल - 102.9 वर्ग मीटर, चौहद्दीः पूरब में - 15 फीट सड़क, पश्चिम में - अख्तर की संपत्ति, उत्तर में - नजमा बेगम की संपत्ति, दक्षिण में - इमराना की संपत्ति
4	श्री मोहम्मद फरहान और श्रीमती फरजाना, बेडमवार्ड, दोनोंः वार्ड नं. 8, मोहल्ला, लक्ष्मीपुर, पट्टी, काशीपुर, काशीपुर, सेमीअर्बन, काहीपुर, उत्तराखंड, भारत - 244713 खाता नं. UP/HDW/KSHP/AOOOOOO117 & CO/CPC/CPCO/A000000115 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 28-03-2024 बकाया राशि ₹ 10,37,940/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खसरा नंबर 99 मिन, मौजा लक्ष्मीपुर पट्टी, मिलन मैरिज हॉल के पास, काशीपुर, पुलिस स्टेशन - काशीपुर, यू.एस. नगर, उत्तराखंड 244713 में स्थित क्षेत्रफल -111.48 वर्ग मी., चौहद्दीः पूरब में - नावेद की संपत्ति, पश्चिम में - खलीलम की संपत्ति, उत्तर में - 14 फीट चौड़ी रोड़, दक्षिण में - अफरोज जहां की संपत्ति
5	श्री मुकेश पाल और श्रीमती भगवती देवी, दोनोंः मोहल्ला कानून गोयान बहेरी बरेली, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243201 खाता नं. UP/HDW/RDRP/AOOOOOO299 R CO/CPC/CPOF/AOOOOO1713 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 28-03-2024 बकाया राशि ₹ 11,41,470/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खेत नं. 264 बहेड़ी बरेली उ.प्र., बहेरी, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243201, कुल क्षेत्रफल 83. 67 वर्ग मी., चौहद्दीः पूरब में - 14 फीट रोड, पश्चिम में - बाबूराम का प्लॉट उत्तर में -10 फीट रोड दक्षिण में - रानी का मकान
6	श्री नवीन चंद्रा और श्रीमती आकाही आर्य, दोनों : वार्ड नंबर 6 कालाढूंगी बंदोबस्ती कालाढूंगी, तहसील के पास, सेमीअर्बन, हल्द्वानी, उत्तराखंड भारत - 263140 खाता नं. UP/HDW/HDWN/AOOOOOOOO8 R UP/HDW/HDWN/AOO00OO335 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 28-03-2024 बकाया राशि ₹ 9,55,467/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खेत नं.-264 मिन, चौमहला, बायपास रोड, बहेरी, बरेली, उत्तर प्रदेश 243201, चौमहला, बायपास रोड, बहेरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, एसडीआरजी कॉलेज, क्षेत्रफल 104. 78 वर्ग मीटर, चौहद्दीः उत्तर में - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण में - विक्रेता का प्लॉट, पूरब मे - विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम में - 15 फीट रास्ता
7	श्री पप्पू सिंह और श्रीमती लक्ष्मी देवी, दोनोंः झनकट खटीमा यू.एस. नगर खटीमा, सियोइअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत - 262308 खाता नं. UP/HDW/STEIJ/AOOOOOO171 & CO/CPC/CPOF/A0O0002491 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 28-03-2024 बकाया राशि ₹ 16,90,907/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	खसरा नं. 303 ग्राम महोलिया हिल व्यू कॉलोनी खटीमा यू.एस. नगर, खटीमा, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत - 262308 में स्थित, क्षेत्रफल 111.48 वर्ग मी., चौहद्दीः उत्तर में - मेहरा जी का मकान, दक्षिण में - विक्रेता की संपत्ति, पूरब में - खाली प्लॉट, दक्षिण में - 15 फीट रोड़
8	श्रीमती सरिता मेहरा और श्री किशन सिंह, दोनोंः चांदमारी बायराखाम काठगोदाम नैनीताल चौदमारी बायराखम, हल्द्वानी, उत्तराखंड, भारत - 263126 खाता नं. UP/HDW/HDWN/AOOOOOOO39 & CO/CPC/CPOF/A0O000176 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 28-03-2024 बकाया राशि ₹ 8,68,911/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	मकान नंबर-124, बेओरा खान चंद, खाता खतौनी नंबर-29, खसरा नंबर-55/2, ग्राम-बायुरा बंदोबस्ती, परगना-मावर 6 खाता, तहसील-हल्द्वानी, जिला-नैनीताल, काठगोदाम, उत्तराखंड, 263126 क्षेत्रफल 1690 वर्ग फुट, चौहद्दीः उत्तर में - 9 फीट रोड़, दक्षिण में - पूरन लाल की भूमि, पूरब में - तारा राम की भूमि, पश्चिम में - 4.5 फीट चौड़ी रोड़
9	श्री सोयब मोहम्मद अकरम और श्री रेशमा बी, दोनोंः वार्ड नंबर 5 खेड़ा रुद्रपुर रुद्रपुर फ्लोई, शहरी रुद्रपुर उत्तराखंड, भारत - 263153 खाता नं. UP/HDW/HDWN/AOOOOOO395 R CO/CPC/CPCO/AOOO000248 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 28-03-2024 बकाया राशि ₹ 10,45,717/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	सम्पत्ति जोकि खाता नं 474, खेत नं. 469 मिन, सिरोली कलां किच्छा, किच्छा,, सेमीअर्बन, किच्छा, उत्तराखंड, भारत - 263148, क्षेत्रफल 78.87 वर्ग. गज, चौहद्दीः उत्तर में - शराफत अली की संपत्ति, दक्षिण में - शमशाद का प्लॉट, पूरब में - सादिक की संपत्ति, दक्षिण में - 3.6 एम रोड
10	श्री विनोद सिंह एवं श्रीमती चंदो देवी, मोहल्ला प्राम नगर नई बस्ती पोस्ट टांडा लुआर रामपुर, रामपुर, सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत - 244925 खाता नं. UP/HDW/RDRP/AOOOOOO476 R UP/HDW/RDRP/A000OOO597 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि: 06-03-2024	मांग सूचना की तारीख 28-03-2024 बकाया राशि ₹ 11,23,177/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	सम्पत्ति जोकि मोहल्ला प्रेम नगर नई बस्ती टांडा सुआर रामपुर, रामपुर, अर्धशहरी, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत - 244925, क्षेत्रफल 99.50 वर्ग. गज, चौहद्दीः उत्तर में - सड़क और जय सिंह का मकान, दक्षिण में - बाबू रामल का खेत, पूरब में सकुइया बेगमी का खेत, पश्चिम में - श्यामा का खाली प्लॉट

उक्त वर्णित ऋणियों / जमानतदारों को सलाह है कि (1) अधिक एवं विस्तृत जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी से मूल नोटिस प्राप्त कर लें (2) मांग सूचना में दर्शायी गयी बकाया राशि ब्याज एवं खर्चे आदि सहित मांग सूचना की दिनांक के 60 दिनों के भीतर जमा करें ताकि सरफेसी अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही से बच सकें।

दिनांक : 30.04.2024, स्थान : हल्द्वानी — प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के रिजल्ट में ऊधमसिंह नगर के बच्चों का रहा जलवा

इस बार हाईस्कूल में छात्रों से अधिक छात्राएं पास हुईं, 83.64 छात्राओं को इंटरमीडिएट में मिली सफलता

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के रिजल्ट में पहाड़ से लेकर मैदानी जिलों के बच्चों का भी जलवा रहा है। खासकर ऊधमसिंह नगर जिले में हाईस्कूल में 91.41 प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं। यहां इंटरमीडिएट का रिजल्ट 80.57 प्रतिशत रहा है।

मंगलवार को उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का रिजल्ट जारी किया। पासिंग प्रतिशत के जिलेवार रिजल्ट भी घोषित किए गए।

ऊधमसिंह नगर के बच्चों का भी बोर्ड के रिजल्ट में जलवा देखने को मिला है। हाईस्कूल में 88.11 छात्र पास हुए हैं। छात्राओं का रिजल्ट 94.39 रहा है। यानी हाईस्कूल में छात्रों से अधिक छात्राएं पास हुई हैं। वहीं इंटरमीडिएट में 77.14 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। जिले में 83.64 छात्राओं को इंटरमीडिएट में सफलता हासिल हुई है।

91.31 प्रतिशत रहा हाईस्कूल का रिजल्ट जिले में

80.57 प्रतिशत इंटर का रिजल्ट रहा जिले में

पुष्पा प्रियंका सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य।

पहाड़ी जिले भी रहे आगे

काशीपुर। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के रिजल्ट में पहाड़ी जिले भी आगे रहे। हाईस्कूल में उत्तरकाशी का रिजल्ट 90 .81 रहा। चमोली का रिजल्ट 89 .90 रहा। वहीं इंटरमीडिएट में भी पौड़ी जिले का रिजल्ट 82 .44, चमोली का 86 .91 रहा। अधिकांश पहाड़ी जिलों का रिजल्ट 80 प्रतिशत से अधिक ही रहा।

मेधावी

शुभम उपाध्याय।

मोहन नाथ।

पवन भट्ट।

सुमित तिवारी।

पुष्पा प्रियंका विद्या मंदिर के आठ मेधावियों का मेरिट लिस्ट में कब्जा

नानकमत्ता : पुष्पा प्रियंका सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के आठ मेधावियों ने मेरिट लिस्ट में अपना कब्जा जमाया है। बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रधानाचार्य मदन सिंह जलाल और समिति अध्यक्ष हरीश जोशी ने मेधावियों को मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। 10वीं की वरीयता सूची में पुष्पा प्रियंका सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज के 7 विद्यार्थियों शुभम उपाध्याय पुत्र रवीश चंद्र उपाध्याय 98 .4 अंक पाकर 6 रैंक, मोहन नाथ गोस्वामी पुत्र हरीश नाथ गोस्वामी ने 97 .4 अंक पाकर 11वीं रैंक, कुमारी सुनीता जोशी पुत्री गोपाल दत्त जोशी 95 .8 अंक पाकर 19वीं रैंक, सुमित तिवारी पुत्र लक्ष्मीदत्त तिवारी 95 .6 अंक पाकर 20वीं रैंक, पवन भट्ट पुत्र घनश्याम भट्ट 95 .2 अंक पाकर 22 वीं रैंक, कुमारी राधा जोशी पुत्री दयानन्द जोशी 95 .2अंक पाकर 22वीं रैंक, कुमारी प्रभा जोशी पुत्री कमलेश जोशी 94 .8 अंक लाकर 24वीं रैंक तथा कक्षा – 12 में मेधावी मयंक भट्ट पुत्र घनश्याम भट्ट ने 92 .8अंक पाकर 19वीं रैंक हासिल की है।

सुनीता जोशी।

राधा जोशी।

प्रभा जोशी।

उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज में बढ़ा पासिंग प्रतिशत

काशीपुर : उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज का बोर्ड इंटरमीडिएट का परीक्षाफल 85 प्रतिशत व हाईस्कूल का परीक्षाफल 90 प्रतिशत रहा। इंटरमीडिएट में छात्र शिवांग सागर ने 88 व हाईस्कूल में हर्षित कुमार ने भी 88 अंक हासिल किए। विद्यालय के परीक्षाफल में निरंतर बढ़ोतरी पर विद्यालय प्रबंध तंत्र ने छात्रों के साथ–साथ प्रधानाचार्य समेत शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई दी।

बिना ट्यूशन के मजदूर की बेटी ने मेरिट में पाया स्थान

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचारः कड़ी मेहनत से सब कुछ संभव है। काशीपुर निवासी 10वीं की छात्रा ने भी यह कर दिखाया है। आधुनिक दौर में कोचिंग व ट्यूशन की होड़ बच्चों में लगी रहती है। 10वीं की छात्रा सिमरन ने बिना ट्यूशन पढ़े ही प्रदेश की मेरिट लिस्ट में 22वां स्थान हासिल कर दिखाया है।

मंगलवार को जीजीआईसी की 10वीं की छात्रा सिमरन का मेरिट लिस्ट में नाम देखकर शिक्षिकाएं बेहद ही खुश नजर आईं। स्कूल में छात्रा को बुलाकर मिठाई खिलाई गई। छात्रा ने बताया कि वह मोहल्ला सिंघान में रहती है। पिता रफीक मेहनत मजदूरी कर घर चलाते हैं। बताया कि मां रेशमा गृहणी हैं। बताया कि उसके साथ मोहल्ले की ही कई छात्राएं पढ़ती हैं। अधिकांश ने ट्यूशन आदि लगाकर हाईस्कूल परीक्षा की तैयारियां की। अभिभावक भी ट्यूशन के लिए बोलते रहे। बताया कि जीजीआईसी में शिक्षिकाओं की कमी नहीं है। परीक्षा संबंधित तैयारियों को लेकर शिक्षिकाओं ने उसकी खूब मदद की है। इसके चलते ही बिना ट्यूशन के ही उसने प्रदेश की मैरिट लिस्ट में 22वां स्थान हासिल किया। बताया कि वह आईएएस अधिकारी बनना चाहती हैं।

मेरिट लिस्ट में 22 वां स्थान हासिल करने वाली छात्रा का मुंह मीठा करतीं प्रिंसिपल।

शिक्षक व अभिभावकों के साथ छात्रा समीक्षा। ● अमृत विचार

आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है समीक्षा

काशीपुर, अमृत विचार : सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की 10वीं की छात्रा समीक्षा ने कड़ी मेहनत के बूते प्रदेश की मेरिट लिस्ट में 18वां स्थान हासिल किया है। छात्रा का कहना है कि वह आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है। परीक्षा पास करने के लिए छात्रा ने चार से पांच घंटे की पढ़ाई की है। मंगलवार को बोर्ड का रिजल्ट आते ही छात्रा व उसके अभिभावक मोहल्ला किला स्थित स्कूल पहुंचे। शिक्षकों ने छात्रा व अभिभावक को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। प्रधानाचार्य राजीव गंगवार ने बताया कि छात्रा समीक्षा बेहद ही मेहनती है। उसके अंदर पढ़ने की ललक है। इसी के चलते 10वीं की मेरिट लिस्ट में 18वां स्थान छात्रा ने हासिल किया। छात्रा के पिता पवन कुमार ने बताया कि परीक्षा पास करने के लिए छात्रा चार से पांच घंटे लगातार पढ़ाई की।

केजीएम कॉन्वेंट के पांच विद्यार्थी आए मेरिट में

कृतिका पोखरिया।

मानसी बिष्ट।



सोनू अटवाल।

एलिना कुरैशी।

संवाददाता, नानकमत्ता

अमृत विचार : केजीएम कॉन्वेंट इंटर कॉलेज के पांच विद्यार्थियों ने उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में मेरिट सूची में स्थान पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

इंटरमीडिएट में तीन विद्यार्थियों और हाईस्कूल में दो विद्यार्थियों ने मेरिट लिस्ट में स्थान बनाया है। इंटरमीडिएट में कृतिका पोखरिया ने 92.60% अंक प्राप्त कर 20 रैंक, मानसी बिष्ट ने 92.40% अंक प्राप्त कर 21 रैंक, रिया बिष्ट ने 91.60% अंक प्राप्त कर 25 रैंक मेरिट में स्थान बनाया।

हाईस्कूल में एलिना कुरैशी ने 97.20 % अंक प्राप्त कर 12 रैंक, सोनू अटवाल में 96% अंक प्राप्त कर 18 रैंक प्राप्त की है। इस मौके पर विद्यालय के एमडी कैलाश चंद्र जोशी, अध्यक्षा चंद्रा जोशी, दलजीत सिंह, महेश जोशी, पीयूष गुप्ता ने सभी बच्चों को बधाई दी है।

किच्छा में सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने किया नाम रोशन

मेधावी

- सुमित-कौशल ने 94.2% अंक हासिल कर पाया प्रथम स्थान
- प्रियंक पाठक ने 92.8% अंक प्राप्त कर पाया द्वितीय स्थान

कौशल गंगवार।

सुमित गंगवार।

प्रियंक पाठक।

दीक्षा सिंह।

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा हाईस्कूल के घोषित परीक्षा परिणाम में नगर के सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने भी सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। हाईस्कूल की परीक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर के मेघावी छात्र कौशल गंगवार एवं सुमित गंगवार ने 500 में से 471 अंक हासिल कर विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

घोषित परीक्षा परिणाम में कौशल गंगवार एवं सुमित गंगवार ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि प्रियंक पाठक ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा होनहार छात्रा दीक्षा सिंह ने 91.6 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र भट्ट ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उपप्रधानाचार्य तुलसी प्रसाद सोरारी, आचार्य भुवन चंद्र तिवारी, मुकेश चंद, श्याम चरण, ओमपाल, रामकिशोर, विनोद कुमार, भूपराम, पुरुषोत्तम, रीता रानी आदि शिक्षकों ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

अमित को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य व शिक्षक।

आयुष को मिठाई खिलाते शिक्षक। ● अमृत विचार

मजदूर के बेटे ने 16वीं तो फर्नीचर कारीगर के बेटे ने पाई 23वीं रैंक

काशीपुर, अमृत विचार : उत्तराखंड बोर्ड के हाईस्कूल के परीक्षाफल में काशीपुर के अमित ने 16वीं रैंक और आयुष ने 23वीं रैंक हासिल की। दोनों अधिकारी बन माता पिता को खुश रखना चाहते हैं। हाईस्कूल में रोजाना तीन से चार घंटे पढ़ाई करने वाले अजय भरतिया सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र अमित कुमार ने 16वीं रैंक हासिल की है। अमित के पिता दयाराम मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। पिछले साल अमित की बहन अंशु ने भी हाईस्कूल में 24वीं रैंक हासिल की थी। अमित ने भी बहन से प्रेरणा लेकर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। अमित आगे चलकर आईएएस अफसर बन देश के लिए कुछ करना चाहते हैं। उधर 23वीं रैंक हासिल कर तुलाराम राजाराम विद्या मंदिर के छात्र आयुष ने भी अपने माता पिता को गर्वित किया है। आयुष के पिता उमेश चंद्रा फर्नीचर पॉलिश का कार्य करते हैं। आयुष ने भी रोजाना कड़ी मेहनत कर आज हाईस्कूल में एक मुकाम हासिल किया है। इसका श्रेय वह अपने गुरुजनों के साथ माता पिता को देते हैं। आयुष आगे चलकर इनकम टैक्स अधिकारी बनना चाहते है। उन्होंने सफलता के लिए शेड्यूल बनाकर हर विषय पर फोकस कर पढ़ाई करने का मंत्र दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

श्री गुरुनानक बालिका इंटर कॉलेज में छात्रा आशु को मिठाई खिलाते परिजन और प्रधानाचार्य प्रीति अग्रवाल। ● अमृत विचार

सनातन धर्म इंटर कॉलेज में अर्चना निराला को मिठाई खिलाते परिजन और शिक्षक।

कैफानूर सलमानी।

सैजान।

मोहम्मद मुनाजिर।

मोहम्मद रिहान।

वर्षा।

योगेश मौर्य।

श्री कृष्णा मर्चेंट कॉलेज के बच्चों ने लहराया हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में परचम

किच्छा : उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा के इंटरमीडिएट एवं हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में नगर स्थित श्री कृष्णा मर्चेंट एसोसिएशन इंटर कॉलेज के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में विज्ञान वर्ग की छात्रा कैफानूर सलमानी पुत्री ताहिर सलमानी ने 87 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि विद्यालय के छात्र सैजान पुत्र मोहम्मद साजिद ने 87 .6 प्रतिशत अंक एवं मोहम्मद मुनाजिर पुत्र जाकिर हुसैन ने 86 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी कड़ी में हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में मोहम्मद रिहान पुत्र इरफान ने 92 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि छात्रा वर्षा पुत्री राजेंद्र ने 89 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा योगेश मौर्य पुत्र प्रेमपाल मौर्य ने 85 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश अग्रवाल ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

आदित्य और आदर्श ने पाया मेरिट में स्थान

इंटरमीडिएट परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर के दो छात्रों ने नाम रोशन किया, आदित्य के पिता हैं सुपरवाइजर

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज के दो छात्रों आदित्य तिवारी व आदर्श कुमार ने इंटरमीडिएट परीक्षा में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। आदित्य ने 92.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 21 वां व आदर्श कुमार ने 92.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में 22वां स्थान प्राप्त किया है। आदित्य के पिता विमल कुमार तिवारी सिक्योरिटी कंपनी में सुपरवाइजर हैं और माता प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका। वह इनकम टैक्स अधिकारी बनना चाहता है। वहीं आदर्श कुमार ने बताया कि उनके पिता पृथ्वी सिंह सिडकुल की कंपनी में काम करते हैं और माता सुनीता देवी गृहणी हैं। डॉक्टर बनकर वह समाज की सेवा करना चाहते हैं।

सरस्वती विद्या मंदिर की अंशिका ने प्राप्त किया 24वां स्थान: सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की अंशिका मिश्रा ने प्रदेश में हाईस्कूल की मैरिट सूची में 24वां स्थान प्राप्त किया है। अंशिका ने 94.80 प्रतिशत के साथ 474 अंक प्राप्त किये हैं। अंशिका ने बताया कि पिता शत्रुधन मिश्रा सिडकुल की कंपनी में काम करते हैं और माता मीना मिश्रा ग्रहणी हैं। बड़े होकर वह प्रोफेसर बनना चाहती हैं। अंशिका ने बताया कि वर्ष 2023 में उनकी बड़ी बहन ने भी इसी स्कूल से 25वीं रैंक प्राप्त की थी।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर में अंशिका को मिठाई खिलाते परिजन और प्रधानाचार्य।

आदित्य तिवारी।

आदर्श कुमार।

अंशिका मिश्रा।

अपनी मां के साथ छात्रा अभिलाषा।

माता-पिता के साथ अक्षरा।

रोजाना चार घंटे पढ़ाई से मिली सफलता

काशीपुर : तारावती सरोजनी देवी स्कूल की 12वीं की छात्रा अभिलाषा ने प्रदेश की रैंकिंग में 25 वां स्थान प्राप्त किया। इसके लिए छात्रा ने रोजाना चार घंटे पढ़ाई की। पिता के न होने के बाद भी छात्रा दृढ़ शक्ति के साथ मेहनत करती रही। छात्रा अभिलाषा ने बताया कि कुछ साल पहले ही उसके पिता की मौत हो गई थी। माता आंगनबाड़ी कार्यकत्री हैं। उनकी मां ने आंगनबाड़ी की नौकरी कर उसको पढ़ाया।

पुलिस अधिकारी बनना चाहती हैं अक्षरा

काशीपुर : तारावती सरोजनी देवी स्कूल की 12वीं की अक्षरा ने मेरिट लिस्ट में 24वां स्थान हासिल किया है। छात्रा ने बताया कि वह पुलिस अधिकारी बनकर लोगों की सेवा करना चाहती हैं। छात्रा ने बताया कि वह रोजाना दो से तीन घंटे पढ़ाई करती थीं। उन्हें विश्वास था कि मेरिट लिस्ट में उसका नाम आएगा। छात्रा के पिता प्रमोद कुमार ने बताया कि पढ़ाई को लेकर अक्षरा बेहद ही गंभीर हैं।

रवि ने 22वीं तो कल्पना ने 25वीं रैंक पाई

जसपुर : रामचंद्र सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के हाईस्कूल के छात्र रवि कुमार पुत्र रणधीर सिंह ने 95 .20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर वरीयता सूची में 22 वीं रैंक तथा छात्रा कल्पना कुमारी पुत्री गुलाब ने 94 .60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर वरीयता सूची में 25 वीं रैंक हासिल की। छात्र व छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुओं व माता-पिता को दिया।

रवि कुमार।

कल्पना कुमारी।

नेहा शर्मा।

सुमनजीत कौर।

शीतल शर्मा।

आशु।

नेहा, सुमनजीत, शीतल, आशु मेरिट में

रुद्रपुर : श्री गुरुनानक बालिका इंटर कॉलेज की चार छात्राएं मेरिट सूची में स्थान बनाने में कामयाब रहीं हैं। जिसमें हाईस्कूल की नेहा शर्मा ने प्रदेश में 11 वां स्थान प्राप्त किया। उन्होंने 97 .40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वहीं इंटरमीडिएट की छात्रा सुमनजीत कौर ने प्रदेश की मेरिट सूची में 8वां स्थान प्राप्त किया। उनको 95 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। छात्रा शीतल शर्मा ने 19 वीं रैंक लाकर 92 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। छात्रा आशु ने मेरिट सूची में 21वां स्थान प्राप्त किया है। इनको 92 .4 प्रतिशत अंक मिले हैं। नेहा शर्मा आगे चलकर सीए बनना चाहती हैं। वहीं सुमनजीत कौर आगे चलकर आईएएस बनना चाहती हैं। छात्रा आशु भारतीय रेलवे में नौकरी करने का लक्ष्य है।

इंटर में डायनेस्टी की रिया की 23वीं और दिया की 25वीं रैंक

खटीमा, अमृत विचार : उत्तराखंड बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी की रिया कफलिया ने 92 प्रतिशत अंक के साथ मेरिट में 23वां और दिया भंडारी ने 91 .6 प्रतिशत अंक के साथ 25वां स्थान हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।रिया सेना में भर्ती होकर देश सेवा में अपना योगदान देना चाहती हैं। दिया भंडारी भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित होकर देश सेवा करना चाहती हैं। दिया ने बताया कि वह प्रतिदिन पांच से छह घंटे तक पढ़ाई करती थी।वहीं विद्यालय की कनिका चंद 90 .6 प्रतिशत, नितिन भंडारी 88 .2, उपासना खनका 88, अंजलि चंद 87 .6, भूमिका राना 87 .4, रिया ओली 87 .6, बीना भट्ट 86 .6, मानसी वर्मा 85 .8, लक्ष्मी चंद 85 .6 और बुशरा नूर ने 85 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, सुरेश ओली, बालकृष्ण थापा, मनीष ठाकुर, दिगंबर भट्ट, भरत बिष्ट, ऊषा चौसाली, शिल्पा सक्सेना, लिंसी त्यागी, हेमलता बोरा आदि ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को शुभकामनाएं दी हैं।

डायनेस्टी मॉडर्न में मेधावियों को मिठाई खिलाते शिक्षक।

साक्षी।

अर्चना निराला।

अमित कुमार।

आयुष अग्रवाल।

साक्षी की तीसरी और अर्चना की 23वीं रैंक

रुद्रपुर : सनातन धर्म इंटर कॉलेज की हाईस्कूल छात्रा अर्चना निराला ने पूरे प्रदेश में बालिका वर्ग में 23 वां स्थान प्राप्त किया है। अर्चना के पिता जयराम निजी कंपनी में कार्य करते हैं और माता ज्ञानशिला देवी ग्रहणी हैं। उनके तीन छोटे भाई भी हैं। मेहनत और लगन से अर्चना ने 94 .40 प्रतिशत के साथ 472 अंक प्राप्त किये हैं। इसी स्कूल की इंटरमीडिएट की छात्रा साक्षी ने पूरे प्रदेश में सातवीं रैंक और बालिका वर्ग में तीसरी रैंक प्राप्त की है। उन्होंने 95 .20 प्रतिशत के साथ 476 अंक प्राप्त किए हैं। इधर रुद्रपुर के जनता इंटर कॉलेज रुद्रपुर के हाईस्कूल के छात्र अमित कुमार ने प्रदेश मेरिट सूची में 22 वां स्थान प्राप्त किया। अमित ने 95 .20 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। वहीं इसी विद्यालय के हाईस्कूल के छात्र आयुष अग्रवाल ने 24 वां स्थान प्राप्त किया है। आयुष ने 94 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। दोनों ही आगे चलकर प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहते हैं।

सर्वजीत कौर को मिठाई खिलातीं मां नीतोबाई एवं अन्य।

इंटरमीडिएट में सर्वजीत कौर ने बाजी मारी

गदरपुर। गुलाब सिंह का मजरा निवासी सर्वजीत कौर ने उत्तराखंड इंटर बोर्ड परीक्षा में 92 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में 19 वां स्थान प्राप्त किया है। छात्रा सर्वजीत कौर ने इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 500 में से 464 अंक प्राप्त किए। सर्वजीत कौर के पिता किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। सर्वजीत कौर प्रतिदिन 4 किलोमीटर साइकिल चलाकर स्कूल पहुंचती थीं। घर पहुंचने के बाद सर्वजीत कौर कुछ देर आराम करने के बाद पढ़ाई करने लग जाती थीं। सर्वजीत कौर की मां नीतोबाई का कहना था कि उन्होंने हमेशा उसे पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। सर्वजीत को कभी घर का काम करने नहीं दिया। उनका कहना था कि परिवार के सदस्य जब सो जाते थे तब सर्वजीत कौर पढ़ाई करने लग जाती थी।

प्रियंका को मिठाई खिलातीं मां और पूर्व प्रधानाचार्य सुरेश प्रजापति एवं अन्य।

इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में प्रियंका ने मारी बाजी

गदरपुर : सलारपुर रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी प्रियंका ने उत्तराखंड इंटर बोर्ड परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में 15 वां स्थान प्राप्त किया है। प्रियंका ने उत्तराखंड इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 500 में से 468 अंक प्राप्त किए। गरीब परिवार की प्रियंका के पिता देसराज कंबोज ट्रक ड्राइवरी करते हैं। स्कूल टाइम के बाद प्रियंका अपनी पढ़ाई में छह घंटे का अतिरिक्त समय दिया करती थीं। आर्थिक तंगी होने के कारण उसके लिए नई पुस्तकें खरीद पाना मुश्किल था। लेकिन उसके पिता देसराज कंबोज ने प्रियंका की पढ़ाई के लिए उसे किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी। राजकीय इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य सुरेश प्रजापति सहित सभी अध्यापकों ने प्रियंका के उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रियंका अपनी पढ़ाई को पूरा करके आईएएस अफसर बनाना चाहती है। अलीशा के पिता मास्टर याकूब शहर की एक दुकान पर सिलाई का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि चार बेटियां और एक बेटा होने के बावजूद उन्होंने बेटियों को हमेशा पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बेटियां भी बेटों के बराबर हैं और उनकी बेटी अलीशा ने उसे साबित कर दिखाया। अलीशा ने 2020 में हाईस्कूल परीक्षा में 18वां स्थान प्राप्त किया था।

धारावाहिक देख आईपीएस बनने का देखा सपना

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : उत्तराखंड बोर्ड के इंटर में प्रदेश में पांचवी रैंक लाने वाली काशीपुर की सोनाली यादव आगे चलकर आईपीएस बनना चाहती हैं। आईपीएस बन वह महिलाओं को भयमुक्त माहौल प्रदान कर देश की सेवा करने की इच्छुक हैं। 478 अंक हासिल कर 95.60 प्रतिशत हासिल करने वाली सोनाली पर तुलाराम राजाराम विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के साथ उनके माता-पिता को गर्व है।

बचपन से पढ़ाई में होशियार सोनाली आईपीएस बनने का सपना देख रही हैं और अपने सपने को हकीकत में बदलने के लिए लगातार कड़ी मेहनत में जुटी हुई हैं। जिसका परिणाम आज इंटर में पांचवी रैंक लाना है। आईपीएस बन सोनाली महिलाओं पर होने वाले अत्याचार के खिलाफ लड़ देश के लिए कुछ कर दिखाने का जज्बा रखती हैं। सोनाली बताती है कि आईपीएस बनने की प्रेरणा उन्हें एक चैनल पर वर्ष 2011 में आए धारावाहिक दीया और बाती को देखकर आयी। जिसमें एक संध्या नाम की युवती के आईपीएस बनने की कहानी और उसके बाद देश के लिए मर मिटने के जज्बे को देख सोनाली ने भी आईपीएस बनने की ठान लेती है।

वहीं उसके सपने को पूरा करने के लिए उसके माता-पिता व भाई भी समर्थन करते हैं। सोनाली की माता विमला यादव बताती है कि यह कहती रहती है कि एक हाथ में टोपी और दूसरे हाथ में कलम लेकर वह लोगों को न्याय दिलाने का कार्य करेगी। आज इंटर में पांचवी रैंक लाकर उसने अपना सपना पूरा करने के लिए पहला कदम बढ़ा दिया है।

इंटर की टॉपर सोनाली को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य व परिजन।

ध्यान केंद्रित कर पढ़ने से मिलती है सफलता

काशीपुर : सोनाली ने अपनी सफलता का राज बताते हुए कहा कि वह स्कूल के साथ तीन से चार घंटे रोजाना पढ़ाई करती थीं और स्कूल में टीचर द्वारा बताए गए टॉपिक को ध्यान से समझती थीं। इसके चलते उन्हें अलग से ट्यूशन की जरूरत नहीं पड़ी। अपने जूनियर को भी उन्होंने फोन से दूर रहकर पढ़ाई पर फोकस करने के लिए प्रेरित किया।

राजकीय कन्या हाईस्कूल शांतिपुरी में टॉपर छात्राओं को मिठाई खिलाते शिक्षक।

शांतिपुरी में 10वीं में योगेश व 12वीं में वंश ने किया टॉप

शांतिपुरी : जीआईसी शांतिपुरी में हाईस्कूल स्तर पर 74 .6 प्रतिशत अंकों के साथ वंश जोशी व इंटर में 88 .8 प्रतिशत अंक अर्जित कर योगेश बगडवाल ने विद्यालय टॉप किया है। यहां हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में क्रमश : 73 .6 प्रतिशत अंकों के साथ इरफान दूसरे व 64 .8 प्रतिशत अंकों अर्जित कर नौसाद तीसरे स्थान पर रहे। जबकि इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक अर्जित कर पायल रौतेला दूसरे व 84 .4 प्रतिशत अंकों के साथ काजल दानू तीसरे स्थान पर रहीं। विद्यालय में हाईस्कूल का परीक्षाफल 80 प्रतिशत व इंटर का परीक्षाफल 93 प्रतिशत रहा। इसके अलावा शांतिपुरी के राजकीय कन्या हाईस्कूल का बोर्ड परीक्षाफल 100 प्रतिशत रहा। छात्रा मीनाक्षी जोशी ने 93 .4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय टॉप किया। जबकि 87 .4 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रिया अधिकारी दूसरे, 86 .6 प्रतिशत अंक लेकर वैशाली जोशी तीसरे व 76 .6 प्रतिशत अंकों के साथ कु. ब्रिजेश चौथे स्थान पर रहीं।

दिनेशपुर नवोदय इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानाचार्य व शिक्षक।

सागर अरोरा ने पूरे प्रदेश में पाया 23वां स्थान

बाजपुर : इंटर कालेज बाजपुर के होनहार छात्र सागर अरोरा पुत्र प्रवेश अरोरा ने उत्तराखंड विद्यालयीय शिक्षा परिषद रामनगर की इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की मेरिट सूची में 23वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। सागर विज्ञान वर्ग का छात्र है जिसने आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद मेरिट लिस्ट में स्थान पाया है और ब्लाक में पहले स्थान पर है। छात्र को इस उपलब्धि के लिए प्रबंध समिति की अध्यक्षा सुरेशी शर्मा, प्रबंधक सुरेंद्र शर्मा, प्रधानाचार्य कैप्टन एसपी सिंह एवं शिक्षकों व स्टाफ ने बधाई दी है। इस मौके पर प्रवीण कुमार अरोरा, प्रदीप चंद जोशी, राजेंद्र सिंह चौहान, धीरज सक्सेना, नौबहार सिंह, योगेंद्र कुमार भक्त, रामाशंकर, भूपेंद्र कुमार, रविंद्र सिंह मौजूद रहे।

इंटर कॉलेज बाजपुर के छात्र सागर अरोरा को मिठाई खिलाकर बधाई देते शिक्षक।

जसपुर की फिजा प्रदेश में 13वें स्थान पर

जसपुर : उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षा में जानकी सिंह स्मारक इंटर कॉलेज महुवाडाबरा, जसपुर निवासी फिजा पुत्री तस्लीम अहमद ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इंटरमीडिएट की परीक्षा की मेरिट सूची में प्रदेश में 13 वां स्थान प्राप्त किया। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुओं तथा अपनी माता अमीर जहां पिता तस्लीम अहमद अंसारी को दिया। उसने बताया कि वह टीचर बनना चाहती है। कॉलेज के एमडी सौरभ चौहान ने बताया कि पहली बार उनके कॉलेज की छात्रा ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। उनके कॉलेज के हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट के 150 से अधिक विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। जिसमें इंटरमीडिएट की 21 छात्राएं उत्कृष्ट श्रेणी से उत्तीर्ण हुईं तथा हाई स्कूल की 6 छात्राएं उत्कृष्ट श्रेणी से उत्तीर्ण हैं।

जसपुर में मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा फिजा के साथ शिक्षक।

इंटर की कोमल व खुशबू एवं हाईस्कूल के रूप चंद्र बने टॉपर

दिनेशपुर : उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाफल में नवोदय इंटर कॉलेज चक्कीमोड़ (कूल्हा) के इंटरमीडिएट का परिणाम 90% एवं हाईस्कूल का परिणाम 95% रहा। इंटर के परिणाम में कोमल सामंत व खुशबू जोशी ने 84% एवं हाईस्कूल बोर्ड में रूप चंद्र हालदार ने 85% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। विद्यालय के प्रबंधक हरीश जोशी ने बताया कि इंटर बोर्ड परीक्षा में 20 एवं हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 26 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रृषभ जोशी, ग्राम प्रधान सुंदर गिरी गोस्वामी, उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, कैलाश शर्मा, राजेंद्र सिंह मेहरा, गोविंद सिंह चौहान, प्रयाग दत्त कांडपाल, वीरेंद्र सिंह पवार, चंद्रमणि देवराड़ी, दान सिंह बड़ती, योगेश पानू, ललित खोलिया, चंचल सिंह देऊपा मौजूद रहे।

अमरजीत ने 55 साल की उम्र में किया इंटर

मनोज आर्या, रुद्रपुर

अमृत विचार : हुनर और हौसले को किसी सहारे की जरूरत नहीं होती। यदि इंसान ठान ले तो हर मुकाम हासिल कर सकता है। यही हौसला जसपुर की रहने वाली 55 साल की अमरजीत कौर में देखने को मिला। जहां एक मां ने पहले मां होने की जिम्मेदारी निभाई और उसके बाद शिक्षा का जज्बा पैदा किया। मंगलवार को उत्तराखंड बोर्ड में अमरजीत ने 76 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की।

अमरजीत कौर।

परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद एक साक्षात्कार में इंटरमीडिएट परीक्षा पास अमरजीत कौर ने बताया कि पति सुरेंद्र अरोरा कपड़ा कारोबारी हैं और बड़ी बेटी शिवानी अरोरा ने एमबीए, बेटा शिवम अरोरा यूपीएससी का कोचिंग सेंटर और छोटा बेटा पिता का कारोबार संभालता है। बताया कि कम आयु में शादी होने के बाद परिवार की जिम्मेदारी आने के कारण शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाई थी और तीनों बच्चों को बेहतर स्कूल में शिक्षा देने के बाद सभी बच्चे अपने बेहतर भविष्य की दिशा में जा चुके थे। बताया कि बचपन से ही पढ़ने का शौक था। परिवार की जिम्मेदारी निभाने के बाद बच्चों ने दोबारा शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज हमीरावाला जसपुर से परीक्षा फार्म भरा और इंदिरा गांधी राजकीय इंटर कॉलेज बदियोंवाला परीक्षा केंद्र से परीक्षा दी। मंगलवार को उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा परिणाम आने के बाद परिवार में खुशी है।

जन्मभूमि विद्यालय ने पहली बार मारा मैदान

रुद्रपुर : ट्रांजिट कैंप स्थित जन्मभूमि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने पहली बार मेरिट सूची में स्थान बनाने में सफलता प्राप्त की है। छात्र करनदास ने हाईस्कूल में 22 वां स्थान प्राप्त किया है। करनदास ने 95 .20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। यहां के प्रबंधक डॉ. सुमित राय ने बताया कि उनके विद्यालय में पहली बार किसी छात्र ने मैरिट सूची में अपना दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि वह अपने गांव बिजनौर गया हुआ है।

करनदास।

खीमा बिष्ट इंटर कॉलेज के टॉपर सहित मेरिट में आए बच्चों को मिठाई खिलाते शिक्षक।

खीमा बिष्ट इंटर कॉलेज के चार विद्यार्थी मेरिट में आए

खटीमा। खीमा बिष्ट इंटर कॉलेज गौझरिया पटिया ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में चार छात्र-छात्राओं ने मेरिट में स्थान हासिल किया है। खीमा बिष्ट इंटर कॉलेज की चांदनी खोलिया ने हाईस्कूल में 96 .2 प्रतिशत अंक के साथ 17वां स्थान प्राप्त कर ब्लॉक की टॉपर बनी है। चांदनी बैंक मैनेजर बनाना चाहती है। वहीं खुशी राणा ने 94 .6 प्रतिशत अंक के साथ मेरिट में 25वां स्थान हासिल किया है। इधर इंटरमीडिएट परीक्षा में विद्यालय की आकांक्षा बिष्ट ने 93 .80 प्रतिशत अंक के साथ मेरिट में 14वां स्थान हासिल किया है। खुशी के पिता रघुवर बिष्ट सरकारी शिक्षक हैं जबकि माता दीपा बिष्ट प्रधानाचार्य हैं। वहीं आयुष चंद ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट में 23वां स्थान प्राप्त किया है।

आरएएन स्कूल में विद्यार्थियों ने दिखाई नृत्य की कला, सोसाइटी फॉर प्रमोशन ने किया आयोजन

इंडियन क्लासिकल डांस नाइट में मचाया धमाल

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आरएएन पब्लिक स्कूल सभागार में सोसाइटी फॉर द प्रमोशन द्वारा आयोजित इंडियन क्लासिक म्यूजिकल नाइट में धमाल मचाया और विद्यार्थी व अभिभावक भावविभोर हो गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ पद्मश्री विदुषी गीता चंद्रन, डॉ. पल्लवी शर्मा, डॉ. नितिका पांडेय, विद्यालय के संस्थापक सेवानिवृत्त विंग कमांडर एचके राय, मधु राय, मोहित राय, निधि राय ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। साथ ही प्रधानाचार्य भावना भनोट ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट को भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना और क्लासिकल नाट्य नृत्य कला की हर मुद्रा की कला दिखा कर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान पद्मश्री गीता चंद्रन ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति देकर तालियां बटोरी। मुख्य अतिथि गीता चंद्रन ने कहा कि युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति व परंपरा को कभी नहीं भूलना चाहिए। भरतनाट्यम भारतीय संस्कृति की पहचान है। वर्तमान में पाश्चात्य संस्कृति का दुष्प्रभाव युवा पीढ़ी पर देखने को मिल रहा है। उन्होंने अलौकिक संस्कृति के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

आरएएन स्कूल में क्लासिकल नृत्य करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

भरतनाट्यम करतीं पद्मश्री गीता चंद्रन।

विवाहिता की मौत के मामले में पति गिरफ्तार

काशीपुर, अमृत विचार : जहरीले पदार्थ के सेवन से हुई विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। थाना कुंडा पुलिस को सौंपी तहरीर में थाना कुंडा निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी पुत्री का विवाह मुरादाबाद स्थित देहरी गांव निवासी राजू कुमार के साथ हुआ था।

आरोप लगाया कि उसका पति राजू व ससुराली उनकी पुत्री के साथ दुर्व्यवहार करने लगे। इससे वह परेशान रहने लगी। यह भी आरोप लगाया कि कुछ समय उसके पति ने पुत्री के आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बना वायरल कर दिए। इससे क्षुब्ध होकर उनकी पुत्री ने जहरीला पदार्थ पीकर जान दे दी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर थी। सोमवार रात को पुलिस ने आरोपी राजू कुमार निवासी देहरी गांव को घर से गिरफ्तार कर लिया।

पंत विवि में ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ी

पंतनगर, अमृत विचार : जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में वर्ष 2024-25 के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर, एमसीए, पीएचडी एवं एमबीए/एमबीए (एग्रीबिजनेस) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है। विवि के प्रवेश संयोजक डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि विवि में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया पहली अप्रैल से शुरू की गई थी। जिसमें ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई थी। अब इस तिथि को सात मई तक के लिए बढ़ा दिया गया है। बताया कि सभी पाठ्यक्रमों से संबंधित विस्तृत विवरण विवि की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटजीबीपीयूएटीडॉटएसीडॉटइन अथवा प्रवेश पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटजीबीपीयूएटीडॉटओआरजीडॉटइन पर देखा जा सकता हैं। डॉ. राजीव ने बताया कि एमबीए/एमबीए (एग्रीबिजनेस) व पीएचडी (मैनेजमेंट) पाठ्यक्रम में प्रवेश सीएटी/सीएमएटी की मेरिट के आधार पर किए जाएंगे।

चोरी की 15 मोटरों के साथ दो गिरफ्तार

खटीमा : हिलव्यू कॉलोनी के 15 घरों से पानी की मोटर चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की मोटरों के स्पेयर पार्ट्स बरामद किए हैं। हिलव्यू कॉलोनी कंजाबाग निवासी नरेन्द्र कुमार ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि 26 मार्च की रात्रि चोरों ने उनके घर पर लगी पानी का मोटर चोरी कर ली गई थी। इसके अलावा चोर हिलव्यू कालोनी के ही रहने वाले जगदीश चन्द्र जोशी, विनिता कांडपाल, दीवान सिंह बोहरा, रमेश चन्द्र तिवारी, नरेन्द्र सिह, कुंदन सिंह बोरा, हरीश अधिकारी, हेम चंद्र जोशी, हनुमान सिंह मुंडेला, ललित बिष्ट, भरत पांडे, मीना मेहता, रविन्द्र सिंह ज्याला आदि के घरों के पानी की मोटरें 26 मार्च से 27 अप्रैल तक के मध्य चोरी हुई थीं। पुलिस टीम ने मंगलवार को आरोपी आमिर उर्फ अमीरा व मो. सलमान उर्फ भूरा निवासी ढक्कन वाली गली इस्लामनगर को टनकपुर रोड अमांऊ में एक खाली प्लाट से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों के कब्जे से पानी के 15 मोटरों के पार्ट्स बरामद किए।

पीएसी में सिपाही ने साथी को ईंट मारकर किया लहूलुहान

घायल सिपाही के सिर में आए सात टांके, आरोपी सस्पेंड, जांच शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : 31वीं वाहिनी पीएसी परिसर में एक सिपाही ने दूसरे सिपाही पर ईंट से कातिलाना हमला कर दिया। लहूलुहान हालत में सिपाही को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सिपाही के सिर में सात टांके आए हैं। घायल सिपाही की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। साथ ही आरोपी को सस्पेंड कर दिया गया है। सहायक सेनानायक तपेश चंद्र मामले की जांच करेंगे।

31वीं वाहिनी पीएसी में सिपाही अजमेर सिंह और सिपाही दीपक कुमार की तैनाती है। दोनों ही सिपाही वाहिनी की बैरिक में एक साथ ही रहते हैं। बताया जा रहा है कि सोमवार की शाम साढ़े सात बजे आरोपी सिपाही साथी अजमेर की बाइक बिना बताए ले गया और साढे.आठ बजे बाइक को क्षतिग्रस्त करके खड़ी कर दी। जब अजमेर ने इसका विरोध किया तो दोनों की बीच कहासुनी हो गई।

मामला सुलझाने के बाद सिपाही अजमेर साढ़े नौ बजे अपनी बैरक में जाकर लेट गया। तभी अचानक आरोपी सिपाही दीपक हाथ में ईंट लेकर आया और बिस्तर पर लेटे सिपाही अजमेर के सिर पर ताबड़तोड़ प्रहार करना शुरू कर दिया। इससे सिपाही लहूलुहान हो गया। इससे बैरक में मौजूद पीएसी कर्मियों में हड़कंप मच गया। इस बीच आरोपी सिपाही मौके से फरार हो गया। आनन-फानन में सिपाही को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां घायल सिपाही के सिर में सात टांके आए। सूचना मिलने पर सहायक सेनानायक तपेश चंद्र सहित अधिकारी अस्पताल पहुंचे। मंगलवार की सुबह घायल सिपाही अजमेर सिंह ने आरोपी सिपाही दीपक के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी सिपाही को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी और तहरीर के आधार पर हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

कार्रवाई

- आरोपी सिपाही पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज
- सहायक सेनानायक करेंगे मामले की जांच

सोमवार की देर शाम वाहिनी के दो पीएसी कर्मियों में हुए विवाद के बाद सिपाही पर हमले का मामला संज्ञान में है। घायल सिपाही द्वारा मुकदमा पंजीकृत करवाया गया है। आरोपी सिपाही दीपक को सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही आरोपी सिपाही के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। **-तपेश चंद्र**, सहायक सेनानायक

उप ब्लॉक प्रमुख की इलाज के दौरान मौत

काशीपुर, अमृत विचार : उप ब्लॉक प्रमुख की दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

उप ब्लॉक प्रमुख अजय कश्यप पीलिया की शिकायत पर 10 दिन पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती हुए थे। जहां हालत खराब होने पर परिजन इलाज के लिए उनको दिल्ली स्थित एक प्राइवेट अस्पताल ले गए। जहां सोमवार की रात इलाज के दौरान मौत हो गई।

मौत की सूचना पर परिजनों में शोक हो गया। परिजन उनके पार्थिव शरीर को लेकर काशीपुर निवास पर पहुंचे। जहां लोगों ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

अग्रवाल महासभा की नगर इकाई का गठन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : अग्रवाल महासभा का अग्रवाल धर्मशाला में वार्षिक अधिवेशन हुआ। जहां वार्षिक आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत होने के बाद प्रांतीय पदाधिकारियों की मौजूदगी में नगर कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया। इसमें अर्जुन को नगर अध्यक्ष व अमित को नगर महामंत्री का दायित्व सौंपा गया।

सोमवार की देर शाम वार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ वरिष्ठ अग्र बंधु गजानंद बंसल ने किया। इस दौरान कोषाध्यक्ष नरेंद्र बंसल ने विगत वर्षों के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया और आम सभा ने इसकी पुष्टि भी की। इसके बाद चुनाव अधिकारी कैलाश गोयल ने चुनाव प्रक्रिया की घोषणा की। इस पर अध्यक्ष पद पर अर्जुन गुप्ता, महामंत्री पर अमित जैन और कोषाध्यक्ष पर रणवीर गुप्ता ने अपना नामांकन दाखिल किया। तीनों पदों के अलावा सभी पदों पर सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का विस्तार हुआ।

इसके बाद अर्जुन गुप्ता को अध्यक्ष, अमित जैन लोहिया को महामंत्री, रणवीर गुप्ता को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अलावा मोहन कुमार अग्रवाल को उपाध्यक्ष, रवींद्र गर्ग, शरद गर्ग, राजेंद्र गुप्ता निर्विरोध मंत्री चुने गए। इसके अलावा मोहन अग्रवाल, महेश गोयल, अखिलेश अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, प्रवीण गोयल, अजीत जैन, मनोज अग्रवाल, ललित अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। इस मौके पर मुंशीराम अग्रवाल, कृष्ण मित्तल, विजय गर्ग, गोपाल गोयल, घनश्याम अग्रवाल, संजय गुप्ता, महेश अग्रवाल, हेमंत गर्ग, सत्य नारायण बंसल, प्रदीप अग्रवाल, प्रवीण गोयल, महेंद्र गर्ग आदि रहे।

नवमनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

जसपुर में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते गांव पतरामपुर के लोग। ● अमृत विचार

फलदार पेड़ काटने से भड़के ग्रामीण

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : फलदार वृक्ष काटने पर एतराज करते हुए गांव वासियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। इस मामले की जांच कर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

मंगलवार को जसपुर क्षेत्र के गांव पतरामपुर के लोगों ने उपजिलाधिकारी जसपुर गौरव चटवाल को ज्ञापन सौंपकर कहा कि गांव की खसरा नंबर 290 व 292 की भूमि में खड़े फलदार वृक्ष काटकर संबंधित किसानों द्वारा रातों-रात अवैध रूप से 7 फीट ऊंचा मिट्टी का भरान कर दिया गया और सरकार को राजस्व हानि पहुंचाई गई। गांव वासियों ने मांग की है कि इस मामले की जांच की जाए और दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में युवा भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह, जसवंत सिंह, गज्जन सिंह, नजीर अहमद, जसवंत सिंह आदि शामिल रहे।

केंचुए का कल्चर वितरित करते कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान व अन्य।

वैज्ञानिकों को वर्मी कंपोस्ट का प्रशिक्षण दिया

पंतनगर, अमृत विचार : जीबी पंत कृषि विवि के प्रसार शिक्षा निदेशालय, आईवीआरआई बरेली के केंचुआ जैव तकनीकी परियोजना और पशु आनुवांशिकी विभाग की ओर से दो दिनी 'जय गोपाल वर्मी कंपोस्टिंग' पर प्रशिक्षण शुरू हुआ। इसमें नौ जिलों के कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक और जिले के प्रगतिशील किसान भाग ले रहे हैं। प्रसार शिक्षा निदेशालय में मंगलवार को प्रशिक्षण का उद्घाटन करते हुए कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि इस प्रशिक्षण से किसानों को लाभान्वित किया जाएगा। निदेशक प्रसार शिक्षा जितेंद्र क्वात्रा और जेडी संजय चौधरी ने प्रशिक्षण की उपयोगिता पर चर्चा की। प्रशिक्षण समन्वयक निर्मला भट्ट ने बताया कि इस दो दिनी प्रशिक्षण में केंचुआ प्रजाति 'जय गोपाल' से वर्मी कंपोस्ट उत्पादन की तकनीकियों और प्रयोगात्मक प्रशिक्षण केवीके के वैज्ञानिकों के लिए किया जा रहा है। इस तकनीक से कम समय में ही कंपोस्ट बनकर तैयार हो जाता है। आईवीआरआई से विकसित जय गोपाल केंचुए का कल्चर भी वितरित किया गया। यहां निदेशक संचार जेपी जायसवाल और रेखीय विभागों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

आरोपी पर केस दर्ज करने के आदेश दिए

काशीपुर, अमृत विचार : सड़क हादसे में एक महिला के घायल होने के मामले में कोर्ट ने कुंडा थाना पुलिस को कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

मोहल्ला कटोराताल निवासी नफीसा खातून ने अपने अधिवक्ता सफदर अली खां के माध्यम से कोर्ट में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था कि 02 दिसंबर 2023 को वह अपने परिवार के साथ कार संख्या (डीएल-1 सीएएफ-8829) से एक शादी समारोह में शिरकत कर घर लौट रही थी। गाड़ी को फारुख चला रहा था। केवीआर अस्पताल के सामने चालक ने तेजी व लापरवाही से कार चलाते हुए डिवाइडर पर चढ़ा दी। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई। अदालत ने कुंडा थाना पुलिस को कार चालक फारुख के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

भाविप के विष्णु अध्यक्ष, राहुल बने सचिव

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : भारत विकास परिषद की रुद्रपुर शाखा इकाई कार्यकारिणी का विस्तार हुआ। इसमें सर्वसम्मति से विष्णु कुमार सक्सेना को महानगर अध्यक्ष और राहुल सिंघल को सचिव बनाया गया। इसके अलावा अन्य पदों पर भी नामों की घोषणा की गई। इसके बाद प्रांतीय नेताओं ने नवमनोनीत पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

सोमवार की देर शाम शहर के एक होटल में रुद्रपुर शाखा का दायित्व समारोह का आयोजन हुआ। जहां परिषद के प्रांतीय महासचिव हरीश शर्मा की मौजूदगी में नगर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। सर्वसम्मति से गठित कार्यकारिणी में विष्णु कुमार सक्सेना को अध्यक्ष, राहुल सिंघल को सचिव, शक्ति बठला को कोषाध्यक्ष, डॉ. वीपी गुप्ता को उपाध्यक्ष सेवा, आनंद अग्रवाल को उपाध्यक्ष संस्कार, आनंद अग्रवाल व केवल कृष्ण इश्पुजानी को उपाध्यक्ष संपर्क, जतिन अग्रवाल व राजेंद्र सहाय को उप सचिव, गुंजन खेड़ा को महिला संयोजिका, काजल व ईशा नारंग को सह संयोजिका, स्नेहा मिढढा व सीमा बिदल को राष्ट्रीय समूह गान प्रतिस्पर्धा संयोजिका, विवेक बिसेन, निशा अरोड़ा, सान्या गंभीर को भारत को जानो प्रतिस्पर्धा का संयोजक, मंजु सिंघल व तन्वी गोयल को गुरु वंदन छात्र अभिनंदन, निधि शर्मा, हरीश इश्पुजानी को गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस संयोजक, संजीव अरोरा व निखिल टंडन को दस जुलाई स्थापना दिवस संयोजक, यमन बब्बर व संदीप पुंशी को रक्तदान संयोजक, संजय कुमार, सुरेश बब्बर को नेत्रदान संयोजक, दीप्ति सलूजा व निधि मितल को नशा मुक्त कार्यक्रम संयोजिका, अमित अरोरा को मीडिया प्रभारी, कैलाश अग्रवाल व विपिन लूथरा को सरल सामूहिक विवाद संयोजक, विशाल गोयल व राघवेंद्र माथुर को पर्यायवरण संरक्षण संयोजक बनाया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिषद चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन कश्मीर सिंह विर्क, राष्ट्रीय प्रकल्प सदस्य नरेंद्र अरोड़ा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष दीपक अरोरा, प्रांतीय संरक्षक विजय भूषण गर्ग, हरनाम चौधरी, प्रांतीय प्रकल्प संयोजिका पारुल गुप्ता, प्रांतीय प्रकल्प संयोजक अमित गंभीर, रुद्रपुर सिटी कोऑर्डिनेटर मनोज अरोरा एवं रुद्रपुर शाखा के मनीष अग्रवाल मौजूद रहे।

रुद्रपुर में शपथ ग्रहण करते भारत विकास परिषद के नवमनोनीत पदाधिकारी। ● अमृत विचार

भाकियू ने किया समस्याओं पर मंथन

जसपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत में किसानों की समस्याओं पर मंथन किया गया। भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत का आयोजन कृषि उत्पादन मंडी समिति में किया गया। इसमें क्षेत्र के किसानों की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया।

भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने सरकार द्वारा बिजली दरों में की गई वृद्धि का विरोध किया। भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता ने कहा कि जिन किसानों ने समूह के माध्यम से सौर ऊर्जा प्लांट लगाने के आवेदन किए हैं। उनके सौर ऊर्जा प्लांट शीघ्र लगाए जाएं। पंचायत की अध्यक्षता शीतल सिंह ने की। भाकियू कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी गौरव चटवाल को ज्ञापन सौंपा।

पहल भारतीय न्याय सुरक्षा एवं साक्ष्य संहिता पर हुई कार्यशाला, पहले चरण में जिले के अधिकारी रहे मौजूद

पुलिस कर्मियों को नए आपराधिक कानूनों की दी जानकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : नई आपराधिक विधियों में हुई तब्दीली भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता वर्ष 2023 को लेकर पुलिस लाइन सभागार में कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें जिले के आला अधिकारियों के अलावा दरोगाओं को विधि की जानकारी दी।

आईपीसी व सीआरपीसी की धाराओं में हुई तब्दीली के बाद पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों में कार्यशाला के माध्यम से जानकारी देने का आदेश दिया था। इसके क्रम में मंगलवार को भारत सरकार द्वारा अधिनियमित नये आपराधिक कानूनों यथा- भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 पर आधारित कार्यशाला आयोजित हुई। इस दौरान एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके ने बताया कि कानून की धाराएं ब्रिटिश हुकूमत के दौर से चली आ रही थीं। इसके बाद भारतीय संविधान को सर्वोच्च न्याय दंडिका माना। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने एक जुलाई से न्याय विधि में कुछ तब्दीली की है। बताया कि भारत का कानून लोकतंत्र का एक मजबूत स्तंभ है, इसलिए सभी पुलिसकर्मियों को संबंधित कानूनों की जानकारी होना बेहद जरूरी है।

समय-समय पर कानूनों में संशोधन होते रहते हैं ताकि वर्तमान में प्रचलित कानूनों का बोध हो सके। इस मौके पर एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, सीओ निहारिका तोमर, एसपी काशीपुर अभय प्रताप सिंह, सीओ अनुषा बडोला, सीओ संचार रेवाधर मठपाल, सीओ ओमप्रकाश शर्मा, सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी, कोतवाल धीरेंद्र कुमार, विक्रम राठौर, हरेंद्र मलिक आदि मौजूद रहे।

कानून विधियों में बदलाव को लेकर बैठक करते एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके। ● अमृत विचार

गैस के लिए केवाईसी कराना अनिवार्य

पंतनगर, अमृत विचार : विवि परिसर की गैस आपूर्ति कंपनी 'पंतनगर गैस सर्विस' के प्रबंधक गणेश चंद्र आर्या और गंगा राम ने बताया कि सभी उपभोक्ताओं को घरेलू गैस को बायोमैट्रिक प्रमाणित (ई-केवाईसी) कराना अनिवार्य है।

ई-केवाईसी नहीं कराने पर उन्हें आने वाले समय में सब्सिडी से वंचित रहना पड़ सकता है और गैस कनेक्शन बंद भी हो सकता है। साथ ही वितरण डाटा सेफ्टी चेक की जाएगी। होम डिलीवरी के दौरान डिलीवरी मैन द्वारा सेफ्टी चेक और आपूर्ति पाइप बदलवाना अनिवार्य है। इस दौरान उपभोक्ता अपना पता और मोबाइल नंबर भी अपडेट करवा सकते हैं। जो लोग ई-केवाईसी नहीं करवाएंगे, उनका गैस कनेक्शन बंद किया सकता है।

स्ट्रांग रूम के बारे में जानकारी लेते सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तु दास।

स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया

रुद्रपुर, अमृत विचार : सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तु दास ने जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह से जनपद की 9 विधानसभाओं के लिए बगवाड़ा मंडी में बनाए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था आदि की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय से लैपटॉप पर स्ट्रांग रूम में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे को देखा एवं वहां पर हो रही गतिविधियों की जानकारी ली। मंगलवार को सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी को जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्ट्रांग रूम बगवाड़ा मंडी की थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। साथ ही पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम के बाहर अग्निशमन यंत्र लगाये गये हैं एवं परिसर में ही तीन अग्निशमन वाहन तैनात किये गये है। उन्होंने बताया कि बगवाड़ा मंडी में ही सीसीटीवी कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसमें अधिकारियों द्वारा 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है।

सार-संक्षेप

परीक्षा नियमों में हुए परिवर्तनों की जानकारी दी

बाजपुर : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को प्राचार्य प्रो .केके पांडेय की अगुवाई में परीक्षा विभाग व आईक्यूएसी द्वारा प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप परीक्षा में हुए परिवर्तन की जानकारी देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें परीक्षा प्रभारी डॉ. आदर्श चौधरी ने आगामी सम सेमेस्टर की परीक्षा में नियमों में हुए परिवर्तनों की जानकारी दी।

तीसरे दिन भी नहीं लगा आमिर का सुराग

किच्छा : तीन दिन से लापता युवक का कोई सुराग नहीं लगने से परेशान युवक के परिजन कोतवाली पहुंचे और लापता युवक को जल्द सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई। नगर के पुरानी गल्ला मंडी निवासी मुन्नी बेगम के साथ कोतवाली पहुंचे तमाम लोगों ने पुलिस अधिकारियों को अपनी पीड़ा सुनाई। पीड़िता मां मुन्नी बेगम ने कहा कि उसका 22 वर्षीय पुत्र आमिर अहमद विगत 28 अप्रैल की शाम को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था तथा उनके द्वारा पुलिस को भी सूचना दर्ज कराई गई। उन्होंने बताया कि घर से जाते समय पुत्र आमिर घर में रखी 20 हजार रुपए की नगदी भी ले गया है तथा गायब होने के बाद से लगातार आमिर का मोबाइल फोन बंद आ रहा है। पीड़िता ने पुलिस से गुहार लगाते हुए पुत्र आमिर को जल्द सकुशल बरामद करने की मांग की है।

लापता आमिर अहमद।

बिजली के दामों में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

खटीमा में एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी कार्यकर्ता।

खटीमा : प्रदेश में बिजली के दामों में की गई बढ़ोत्तरी को लेकर तहसील पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने बढ़ाए गए दामों को तत्काल वापस लेने की मांग की। उन्होंने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को सौंपा। कांग्रेस नगर अध्यक्ष रबीश भटनागर के नेतृत्व में तहसील पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में कहा है कि प्रदेश सरकार के द्वारा बिजली के दामों में लगातार वृद्धि की जा रही है। इससे आमजन मानस पर इसका सीधा प्रभाव पड़ रहा है। कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल से प्रदेश में बिजली दरो में की जा रही वृद्धि को रोकने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में पीसीसी सदस्य उमेश राठौर बॉबी, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद, राशिद अंसारी, उमेश चंद, नूर मोहम्मद, आरिफ अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, पंकज टम्टा आदि मौजूद थे।

शराब के नशे में धुत युवक की मौत

बाजपुर : शराब के नशे में धुत झारखंड निवासी एक युवक की मृत्यु हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसपास के लोगों ने युवक को बाजपुर के जिला उप चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने युवक को जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया। भटखीजरी महुवा टोली पोस्ट भटखीजरी लोहरदगा झारखंड निवासी विकास उरांव (33) पुत्र टेगा उरांव अपने घर से बाजपुर के ग्राम हरिपुरा हरसान में पानी के टैंक का कार्य करने के लिए आया था। इस दौरान सोमवार की देर रात्रि वह शराब पीकर टेंट में अपने साथियों के साथ सो गया था। जब मंगलवार की सुबह उसके साथियों ने उसे उठाया तो पता चला कि वह मर चुका है। इसके बाद उसे अस्पताल में लाया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही इस घटना के संबंध में मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

फॉगिंग नहीं होने से नगर में बढ़ा मच्छरों का प्रकोप

शक्तिफार्म : बढ़ती गर्मी में मक्खी-मच्छरों ने पनपना शुरू कर दिया है। वहीं फॉगिंग नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप और भी बढ़ गया है। मंगलवार को निवर्तमान सभासद विक्रम सिंह भंडारी ने अधिशासी अधिकारी को सौंप गए पत्र में कहा कि नगर में लगातार मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। ऐसे में डेंगू, मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। उन्होंने अपने पत्र में नगर पंचायत शक्तिगढ़ से नियमित फॉगिंग और मशीन से दवाइयां का छिड़काव कराने की अपील की है।

युवक के साथ मारपीट

बाजपुर : झगड़ा होने की सूचना पर गए युवक के साथ कुछ युवकों ने जानलेवा हमला कर घायल कर दिया जिसे गंभीरावस्था में उपजिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पीड़ित के पिता ने दो युवकों को नामजद करते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। ग्राम चकरपुर निवासी यशपाल ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि 29 अप्रैल की देर रात करीब 9 बजे पुत्र वंश के मोबाइल पर फोन आया कि फैक्ट्री में लड़ाई हो गई है, जिस पर वंश फैक्ट्री चला गया। आरोप है कि वहां पर मौजूद दो युवकों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर गाली-गलौज करते हुए वंश पर जानलेवा हमला कर दिया तथा उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। चीखपुकार सुनकर पहुंचे आस-पास के लोगों द्वारा जैसे-तैसे पुत्र को बचाया गया। साथियों द्वारा वंश को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीरावस्था में हायर सेंटर रेफर कर दिया है। सूचना मिलने पर पुलिस कर्मी भी मौके पर पहुंच गए, लेकिन तब तक दोनों पक्ष वहां से जा चुके थे। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

धोखाधड़ी के आरोप में दो आरोपी गिरफ्तार

दिनेशपुर : नाम बदलकर पैसा निकालने बैंक पहुंचे महिला व पुरुष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने बताया सोमवार को जाफरपुर स्थित ग्रामीण बैंक में एक महिला व पुरुष पहुंचे। महिला ने अपना नाम हरवंश कौर पत्नी अवतार सिंह निवासी रायपुर बताते हुए पैसे निकालने को फार्म भरा। इस पर शाखा प्रबंधक को शक होने पर पता चला कि जिस महिला के नाम से पैसा निकालने की बात कही जा रही है। उसका पूर्व में निधन हो चुका है। शाखा प्रबंधक साक्षी गोस्वामी की तहरीर पर पुलिस ने नानकमत्ता निवासी हरकेवल सिंह व एक महिला को हिरासत में लिया। दोनों से पूछताछ कर धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा कायम कर न्यायालय में पेश किया। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

नगला बाईपास पर शराब से भरा ट्रक पलटा

नगला बाईपास पर बियर की पेटियों को दूसरे वाहन में शिफ्ट करते मजदूर।

शांतिपुरी : नगला बाईपास पर शराब से भरा ट्रक पलटने से करीब 300 पेटी बियर की बोतलें टूटकर क्षतिग्रस्त हो गईं। जबकि शेष सुरक्षित बची करीब 700 पेटी बियर की बोतलों को दूसरे वाहन में शिफ्ट कर भेजा गया। बीते सोमवार देर रात को हल्दूचौड़ स्थित वियर प्लांट से वाहन संख्या यूके07 सीडी 1939 से देहरादून भेजा जा रहा था। तभी रास्ते में नगला बाईपास मोड़ से ठीक पहले दूसरे वाहन को ओवरटेक करते समय वाहन नाले की तरफ पलट गया। इससे उसमें लोड की गईं 1000 बियर की पेटियों में से करीब 300 पेटी बियर की बोतलें टूटकर क्षतिग्रस्त हो गईं। इस हादसे में चालक को भी हल्की चोटें आईं हैं। जिनका प्राथमिक उपचार कराने के बाद मंगलवार प्रात: दूसरे वाहन में लोड कर शेष सुरक्षित बची 700 पेटी बियर की बोतलों को शिफ्ट कर देहरादून भेजा गया।

मेले की आपत्तियों को दूर करें अधिकारी

काशीपुर : ऐतिहासिक चैती मेला को नक्शे के अनुसार न लगाए जाने के मामले को मेला अधिकारी ने एसडीएम अभय प्रताप सिंह आपत्ति का निस्तारण करने के निर्देश दिए। कृष्णानगर वार्ड नंबर के एक व्यक्ति ने चैती मेले में अनाधिकृत दुकानों को लेकर नैनीताल हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया कि चैती मेले में दुकानें, खेल तमाशे और फूड जोन के स्टाल नक्शे के मुताबिक नहीं लग रहे हैं।

पड़ोसी ने धारदार हथियार से की वृद्ध की हत्या

हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज किया, घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

बाजपुर के सरकारी अस्पताल में मृतक के परिजनों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : देर रात्रि बहस के बाद पड़ोसी ने धारदार हथियार व पत्थर मारकर वृद्ध की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार देर शाम साढ़े सात बजे नई आबादी हरिपुरा हरसान निवासी रंजीत राम (60) की पड़ोस में रहने वाले संजय कुमार से किसी बात को लेकर बहस हो गई थी। इसके बाद दोनों पक्षों में गाली-गलौज होने लगी और किसी तरह आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया। आरोप है कि उसके घर पर जाकर बहन से साथ संजय कुमार ने गाली-गलौज की। इसके बाद संजय कुमार वहां से चल गया। आरोप है कि इसी बीच जब रंजीत राम ने संजय कुमार का पीछा किया तो दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। संजय ने रंजीत राम को गड्ढे में गिरा दिया और उसके शरीर पर पत्थर व धारदार हथियार से वार करके उसकी हत्या कर दी। मृतक रंजीत राम के बेटे सुनील कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि संजय कुमार के साथ उसके पिता के साथ मजदूरी करते थे और काफी उठना बैठना भी था। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी संजय को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मृतक रंजीत राम तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। वह अपने पीछे पत्नी, दो लड़के व तीन लड़कियों को रोता बिलखता छोड़ गया है। वह राज मिस्त्री का कार्य करके परिवार का पालन पोषण करता था।

रंजीत राम।

आपसी विवाद के बाद पत्नी ने पति को लोहे की रॉड से पीटा, मौत

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : ग्राम जोगीपुरा में आपसी विवाद के बाद पत्नी ने हमला करके अपने पति की हत्या कर दी है। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर हत्या का मामला दर्ज कर आरोपित पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है।

विकासखंड क्षेत्र के ग्राम जोगीपुरा निवासी रमेश चंद्र (45) पुत्र अविनाश चंद्र का अपनी पत्नी विमला रानी से सोमवार की देर रात घरेलू बात को लेकर विवाद हो गया था। बताया जाता है कि विवाद के दौरान पत्नी के हमले में रमेश के सिर पर चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया और जब तक अस्पताल लेकर जाया गया उसने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी से पुलिस में भी हड़कंप मच गया। आनन-फानन में ही कोतवाल मनोज रतूड़ी, बन्नाखेड़ा चौकी प्रभारी विक्रम सिंह धामी, एसआई रमेश बेलवाल मय फोर्स के मौके पर पहुंच गए और गहनता से घटना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी व साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने आरोपित महिला को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। बताया गया कि मृतक के चार बच्चे हैं जिनमें से एक बेटी की शादी हो चुकी है। करीब 22 वर्ष पहले उसकी शादी ग्राम झूनी मजरा गदरपुर निवासी विमला रानी पुत्री बूटा राम के साथ हुई थी। वह वेल्डर का काम करता था और घर के नजदीक वर्कशाप खोल रखी थी। पिछले कई दिनों से पति-पत्नी के बीच घरेलू कलह चल रही थी। वहीं मृतक के भाई राजेंद्र चंद्र ने तहरीर देकर कहा है कि भाभी विमला रानी व भतीजी आंचल कंबोज ने भाई द्वारा शादी करने से रोकने व मना करने पर सुनियोजित तरीके से लोहे के मोटे पाइप, रॉड से पीट-पीट कर मारने की बात कही है। वहीं पुलिस ने मृतक के भाई राजेंद्र चंद्र की ओर से दी गई तहरीर पर मामला दर्ज कर विमला रानी को गिरफ्तार लिया है।

रमेश चंद्र।

रॉयल्टी चेक करने के दौरान कर्मियों से अभद्रता, गिरफ्तार

बाजपुर : दोराहा-बाजपुर के नजदीक प्रदेश की सीमा के पास बने माइनिंग चेकपोस्ट पर रॉयल्टी चेक करने के दौरान कर्मियों से अभद्रता कर बैरिकेडिंग तोड़ते हुए जबरन गाड़ी निकाले जाने के आरोपी को पुलिस ने दोराहा से गिरफ्तार कर लिया है।

अन्य आरोपियों की धरपकड़ को पुलिस दबिशें दे रही है। शासन से खनन वाहनों की रायल्टी चेक करने का अधिकार कैलाश माइनिंग कंपनी को मिला है। इसको लेकर उन्होंने दोराहा पर चेकपोस्ट स्थापित किया है। आरोप है कि 27 अप्रैल की मध्य रात्रि करीब 12 बजे एक गाड़ी पर जुनैद, सत्यम समेत पांच लोग वहां पहुंचे और चेकपोस्ट कर्मियों से गाली-गलौज व अभद्रता कर बेरिकेडिंग तोड़ते हुए वाहन को भगा ले गए। पुलिस ने कंपनी कर्मचारी की तहरीर पर जुनैद, सत्यम सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था।

दोराहा चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह ने बताया कि जुनैद को दोराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया है जिसे मंगलवार को न्यायालय में पेश किया गया।

गेहूं का भंडारण करने पर होगी कार्रवाई : डीएम

अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि रबी विपणन सत्र 2024-25 में विकेंद्रीकृत खरीद प्रणाली के तहत मूल्य समर्थन योजना के तहत गेहूं खरीद का कार्य सुचारू है। उन्होंने कहा कि नियमों के विरूद्ध गेहूं का भंडारण अगर कोई करता है और मंडी शुल्क का अपवंचन करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

मंगलवार को जिला कार्यालय में बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि संस्थाओं में गेहूं भंडारण की जांच का उद्देश्य बाजार रेगुलेट करने के साथ ही अवैध भंडारण रोकना है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसडीएम गौरव पांडेय मौजूद रहे।

रोजगार मेले में 380 छात्र-छात्राओं का चयन

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : राजकीय पॉलिटेक्निक में छात्र छात्राओं के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 78 कंपनियों द्वारा 380 छात्र-छात्राओं का चयन किया। मंगलवार को राजकीय पॉलिटेक्निक क्रीड़ा मैदान में कुमाऊं जोन रोजगार मेला लगाया गया। जहां कुमाऊं के विभिन्न पॉलिटेक्निक के छात्र-छात्राओं ने रोजगार मेले में प्रतिभाग किया।

मेले का उद्घाटन प्राविधिक शिक्षा विभाग के निदेशक आरपी गुप्ता ने किया। रोजगार मेले में प्राविधिक शिक्षा विभाग उत्तराखंड निदेशक आरपी गुप्ता, अपर निदेशक देशराज, विशिष्ट अतिथि अमित अग्रवाल, निदेशक प्रौद्योगिकी संस्थान गोपेश्वर ने कहा कि प्लेसमेंट में अन्य राज्यों के प्रति उत्तराखंड राज्य तकनीकी शिक्षा में प्रथम स्थान पर है और प्राविधिक शिक्षा में शत प्रतिशत रोजगार छात्रों को उपलब्ध कराना उद्देश्य है। प्राविधिक शिक्षा उत्तराखंड के उपनिदेशक एसके वर्मा और राजकीय पॉलिटेक्निक काशीपुर के प्रधानाचार्य बीपी सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में बजाज मोटर्स, लोहार इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन, स्किल डेक्स, एडविक हाईटेक, राजेश गोयल कंस्ट्रक्शन, ईस्टर इंडस्ट्री, पशुपतिनाथ लिमिटेड, लूमैक्स, गुजरात अंबुजा एक्सपोर्ट लिमिटेड, वी-गार्ड, कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड, बजाज ऑटो लिमिटेड, मारूति प्राइवेट लिमिटेड, आनंद ग्रुप, रजा कंस्ट्रक्शन एवं अन्य कंपनियां शामिल रही। मेले में विभिन्न पॉलिटेक्निकों से लगभग 1385 छात्र-छात्राओं ने पंजीकृत कराया था। जिसमे रोजगार मेले में 837 छात्राओं ने ही प्रतिभाग किया। शाम तक लगभग 380 छात्र छात्राओं का चयन किया गया तथा कुछ कंपनी द्वारा छात्र-छात्राओं को शॉर्टलिस्टेड भी किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ओपी सिंह ने किया।

रोजगार मेले का रिबन काटकर शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : नगर स्थित बंडिया रजा नगर से सिरौली एनएच 74 तक शहर के बीचोबीच बहने वाली लेफ्ट पाहा नहर कवरिंग कार्य में आड़े आ रहे अतिक्रमण को उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा के नेतृत्व में प्रशासन की टीम ने चिन्हित किया।

इस दौरान एसडीएम ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय से पूर्व अतिक्रमण को स्वयं नहीं हटाया गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि नगर के मध्य बहने वाली लेफ्ट पाहा नहर की कवरिंग का कार्य विगत कई महीनों से जारी है। नगर के रजा नगर से लेकर सिरौली स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग तक नहर को कवर किए जाने का कार्य किया जाना है। इस दौरान नहर किनारे कई लोगों द्वारा कच्चे पक्के निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है। मंगलवार को एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा के नेतृत्व में प्रशासन की टीम ने नहर की जद में आ रहे भवन स्वामियों को किए गए अतिक्रमण को जल्द हटाने की चेतावनी दी।

इस दौरान स्थानीय लोगों द्वारा आपत्ति किए जाने के बाद सिंचाई विभाग की टीम ने कई स्थानों पर नहर की नपत करते हुए स्थानीय लोगों की शंकाओं का समाधान किया। एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने बताया कि नहर कवरिंग कार्य के बीच बिजली के खंभों को शिफ्ट किया जाना है तथा कवरिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यदि अतिक्रमणकारियों द्वारा जल्द ही अवैध निर्माण को नहीं हटाया गया तो कानूनी तरीके से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। मौके पर तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा आदि मौजूद रहे।

किच्छा में दिशा निर्देश देते एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा।

घर से पंखे और बैट्री उठा ले गए दो युवक

बाजपुर : पति की गैरमौजूदगी में पत्नी को झांसे में लेकर दो युवक घर से छत के पंखे व बैट्री उठा ले गए। मामले की जानकारी पर जब पीड़ित आरोपियों के घर गया तो उन्होंने गाली गलौज व मारपीट कर दी। वहीं पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एक युवक को पूछताछ के लिए कोतवाली में बैठा लिया है। ग्राम मरियमपुर नंबर-3 निवासी राहुल ने पुलिस को बताया कि 29 अप्रैल की सुबह वह काम पर चला गया। शाम करीब 4:30 बजे घर लौटा तो देखा कि उसके घर से चार पंखे, ई-रिक्शे की चार बैट्री, रिक्शे का चार्जर आदि सामान गायब था। अपने घर में पूछा तो पत्नी ने बताया कि ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी दो भाई आए थे और राहुल का नाम लेकर कि उसने बाजार में मंगाए हैं पंखे आदि सामान खोल ले गए।

चुनाव में वाहन नहीं देने पर मुकदमा दर्ज किया

संवाददाता, रुद्रपुर

▸▸ नोडल अधिकारी परिवहन ने दी थी तहरीर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेट को वाहन मुहैया नहीं कराने पर वाहन स्वामियों पर मुकदमा दर्ज हो गया है। नोडल अधिकारी परिवहन की तहरीर पर पुलिस ने आचार संहिता उल्लंघन करने और आदेशों की अवहेलना की कार्रवाई की है।

नोडल अधिकारी यातायात निखिल शर्मा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को ध्यान में रखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें नामित नोडल अधिकारी यातायात नियुक्त किया था। बताया कि वाहन संख्या यूके06 टीए 4616 के स्वामी बाला दत्त पांडे निवासी जयनगर छतरपुर, वाहन संख्या यूके06 टीए 5301 मैसर्स ओम इंटरप्राइजेज के राकेश गुप्ता निवासी शिमला बहादुर, वाहन संख्या यूके06 टीए 7274 के संजीव कुमार निवासी भदईपुरा, वाहन संख्या यूके06 टीए 3403 के इमरान खान निवासी वार्ड-नौ बोरिग गली किच्छा को बार नोटिस भेजकर जवाब मांगा गया। बावजूद इसके नोटिस का कोई जवाब नहीं मिला। जिसके बाद पंतनगर थाना पुलिस ने नामित नोडल अधिकारी यातायात निखिल शर्मा की तहरीर पर कई सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उपलब्धि राधाकृष्ण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कार्यक्रम

मेधावियों को बांटे गए पुरस्कार

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : राधाकृष्ण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाजपुर में सत्र 2023-24 का वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष राजेश सिंघल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशीपुर के जिला संघ चालक हरीश कुमार सक्सेना, बाजपुर के खंड संचालक संजय बंसल, विद्यालय के कोषाध्यक्ष राजेश गर्ग एवं विद्यालय की प्रबंध समिति के सदस्य विजय कुमार मित्तल आदि ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय की पीआरटी तथा जूनियर कक्षाओं का परीक्षाफल शत-प्रतिशत तथा नवम तथा एकादश का परीक्षाफल 99 प्रतिशत रहा। कक्षा नर्सरी में आरोही ने प्रथम, निदा शेख ने द्वितीय तथा अवनीत कौर ने तृतीय, कक्षा एलकेजी में आरजू ने प्रथम, प्रभजोत ने द्वितीय, अवनीत ने तृतीय, यूकेजी में आरुष तथा यश ने प्रथम, रिषभ ने द्वितीय, अल्फेज ने तृतीय, कक्षा प्रथम में यशिका ने प्रथम, असजद ने द्वितीय, खुशी ने तृतीय, कक्षा द्वितीय में प्रज्ञा चंद्रा ने प्रथम, माही ने द्वितीय, हर्ष मौर्य ने तृतीय, कक्षा तृतीय में देव सिंह ने प्रथम, रुद्र प्रताप सिंह ने द्वितीय, रहमान ने तृतीय, कक्षा 4 में शिवा ने प्रथम, अतुल ने द्वितीय, वंशिका ने तृतीय, कक्षा पंचम में संध्या ने प्रथम, शिवम ने द्वितीय, सौरभ पाल ने तृतीय, कक्षा षष्ठ में अनु ने प्रथम, ऋषि ने द्वितीय, छवि वर्मा ने तृतीय, कक्षा सप्तम में रोहित ने प्रथम, अर्णव गुप्ता ने द्वितीय, शिवानंद शर्मा ने तृतीय, कक्षा अष्टम में अर्पणा ने प्रथम, अब्दुल्ला ने द्वितीय, कुणाल प्रताप ने तृतीय, कक्षा 9-ए1 में श्रेष्ठा ने प्रथम, तरुण अग्रवाल ने द्वितीय, नीरज ने तृतीय, कक्षा 9-ए2 में प्रियांशु हांडा ने प्रथम, यशराज शर्मा ने द्वितीय, चंदन ने तृतीय, कक्षा 9बी में शिवकुमार ने प्रथम, प्रियांशु चंद्रा ने द्वितीय, सोराज कुमार दिवाकर ने तृतीय, 11ए में अक्षिता भट्ट ने प्रथम, रिंकी ने द्वितीय, विभु ग्रोवर ने तृतीय, 11बी में खुशबू ने प्रथम, मनीषा ने द्वितीय, ओजस्विनी ने तृतीय, 11सी में पलक ने प्रथम, प्रिया ने द्वितीय, पायल ने तृतीय, 11सी1 में सुखविंदर ने प्रथम, अमृत सिंह ने द्वितीय, संजीत कौर ने तृतीय, 11ई में नमन कंबोज ने प्रथम, मोहम्मद अजन ने द्वितीय तथा इशांत शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

भाजपा नेता पर मुकदमा दर्ज होने से आक्रोश

चौकी इंचार्ज को तहरीर देते मोहल्ले वासी। ● अमृत विचार

संवाददाता, सुल्तानपुर पट्टी

अमृत विचार : भाजपा नेता पर मुकदमा दर्ज होने से आक्रोशित मोहल्लेवासियों ने चौकी इंचार्ज को तहरीर देकर की निष्पक्षता से जांच करने की मांग की है। भाजपा नेता राजीव सैनी व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश सैनी ने मोहल्लेवासियों के साथ चौकी इंचार्ज अर्जुन गिरी गोस्वामी को तहरीर देकर उन पर दर्ज मुकदमे की निष्पक्षता से जांच करने की मांग की। बताते चले कि विगत 17 अप्रैल को नरेश व दिनेश पुत्र टीकाराम दोनों सगे भाइयों के बीच झगड़ा हुआ था। राजीव सैनी ने बताया कि हमे षड्यंत्र के तहत फंसाया जा रहा है। पुलिस को तहरीर देकर दिनेश कुमार व षड्यंत्रकारियो के खिलाफ कार्यवाही करने मांग की गई है। चौकी इंचार्ज अर्जुन गिरी गोस्वामी ने बताया की तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

दंपति से ई-रिक्शा चालक ने की मारपीट

बाजपुर : साप्ताहिक हाट बाजार आए दंपति से ई-रिक्शा चालक ने गाली-गलौज व मारपीट कर दी। पीड़ित ने कोतवाली में नामजद तहरीर देकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम लखनपुर निवासी लक्ष्मी पत्नी हेतराम ने पुलिस को बताया कि सोमवार को वह अपने पति के साथ साप्ताहिक हाट बाजार में खरीदारी करने आई थी। देर शाम घर जाते समय एक पकोड़ी की दुकान पर पीछे से पहुंचे ई-रिक्शा चालक ने उसके पति के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध किया तो आरोपी महिला के साथ अभद्रता करने लगा तथा उसके थप्पड़ जड़ दिया। इतना ही नहीं आरोपी उसका मुंह नोचने लगा और मोबाइल छीन लिया। कानों के कुंडल भी नोच लिए। अकेला मिलने पर उसके पति को जान से मारने की धमकी दी है।

आत्मज्ञानं समारम्भः तितिक्षा धर्मनित्यता।
यमर्थान्नापकर्षन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

जो अपनी योग्यता से भली-भांति परिचित हो और उसी के अनुसार कल्याणकारी कार्य करता हो, जिसमें दु:ख सहने की शक्ति हो, जो विपरीत स्थिति में भी धर्म-पथ से विमुख नहीं होता, ऐसा व्यक्ति ही सच्चा ज्ञानी कहलाता है ।

संपादकीय

कारोबार के लिए

दुनिया के तीसरे सबसे अमीर आदमी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के साथ अचानक ऐसा क्या हुआ कि वो भारत के बदले चीन पहुंच गए। मस्क का चीन जाने का निर्णय टेस्ला को पटरी पर वापस लाने की तात्कालिकता की भावना को रेखांकित करता है। फिर भी मस्क का अचानक चीन जाना बहुतों को हैरान कर सकता है। मस्क ने भारत आने से एक दिन पहले अपनी यात्रा रद कर दी, क्योंकि भारत में चुनाव चल रहे थे। इसलिए मस्क की चीन यात्रा को भारत की अवमानना के रुप में नहीं देखा जा सकता। मस्क की स्थगित हुई भारत यात्रा रणनीति में बदलाव को दर्शा सकती है। सीईओ ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि टेस्ला नए मॉडलों में तेजी ला रही है, जिन्हें कंपनी अपने मौजूदा लाइनअप के समान विनिर्माण लाइनों पर तैयार करेगी। विश्लेषकों ने अनुमान लगाया है कि इसका मतलब यह हो सकता है कि कार निर्माता मैक्सिको में एक कारखाने में और देरी करेगा और भारत में किसी भी संयंत्र को रोक देगा। जब मस्क के टॉप अधिकारियों के भारत का दौरा करने के बाद रेड कारपेट पूरी तरह से सज चुका था, ऐसे में चीन ने ऐसा क्या किया कि मस्क को एक झटके में सब छोड़ के चीन जाना पड़ा। दरअसल टेस्ला का मार्केट पहले ही डाउन हो रहा था। इसलिए मस्क ने आपाधापी में चीन का दौरा कर टेस्ला को चीन में नया जीवनदान दिया है। गौरतलब है कि मस्क की चीन यात्रा ऐसे समय हुई है जब चीन और अमेरिका के रिश्ते अच्छे नहीं चल रहे। यूक्रेन-रूस युद्ध समेत तमाम बड़े मसलों पर दोनों देश विपरीत खेमों में खड़े नजर आ रहे हैं।

बीते दिनों ही अमेरिका ने टिकटॉक की चीनी पैरेंट कंपनी को जो चेतावनी दी है, उससे उस पर प्रतिबंध का खतरा मंडराने लगा है। हिंदुस्तान में उन्हें एक बड़ा बाजार नजर आ रहा है, जहां इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अपार संभावनाएं हैं। टेस्ला अरसे से कोशिश में है कि भारत में उसकी एंट्री हो जाए, लेकिन चीन की तुलना में भारतीय इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार छोटा है। इसलिए भले ही अभी मस्क चीन में अपने कारोबार को संभालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनकी चीन यात्रा ने टेस्ला के भारतीय कारोबार के भविष्य पर सवाल खड़े किए हैं। चीन की तरह ही भारत एलन मस्क के लिए एक बड़ा मार्केट हैं ऐसे में मस्क की पूरी कोशिश रहेगी कि वो जल्द से जल्द भारत का रुख करेंगे।

देवगौड़ा से बड़ी उम्मीदें लगाए हुए थे लालू

राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

संयुक्त मोर्चा सरकार की अगुवाई को लेकर इसमें शामिल दलों में जबरदस्त खींचतान थी। पहली पसंद विश्वनाथ प्रताप सिंह ने सरकार का नेतृत्व करने से इंकार कर दिया था। ज्यादा दबाव पड़ने पर निर्णायक बैठक के दिन वे भूमिगत हो गए। ज्योति बसु को उनकी पार्टी सीपीएम के पॉलिट ब्यूरो ने इजाजत नहीं दी। चंद्र बाबू नायडू आंध्र प्रदेश छोड़ने को तैयार नहीं थे।

देवगौड़ा ने कर्नाटक कैडर के आईपीएस सरदार जोगिंदर सिंह को सीबीआई का डायरेक्टर बनाया था। ज्वाइंट डायरेक्टर यू.एन विश्वास जांच टीम की अगुवाई कर रहे थे। लालू की गिरफ्तारी बहुत दूर नहीं थी। पटना से लालू के प्रधानमंत्री देवगौड़ा के फोन निरर्थक साबित हो रहे थे। सुप्रीम अदालत के निर्देश पर हो रही जांच और हाईकोर्ट की उस पर निगरानी के कारण देवेगौड़ा हाथ खड़े कर चुके थे। पर लालू मानने को तैयार नहीं थे। उन्हें लगता था कि देवगौड़ा के इशारे पर सीबीआई उन्हें घेर रही है। बेहद नाराजगी के साथ उन्होंने पटना से फोन पर देवगौड़ा से कहा, "यह सब अच्छा नहीं हो रहा है। जो आप करवा रहे हैं, इसका अंजाम बहुत बुरा होगा।

1996 में बहुमत साबित करने में असफल अटल बिहारी बाजपेई की सरकार सिर्फ तेरह दिन में गिर चुकी थी। 545 सदस्यीय सदन में भाजपा और उसके सहयोगियों की संख्या 186 थी। संयुक्त मोर्चा के 215 और कांग्रेस के 139 सदस्य थे। कांग्रेस के समर्थन से बनी अल्पजीवी चरण सिंह और चंद्रशेखर की सरकारों के कटु अनुभव संयुक्त मोर्चा के नेताओं को बखूबी याद थे। लेकिन तुरंत कोई चुनाव नहीं चाहता था। जाहिर है कि भाजपा की नाकामी के बाद संयुक्त मोर्चा की सरकार कांग्रेस के ही समर्थन से मुमकिन थी। पिछले मौकों की तरह एक बार फिर कांग्रेस ने गैर कांग्रेसी सेक्युलर दलों को बाहर से समर्थन देने का फैसला किया।

संयुक्त मोर्चा सरकार की अगुवाई को लेकर इसमें शामिल दलों में जबरदस्त खींचतान थी। पहली पसंद विश्वनाथ प्रताप सिंह ने सरकार का नेतृत्व करने से इंकार कर दिया था। ज्यादा दबाव पड़ने पर निर्णायक बैठक के दिन वे भूमिगत हो गए। ज्योति बसु को उनकी पार्टी सीपीएम के पॉलिट ब्यूरो ने इजाजत नहीं दी। चंद्र बाबू नायडू आंध्र प्रदेश छोड़ने को तैयार नहीं थे। तामिलनाडु के मुख्यमंत्री के.करुणानिधि ने भी इंकार कर दिया। लालू और मुलायम सिंह दोनों ही एक - दूसरे के नाम पर तैयार नहीं थे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री एचडी देवगौड़ा शुरुआती दौड़ में भले शामिल न रहे हों लेकिन वे अकेले थे, जिनके नाम पर सर्व सहमति बनी।

देवगौड़ा के पिता दूध वितरण का काम करते थे। माली हालत ऐसी कमजोर थी कि वे अपनी चार संतानों में किसी एक की ही पढ़ाई का खर्च उठा सकते थे। ये सौभाग्य एचडी देवगौड़ा के हिस्से में आया। वे सिविल इंजीनियर बने। उनके जिले हासन के लोग काफी दिनों तक उन पुलियों का जिक्र करते थे, जो देवगौड़ा की देख-रेख में बनीं। प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालने के पहले उन्हें कर्नाटक के मुख्यमंत्री के तौर पर काम करने का अनुभव था। लेकिन केंद्र में उन्हें ऐसी सरकार की अगुवाई करनी थी, जिन्हें संयुक्त मोर्चा के दलों को संजोने के साथ ही बात-बात में तिरछी होती कांग्रेस की नजरों का भी ख्याल रखना था।

देवगौड़ा को लगभग ग्यारह महीने सरकार चलाने का मौका मिला। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने जम्मू कश्मीर में छह साल से चले आ रहे राष्ट्रपति शासन को समाप्त कर चुनाव कराए। इंद्र कुमार गुजराल उनकी सरकार में विदेश मंत्री थे। उनकी सलाह पर बांग्ला देश से गंगा जल के बंटवारे का विवाद समाप्त कर समझौता हुआ। जबरदस्त दबाव के बाद भी इस सरकार ने व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) पर हस्ताक्षर नहीं किए। इसी का नतीजा था कि 1998 में अटल सरकार पोखरण में परमाणु परीक्षण कर सकी। विद्रोही नगा नेताओं से शांति समझौता भी इस सरकार की एक उपलब्धि थी।

एक छोटा सा कार्यकाल। अलग दिशाओं में भागते सहयोगी। सबकी कुछ न कुछ चाहत। कांग्रेस का हर वक्त दबाव। इन हालात में प्रधानमंत्री के तौर पर कोई बड़ी छाप छोड़ जाने की देवगौड़ा से उम्मीद नहीं की जा सकती थी। लेकिन चारा घोटाले मामले में फंसे लालू की बेजा मदद से साफ इंकार करके देवगौड़ा ने एक बड़ी लकीर खींची। जनता दल की अंदरूनी खींचतान में लालू-देवगौड़ा साथ थे। प्रधानमंत्री के लिए देवगौड़ा के नाम पर मोहर लगाने वालों में लालू भी शामिल थे। संयोग से लालू पर चारा घोटाले का शिकंजा उन्हीं दिनों कसा जब प्रधानमंत्री की कुर्सी पर देवगौड़ा आसीन थे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई चारा घोटाले की जांच कर रही थी। पटना हाईकोर्ट इस जांच की निगरानी कर रहा था। केंद्र सरकार के हाथ बंधे हुए थे लेकिन देवगौड़ा को अपना आदमी समझते हुए लालू उनसे बड़ी उम्मीदें लगाए हुए थे।

देवगौड़ा ने कर्नाटक कैडर के आईपीएस सरदार जोगिंदर सिंह को सीबीआई का डायरेक्टर बनाया था। ज्वाइंट डायरेक्टर यू.एन विश्वास जांच टीम की अगुवाई कर रहे थे। लालू की गिरफ्तारी बहुत दूर नहीं थी। पटना से लालू के प्रधानमंत्री देवगौड़ा के फोन निरर्थक साबित हो रहे थे। सुप्रीम अदालत के निर्देश पर हो रही जांच और हाईकोर्ट की उस पर निगरानी के कारण देवेगौड़ा हाथ खड़े कर चुके थे। पर लालू मानने को तैयार नहीं थे। उन्हें लगता था कि देवगौड़ा के इशारे पर सीबीआई उन्हें घेर रही है। बेहद नाराजगी के साथ उन्होंने पटना से फोन पर देवगौड़ा से कहा, "यह सब अच्छा नहीं हो रहा है। जो आप करवा रहे हैं, इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। कांस्पीरेसी करनी हो तो भाजपा के खिलाफ करो। हमारे क्यों पीछे पड़े हो।"

चारा घोटाले की जांच लालू- देवगौड़ा के रिश्तों को काफी खराब कर चुकी थी। लालू का धैर्य जवाब दे चुका था। "का जी देवगौड़ा, इसीलिए तुमको पीएम बनाया था कि तुम हमारे खिलाफ केस तैयार करो? बहुत गलती किया तुमको पीएम बनाके।" चारा घोटाले में बुरी तरह फंसे ये लालू यादव थे जो 7 रेस कोर्स के मीटिंग हॉल में जनता दल की संचालन समिति की बैठक में प्रवेश करते समय देवगौड़ा से तल्ख लहजे में मुखातिब थे। देवेगौड़ा का जवाब दो टूक था, "भारत सरकार और सीबीआई कोई जनता दल तो है नहीं कि उसे भैंस की तरह हांक दिया। आप पार्टी को भैंस की तरह चलाते हैं लेकिन मैं भारत सरकार चलाता हूं।" लालू की नाराजगी की देवगौड़ा को खास फिक्र नहीं थी लेकिन उनकी असली चिंता कांग्रेस को लेकर थी, जिसके समर्थन बिना सरकार का टिके रहना मुमकिन नहीं था।

कांग्रेस ने 1979 में चरण सिंह की सरकार बनवाई थी। जनता पार्टी के बिखराव के साथ कांग्रेस का मकसद पूरा हो चुका था। फिर कांग्रेस ने चरण सिंह को संसद का सामना करने तक की मोहलत नहीं दी थी। कांग्रेस को बेदखल करके 1989 में सत्ता में आए विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार भले भाजपा के समर्थन वापसी के कारण गिरी हो लेकिन चंद्रशेखर को समर्थन देकर कांग्रेस ने जनता दल में बड़े बिखराव का रास्ता साफ किया था। चंद्रशेखर सरकार को कांग्रेस का समर्थन सिर्फ चार महीने के लिए मिला। देवगौड़ा ने 1 जून 1996 को शपथ ली। मार्च तक उनकी सरकार ने नौ महीने का सफर तय कर लिया था। सरकार कुछ टिकती नजर आ रही थी। कांग्रेस चिंतित होने लगी। अटकलें लगाई गईं कि कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम केसरी की प्रधानमंत्री पद पर नजर थी और उनकी महत्वाकांक्षा देवगौड़ा साकार के पतन का कारण बनी। लेकिन प्रणव मुखर्जी अपनी किताब 'द कोलिएशन ईयर्स' में इस धारणा को खारिज करते हैं। उनके मुताबिक सरकार में शामिल दल और नेता लगातार कांग्रेस के खिलाफ़ बयानबाजी कर रहे हैं। बोफोर्स जांच भी तेज कर दी गई। सीबीआई डायरेक्टर जोगिंदर सिंह ने रही-सही कसर पूरी कर दी। 22 जनवरी 1997 को वे जेनेवा से एक बॉक्स के साथ आए और नाटकीय दावा किया कि इसमें बोफोर्स में कमीशनखोरी के सबूत भरे हुए हैं। मुखर्जी के मुताबिक असलियत में ऐसा कुछ नहीं था। कांग्रेस समर्थन वापसी के लिए बहाने की तलाश में थी। इसके लिए गांधी परिवार के सम्मान की हिफाजत से माकूल वजह और क्या हो सकती थी? बजट सत्र के दौरान ही 30 मार्च 1997 को कांग्रेस ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया। देवगौड़ा 21 अप्रैल 1997 तक प्रधानमंत्री की कुर्सी पर रहे।

प्रसंगवश

समाजवादी वैचारिकी के पर्याय

मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

पचास के दशक में जब डॉ. राम मनोहर लोहिया ने नेहरू और कांग्रेस की जन विरोधी नीतियों का विरोध करने का संकल्प लिया। उस समय उनके अनन्य वैचारिक सहयोगी के रूप में मधु लिमये का नाम तेजी से उभरकर सामने आया। जिनके सिद्धांतवादी एवं जनप्रतिबद्ध राजनीति के लोहिया भी कायल थे। उसी दौरान प्रजा सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना के समय लोहिया जनरल सेक्रेटरी जबकि मधु लिमये, अशोक मेहता और सादिक अली के साथ जॉइंट सेक्रेटरी बनाए गए। मधु को लेकर लोहिया के मन में विशेष सम्मान था, जिसका उदाहरण गाजीपुर में आयोजित प्रजा समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी में मधु लिमये को आमंत्रित करने के निर्णय से मिलता है। जबकि 1955 में मद्रास के अवाड़ी अधिवेशन में कांग्रेस के प्रस्ताव पर प्रजा समाजवादी पार्टी के बम्बई अध्यक्ष अशोक मेहता के समर्थन का कड़ा विरोध करने की वजह से मधु लिमये को पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। इस आमंत्रण के बाद प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष की हैसियत से आचार्य नरेंद्र देव ने गाजीपुर के प्रादेशिक सम्मेलन पर रोक लगा दी। बावजूद इसके सम्मेलन आयोजित हुआ और इसमें लोहिया के निर्देश पर केंद्रीय नेतृत्व की निंदा की गई। जिसके फलस्वरूप लोहिया को भी निलंबित कर दिया गया। इस घटनाक्रम से समाजवादी आंदोलन में मधु लिमये के महत्व को बखूबी समझा जा सकता है।

मधु लिमये का जन्म 1 मई 1922 को पूना में हुआ था। इनके पिता श्री राम चन्द्र महादेव लिमये थे। प्रो चंपा लिमये इनकी जीवनसंगिनी बनी। जिन्होंने सौहार्द के नाम से अपने पति के लेखों का महत्वपूर्ण संग्रह प्रकाशित करवाया। फर्गुसन कॉलेज में पढ़ाई छोड़कर छात्र जीवन में ही मधु लिमये स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े और अठ्ठारह वर्ष की अवस्था मे 1940-41 में उन्हें कारावास की पहली सजा हुई।' भारत छोड़ो आंदोलन में भूमिगत रहते हुए महाराष्ट्र में उन्होंने आंदोलन का नेतृत्व किया, बाद में पकड़े गए और लंबे समय तक जेल रहे। इस पहचान ने उन्हें समूचे देश में ख्याति दिलाई। आजादी के बाद गोवा मुक्ति आंदोलन का उन्होंने लोहिया के साथ सफलतापूर्वक संचालन किया जिसकी वजह से उन्हें बारह साल की सजा हुई। जो उनके संघर्षशील व्यक्तित्व की बानगी है। मधु लिमये चार बार लोकसभा के सदस्य रहे और अत्यंत प्रखर सांसद के रूप में विख्यात हुए। संसद में उनके प्रवेश के साथ ही सत्ता दल के मंत्रियों के माथे पर बल आ जाता था। संसदीय नियमों के मर्मज्ञ मधु लिमये लोकसभा में गरीबों-मजलूमों के आवाज थे। उनके सांसद रहते प्रायः सभी महत्वपूर्ण बिल बिना बहस के पास नही हो पाता था। उनका हमेशा प्रयास रहता था कि कैसे संसद की छवि आम जनमानस में जनता की बुनियादी समस्याओं के समाधान केंद्र के रूप में मजबूत किया जा सके। इसीलिए मधु लिमये आजीवन जनप्रतिनिधि होने की मर्यादा, राजनैतिक सुचिता और ईमानदारी के पर्याय बने रहे। उनका मानना था कि जनता ने जिस भरोसे और विश्वास से आपको चुना है, उस पर खरे उतरने के लिए नैतिक चरित्र बेदाग होना चाहिए। तभी नेताओं की कही गई बातों का असर जनता पर पड़ेगा। प्रारंभ से अंत तक वे समाजवाद के प्रति समर्पित रहे और गैरबराबरी एवं राजनीतिक तिकड़मों के खिलाफ आवाज उठाते रहे। 1982 में खराब स्वास्थ्य की वजह और मूल्य आधारित राजनीति की गिरावट के कारण राजनीति को अलविदा करने के बाद पूरा समय लेखन में लगाते रहे। जिसके परिणामस्वरूप जीवन के अंतिम दशक में तीस से अधिक और कुल मिलाकर लगभग साठ पुस्तकों का लेखन करने का काम किया। जो राजनीति सहित समाज के अंतर्संबंधों को समझने की दिशा में कारगर साहित्य हैं। जेपी आंदोलन के विस्तार और संपूर्ण विपक्ष की एकता स्थापित करने में मधु लिमये की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही। उन्होंने जनता पार्टी की सरकार में शामिल विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों की दोहरी पार्टी सदस्यता का कड़ा विरोध किया एवं इसके स्थान पर इकहरी सदस्यता की वकालत की।

आपातकाल के दौरान मीसा के अंतर्गत जुलाई 1975 से फरवरी 1977 तक वे मध्यप्रदेश की विभिन्न जेलों में रहे। इसके विरोध में उन्होंने पांचवें लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। मधु लिमये ने विचार की राजनीति करने वाले नौजवानों की एक लंबी फेहरिश्त तैयार की । वो नौजवानों को हमेशा सिद्धांत आधारित राजनीति के लिए प्रेरित करते रहते थे।

वैक्सीन पर स्वीकारोक्ति के मायने

संजय सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

यह सब हुए कई साल बीत गए हैं। बीच-बीच में कोरोना की छोटी-मोटी लहर की चर्चा को छोड़कर कोई बड़ी लहर नहीं आई है। इससे लगता है कि वैक्सीन का असर हुआ है।

कोरोना की कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अदालत में कुबूल किया है कि इस वैक्सीन से कुछ लोगों को हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक होने का कुछ खतरा है। यह वही वैक्सीन है जिसका भारत में सीरम इंस्टीट्यूट के जरिये बड़े पैमाने पर उत्पादन कराया गया। एक प्राइवेट इंस्टीट्यूट द्वारा उत्पादित वैक्सीन का सरकार की ओर से न सिर्फ प्रचार किया गया, बल्कि उसे आईसीएमआर की ओर से प्रमाणित कराकर सुरक्षित घोषित किया गया। जबकि सभी को पता है कि वैक्सीन के ट्रायल जल्दबाजी में किए गए थे। क्लिनिकल एवं अन्य परीक्षणों की लंबी और सालों तक चलने वाली प्रक्रिया को कुछ महीनों और हफ़्तों में यह कहकर संक्षेप में निपटा दिया गया कि यह वक्त की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने स्वयं सीरम इंस्टीट्यूट का दौरा किया और उसके एमडी अदार पूनावाला के साथ मिलकर देश को वैक्सीन उत्पादन बढ़ाने का भरोसा दिया। उन्होंने स्वयं वैक्सीन लगवाकर दिखाई और देशवासियों से वैक्सीन लगवाने की अपील भी की। इसके बाद कोबैक्सीन, कोर्बेवैक्स जैसी कई दूसरी वैक्सीन भी आईं और लगाई गईं। सरकार ने इसे बड़े पैमाने पर खरीदा और जनता को मुफ्त लगाया। देश भर में वैक्सिनेशन कैंप लगाए गए। लोगों को लंबी लाइनों में लगकर वैक्सीन लगवानी पड़ी। वैक्सीन सर्टिफिकेट बांटे गए और अनेक सरकारी सेवाओं के लिए इस सर्टिफिकेट को अनिवार्य कर दिया गया। हम सबके मोबाइल या दराज में यह सर्टिफिकेट अब भी मौजूद है।

यह सब हुए कई साल बीत गए हैं। बीच-बीच में कोरोना की छोटी-मोटी लहर की चर्चा को छोड़कर कोई बड़ी लहर नहीं आई है। इससे लगता है कि वैक्सीन का असर हुआ है। कोरोना के नए वैरिएंट आते हैं और बिना कोई खास असर दिखाई वापस चले जाते हैं। वैक्सीन से पुराना वैरिएंट खत्म हो गया है और इम्युनिटी बढ़ने के कारण नए वैरिएंट को अपनी ताकत दिखाने, बढ़ाने का मौका नहीं मिलता। लेकिन दूसरी तरफ अचानक हार्ट अटैक, हार्ट अरेस्ट और ब्रेन स्ट्रोक के मामले बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। आए दिन इस तरह की खबरें पढ़ने और वीडियो देखने, सुनने को मिलते हैं। अकेले भारत में ही नहीं, दूसरे देशों में भी, जिनमें ब्रिटेन भी शामिल है, जहां कोविशील्ड का आविष्कार हुआ था। जहां की कंपनी एस्ट्राजेनेका ने इसे सबसे पहले बनाया था और जिससे लाइसेंस या सहयोग लेकर बाकी देश और उनकी वैक्सीन कंपनियां इसका उत्पादन कर रही हैं। भारत का सीरम इंस्टीट्यूट इनमें सबसे बड़ा उत्पादक है और इसकी बनाई वैक्सीन की दुनिया भर में सप्लाई होती है। लेकिन अब एस्ट्राजेनेका मुश्किल में है और उसकी मुश्किलों की छाया सीरम इंस्टीट्यूट से लेकर भारत सरकार तक पर पड़ती दिखाई दे रही है। चूंकि भारत में इन दिनों लोकसभा चुनाव चल रहे हैं, इसलिए कर्नाटक के सेक्स स्कैंडल को लेकर पहले से विपक्ष के निशाने पर चल रहे सत्तारूढ़ दल के लिए एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। कोविशील्ड पर एस्ट्राजेनेका के कुबूलनामे ने विपक्ष को सरकार के विरुद्ध एक नया हथियार दे दिया है। कोविशील्ड के बारे में खतरनाक तथ्य सामने आने से उन विपक्षी दलों को भी नई शक्ति मिलेगी जिनके नेताओं ने शुरू में वैक्सीन का मजाक उड़ाया था और इसे भाजपाई वैक्सीन बताते हुए लगवाने से इनकार कर दिया था। हालांकि बाद में जनता के दबाव में उन्होंने वैक्सीन लगवा ली थी, लेकिन अनेक आम लोगों की तरह वैक्सीन को लेकर उनके मन का संदेह पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ था। इनमें समाजवादी पार्टी के मुखिया और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का नाम प्रमुख है। उनका दल इस चुनाव में इंडिया गठबंधन का हिस्सा है।

जबसे एस्ट्राजेनेका के अदालत में वैक्सीन की खामियों को स्वीकार करने की बात मीडिया में उजागर हुई है, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म कोरोना और कोविशील्ड की चर्चाओं से भर गए हैं। सबको जैसे भड़ास निकालने का मौका मिल गया है। कोई इसके लिए एस्ट्राजेनेका और अदार पूणावाला को दोषी ठहरा रहा है तो कोई इसे इलेक्टोरल बांड के चंदे से तो विदेशों में कारपोरेट जगत के लालच से जोड़ कर देख रहा है। यहां तक कि कोरोना महामारी को लेकर भी अब लोग संदेह करने लगे हैं। वे प्रश्न कर रहे हैं कि कहीं यह पश्चिमी धनकुबेरों और सत्ताधीशों की कोई सुनियोजित साजिश तो नहीं थी? जिसके तहत जनसंख्या घटाने के साथ फार्मेसी, हॉस्पिटल, इंश्योरेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए विश्व के करोड़ों लोगों को गिनी पिग बना दिया गया और उनके जीवन और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया गया और इसका ठीकरा चीन पर फोड़ने की कोशिश की गई।

सोशल फोरम

सूरत के बाद इंदौर : कैसा दौर

कमलेश भारतीय
वरिष्ठ लेखक

जैसा सूरत में कांग्रेस के साथ हुआ, बिल्कुल वैसा ही इंदौर में भी हुआ। सूरत में कांग्रेस प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापिस ले लिया था और यही नहीं बसपा व निर्दलीय प्रत्याशियों के नामांकन भी वापिस हो जाने पर भाजपा प्रत्याशी की निर्विरोध जीत हो गई और इसे 'ऑपरेशन निर्विरोध' के तौर पर प्रचारित करने के साथ-साथ भाजपा की लोकप्रियता के रूप में खूब प्रचारित किया गया। अब यही 'ऑपरेशन निर्विरोध' मध्य प्रदेश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में दोहराने की कोशिश की गई। यहां भी कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम ने अपना नामांकन वापिस लेकर एक ऐसा बम फेंका कि कांग्रेस हाईकमान हक्का बक्का ही रह गई। यही नहीं नामांकन वापिस लेने के बाद अक्षय बम ने दूसरा बम फेंकते हुए भाजपा ही ज्वाइन कर ली। यह सबसे बड़ा झटका कहा जा सकता है कांग्रेस के लिए। यहां भी निर्दलीय प्रत्याशियों के नामांकन वापिस करवा कर 'ऑपरेशन निर्विरोध' चलाने की कोशिश रही भाजपा की, कुल तेइस निर्दलियों में से नौ प्रत्याशियों ने नामांकन वापिस ले भी लिए लेकिन अभी चौदह प्रत्याशी बच रहे हैं। आप और सपा ने इंडिया गठबंधन के चलते कांग्रेस के समर्थन में अपने प्रत्याशी ही नहीं उतारे हैं। कांग्रेस या इंडिया गठबंधन का कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं बचा। बहुत मज़ेदार टिप्पणी कांग्रेस के जीतू पटवारी ने की है कि अभी तक बूथ केप्चरिंग का सुना था, यहां तो कांग्रेस प्रत्याशी का अपहरण ही कर लिया गया है। यानी अब प्रत्याशियों का अपहरण होने लगा।

कहते हैं कि अक्षय बम के खिलाफ सत्रह साल पुराने केस की याद दिला कर उन्हें आत्मसमर्पण के लिए भाजपा नेताओं ने तैयार कर लिया। इस तरह कांग्रेस व इंडिया गठबंधन बिना लड़े ही इंदौर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव से बाहर हो गए, जैसे मुक्केबाज रिंग से बाहर हो जाते हैं। अब देखिए बाकी बचे निर्दलीय प्रत्याशियों की विकेट कब आउट होती हैं। आईपीएल के किसी भी रोमांचक मैच की तरह यह 'ऑपरेशन निर्विरोध' भी बहुत रोमांचक होगा। यह ऐसा ऑपरेशन निर्विरोध है, जिसके चलते बाद में कोई, किसी प्रकार की परेशानी ही न आए । क्या नई सूरत है यह राजनीति की। कैसा दौर है यह राजनीति का ?

-फेसबुक वॉल से

जनपदीयता नहीं मनुष्यता

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

एक मित्र ने सोशल साइट पर पहले अपने जनपद और जनपदीय-भाषा की जय का उद्घोष किया और फ़िर सवाल किया है कि जैसा काव्य इस जनपदीय-भाषा में रचा गया है, क्या वैसा काव्य किसी अन्य जनपदीय भाषा में है? स्पष्ट ही यह विभाजित, खंडित और संकीर्ण दृष्टि है। सवाल यह है कि क्या वे काव्य जनपदीय काव्य हैं और क्या उनको किसी एक जनपद की थाती कहा जा सकता है? क्या उन रचनाओं के कवि जनपदीय थे? क्या वे महाकवि इसी संकीर्ण जनपदीय दृष्टि से प्रेरित थे? उन महाकवियों के काव्य में जनपदीयता की जय का उद्घोष है अथवा मनुष्य की संवेदना और मनुष्यता का जयजयकार है? निश्चित ही अवधी, भोजपुरी, मैथिली, अंगिका, बज्जिका, मगही, बुंदेली, ब्रज, मालवी, निमाड़ी, गढ़वाली, कुमाउनी, कौरवी, छतीसगढ़ी, हरयाणवी, राजस्थानी , मेवाती, अहीरवाटी, बांगरू, हिमाचली, कांगड़ी, किन्नरी, डोगरी, मारवाड़ी आदि लोकभाषाएं हिन्दी की प्राण रसधाराएं हैं। राहुलजी ने तो पंजाबी को भी हिंदी की लोकभाषाओं में शामिल किया था। हिंदी की शक्ति इनकी अविच्छिन्नता और समग्रता में है। जनपदीय-भाषाएं हिंदी की कामधेनु हैं। जनपदीय-भाषाओं का साहित्य हिंदी का साहित्य है, हिंदी से अविच्छिन्न है। हिंदी के प्रवाह की निरंतरता से जुड़ा है। ये सभी लोकभाषाएं हिंदी ही हैं।

जनपद और वहां की बोलियों को लेकर उस जमाने के साहित्य-मनीषियों में लंबी बहस छिड़ गई थी। जिन तीन मनीषियों ने हिंदी में "जनपद-आंदोलन" की टेर लगाई थी, वे तीनों ही अंतर-राष्ट्रीयतावादी थे। आचार्य वासुदेवशरण अग्रवाल विश्वविख्यात कलाविद थे। राहुल सांकृत्यायन तो विश्व-नागरिक ही थे, रूस में रहे, श्रीलंका में भी रहे। उनका साहित्य विश्वमानव का साहित्य है। पं. बनारसी दास चतुर्वेदी "विशाल भारत" के संपादक थे, उन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर और महात्मा गांधी के साथ रहने का सौभाग्य पाया था। वे रामानंद चट्टोपाध्याय के विश्वस्त थे। उन्होंने फरवरी 1940 के विशाल भारत में अग्रलेख लिखा-साहित्य का विकेन्द्रीकरण। राहुलजी ने हिंदी के जनपदों की पहचान पर लेख लिखा मातृभाषाओं का प्रश्न और, बोलियों का सवाल उठाया। राहुलजी ने बोलियों के आधार पर जनपदों का रेखांकन किया था। राहुलजी ने हिंदी साहित्य के वृहद इतिहास के सोलहवें भाग में जनपदीय भाषाओं के साहित्य को सम्मिलित किया है। जनपदीय-जन की प्रतिष्ठा के लिए वासुदेवशरण जी ने स्वस्तिवाचन किया। लेख लिखा-जनपदीय-साहित्य। इन तीन लेखों पर व्यापक प्रतिक्रिया हुई। जनपद-आंदोलन का विचार था, जो टूंडेखंगार खेत में काम कर रहा है, उसी की बोली में सहित्य का अमृत-संदेश उस तक पंहुच सके, उसकी बोली में पंहुचे।

रामविलास शर्मा जी कुंडेश्वर तक गए। उन्होंने हिंदी-जाति का स्वर बुलंद किया था। पंडित बनारसीदासचतुर्वेदी ने स्पष्ट किया कि जनपद-आन्दोलन सांस्कृतिक-स्वराज्य की अवधारणा है। यह टेर इतनी व्यापक थी कि प्रगतिशील-आंदोलन का ध्यान गया और शिवदान सिंह चौहान की अध्यक्षता में एक साहित्य मनीषियों की टीम बनी, जिसकी रिपोर्ट उनकी पुस्तक, प्रगतिशील साहित्य के मानदण्ड, के परिशिष्ट के रूप में सम्मिलित है। मधुकर पत्रिका का जनपदीय-अंक निकला। वासुदेवशरण अग्रवाल के संपादन में काशी से जनपद नाम की पत्रिका प्रकाशित हुई। प्रत्येक जनपद में साहित्यमंडल उठ कर खड़े हो गए। आकाशवाणी के रीजनल केन्द्र बने। प्रत्येक जनपद से पत्रिका का प्रकाशन होने लगा। यह अभियान हिंदी जगत के इतिहास में जनपद-आंदोलन के नाम से जाना जाता है। "भाषा-साहित्य-संस्कृति" के "लोकतंत्र" की वह टेर, पुराने साहित्य-मनीषियों के मन के किसी कोने में अवश्य गूंज रही होगी, जो आगे चल कर "जनपद-आंदोलन" के रूप में प्रकट हुई। जनपद-आन्दोलन का संबंध देश के लोकतंत्र से था, लोकजीवन से था , लोकभाषा और लोकसंस्कृति से था।

मई दिवस का आयोजन

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुरुआत 4 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर से की गई। काम के घंटे तय करने के लिए मजदूर यूनियन ने पहली हड़ताल की थी। इस दौरान शिकागो शहर के मार्केट में हुए बम धमाके में 4 मजदूर मारे गए और कुछ घायल भी हुए थे, इसी के बाद काम के घंटे 8, सामाजिक सरोकार के 8 और विश्राम के घंटे 8 को अंतिम रूप दिया गया। भारत में मजदूर दिवस 1 मई 1923 को लेबर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान द्वारा चेन्नई में मनाया गया। आज भी देश के मजदूर, किसान और कर्मचारी बड़े उत्साह के साथ मई दिवस मनाते हैं। देश के कुछ राज्यों में मजदूर दिवस को मनाने के लिए अवकाश भी घोषित है।

बरेली में मजदूर दिवस का आयोजन लंबे समय से होता आ रहा है। एक समय था, जब शहर में फैक्ट्रियों, कारखानों और रेलवे, बैंक आदि के श्रमिक और कर्मचारी एकजुट हो कर मोती पार्क में मई दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ करते थे, लेकिन जैसे-जैसे फैक्ट्रियां और कारखाने, मिलें बंद होते गए मजदूरों और कर्मचारियों की भागीदारी भी कम होती देखी गई। विगत 25 वर्षो से मजदूर दिवस का आयोजन स्थानीय आंबेडकर पार्क में हो रहा है। पहले मई दिवस आयोजन समिति और फिर 2004 से बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन इस आयोजन को करती आ रही है। अबकी बार भी बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन ने जोरदार ढंग से मई दिवस आयोजित करने का निर्णय किया है। शहर के तमाम संगठन लोकसभा चुनावों में व्यस्त होने के बाबजूद तैयारी में जुटे हैं।

बोर्ड परीक्षा परिणाम में बागेश्वर जिला रहा प्रदेश में प्रथम

हाईस्कूल में 95. 42 व इंटरमीडिएट में 95.42 फीसदी रहा रिजल्ट, विद्या भारती के स्कूलों का हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में दबदबा

बागेश्वर में खुशी जताते विवेकानंद विद्या मंदिर के छात्र-छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार : उत्तराखंड बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले के विद्यार्थियों ने मान बढ़ाया है। बागेश्वर जिला परीक्षा परिणाम में प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। हाईस्कूल में 95. 42 फीसदी व इंटरमीडिएट में 95.42 फीसदी परीक्षार्थी सफल हुए हैं। साथ ही हाईस्कूल में पांच और इंटरमीडिएट में 10 परीक्षार्थियों ने स्टेट मैरिट में स्थान पाया है। मंगलवार को रामनगर में परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। मुख्य शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सिंह सोन ने बताया कि परीक्षा परिणाम में जिले ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने अपनी मेहनत से जिले का मान बढ़ाया है।

डॉक्टर बनना चाहती है गीतिका

गीतिका।

बागेश्वर : सरस्वती शिशु मंदिर की हाईस्कूल छात्रा गीतिका भविष्य में डाक्टर बनकर समाजसेवा करना चाहती है। गीतिका ने राज्य में 10वां व जनपद की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। गीतिका ने बताया कि उसके पिता चालक हैं तथा माता गृहिणी है। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता समेत अध्यापकों को दिया है।

आईएएस बनना चाहता है अभय

अभय।

बागेश्वर : इंटर की मेरिट सूची में 4 वें स्थान पर आए खोलिया विवेकानंद इका गरुड़ के छात्र अभय उपाध्याय भविष्य में आईएएस बनना चाहते हैं। अभय के पिता प्रकाश उपाध्याय राउमावि कोटफुलवाड़ी में प्रयोगशाला सहायक हैं, जबकि माता पूजा उपाध्याय गृहिणी है।

सिविल सेवा में जाना चाहती है अनिशा

अनिशा।

बागेश्वर : हाईस्कूल की मेरिट सूची में 16 वें स्थान पर आई राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज गरुड़ की अनिशा नेगी भविष्य में सिविल सेवा में जाना चाहती है। अनिशा के पिता गिरीश चंद्र सिंह नेगी राइका गरुड़ में भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता हैं, जबकि माता मंजू सिंह राइका लोहारचौरा में अंग्रेजी की प्रवक्ता हैं।

विद्याभारती के स्कूलों ने दिलाया जिले का मान

बागेश्वर : इस बार भी प्रदेश की मेरिट सूची व जनपद के टॉपरों में विद्याभारती द्वारा संचालित विद्यालयों के अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इससे जिले को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। हाईस्कूल के पांच परीक्षार्थियों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज किया है। इनमें चार छात्र-छात्राएं सरस्वती शिशु मंदिर व विवेकानंद विद्यामंदिर के हैं। इंटरमीडिएट के टॉप टेन में सभी बच्चे बागेश्वर, गरूड़ व कपकोट के विवेकानंद विद्यामंदिर इंटरमीडिएट कॉलेज के परीक्षार्थी हैं। बच्चों की सफलता पर विवेकानंद विद्यामंदिर मंडलसेरा के प्रबंधक एडवोकेट कुंदन परिहार, प्रधानाचार्य अव्वल सिंह तोपाल, विवेकानंद विद्यामंदिर इंटर कालेज गरूड़ के प्रबंधक विपिन तिवारी, प्रधानाचार्य कैलाश जोशी, परीक्षा प्रभारी चंद्रशेखर बड़सीला ने खुशी जताई है।

चिकित्सक बनना चाहती हैं सोनी

बागेश्वर : इंटर मीडिएट परीक्षा में 93 . 80 फीसदी अंक प्राप्त करने वाली सोनी गड़िया भविष्य में चिकित्सक बनना चाहती है। सोनी ने बताया पहाड़ में शिक्षा का स्तर काफी उंचा है परंतु स्वास्थ्य के क्षेत्र में कमी है इसलिए वे पहाड़ में बतौर चिकित्सक कार्य करना चाहती है।

ये रहे बागेश्वर के टॉपर

हाईस्कूल परीक्षा :-

1- गीतिका पंत- सरस्वती शिशु मंदिर- 97 .60 फीसदी
2- सिमरन रौतेला- विविमं इंटर कालेज मंडलसेरा- 96 .60 फीसदी
3- अनीशा सिंह- राइंका गरूड़- 96 .40 फीसदी
4- नितेश खेतवाल- विवि मंदिर इंटर कालेज मंडलसेरा- 96 .40 फीसदी
5- मोहित कांडपाल- विविमं इंटर कालेज मंडलसेरा-96 फीसदी

इंटरमीडिएट परीक्षा :-

1- अभय उपाध्याय- विविमं इंटर कालेज गरूड़ -95 .80 फीसदी
2- मयंक जोशी- विविमं इंटर कालेज मंडलसेरा- 94 .20 फीसदी
3- अमन गिरी- विविमं इंटर कालेज मंडलसेरा- 93 .80 फीसदी
4- कुमकुम चौबे- विविमं इंटर कालेज मंडलेसरा- 93 .80 फीसदी
5- नीतू आर्या- विविमं इंटरकालेज मंडलसेरा- 93 .80 फीसदी
6- सोनी गड़िया- विविमं इंटरकालेज मंडलसेरा- 93 .40 फीसदी
7- अश्विनी जोशी- विविमं इंटरकालेज मंडलसेरा- 92 .20 फीसदी
8- कीर्ति मिश्रा- विविमं इंटरकालेज हिचौड़ी- 92 .20 फीसदी
9- रविना कोरंगा- विविमं इंटरकालेज मंडलसेरा- 92 फीसदी
10- नितिन वर्मा- विविमं इंटरकालेज मंडलसेरा- 91 .60 फीसदी

इंजीनियर बनना चाहती है कुमकुम

कुमकुम।

बागेश्वर : विवेकानंद विदया मंदिर इंटर कालेज मंडलसेरा की इंटरमीडिएट की छात्रा कुमकुम चौबे ने 96 .80 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। सिमरन भविष्य में इंजीनियर बनना चाहती है। सिमरन ने बताया कि वे चाहती है कि शिक्षा की वजह से पलायन रूके क्योंकि पहाड़ में भी पढ़ाई का अच्छा माहौलै।

वैज्ञानिक बनना चाहती है नीतू

नीतू आर्या।

बागेश्वर : इंटरमीडिएट की परीक्षा में 93 .8 अंक प्राप्त करने वाले विविमं मंडलसेरा की छात्रा नीतू नासा में वैज्ञानिक बनना चाहती है। नीतू ने बताया कि वह प्रतिदिन आठ घंटे पढ़ाई करती है तथा घर के अन्य काम निपटाती है। कहा किवे भविष्य में नासा में वैज्ञानिक बनना चाहती है।

इंजीनियर बनना चाहता है मयंक

मयंक जोशी।

बागेश्वर : विविमं बागेश्वर के इंटरमीडिएट परीक्षा में 94 . 2 फीसदी अंक प्राप्त करने वाले छात्र मयंक जोशी भविष्य में इंजीनियर बनना चाहते हैं। उनका कहना है कि पहाड़ में शिक्षा की कोई कमी नहीं है तथा मेहनत की आवश्यकता है।

इंजीनियर बनना चाहते हैं नितिन

नितिन वर्मा।

बागेश्वर : विवेकानंद विदया मंदिर इंटर कालेज के इंटरमीडिएट के छात्र नितिन वर्मा साफ्ट वेयर इंजीनियर बनना चाहते हैं। उन्होंने 91.60 अंक प्राप्त किए हैं।

मिशन इंटर कॉलेज का परीक्षाफल शत-प्रतिशत

रानीखेत : स्थानीय मिशन इंटर कॉलेज में हाईस्कूल में यश बिष्ट ने 80 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया। वहीं इंटर कला वर्ग में मनीषा कोरंगा ने 86 फीसदी अंकों व विज्ञान वर्ग में कहकशा बानो ने 83 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया। कॉलेज का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। रानीखेत मिशन इंटर कॉलेज में हाईस्कूल में पंजीकृत छात्रों की संख्या 47 थी। जिसमें सभी छात्र सफल रहे। प्रथम श्रेणी में 12, द्वितीय श्रेणी में 27 तथा तृतीय श्रेणी में आठ विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इंटर की परीक्षा में कला वर्ग में पंजीकृत छात्रों की संख्या 53 थी। जिसमें 51 छात्र उत्तीर्ण हुए। प्रथम श्रेणी में 34, द्वितीय श्रेणी में 17 छात्र परीक्षा में सफल रहे। विज्ञान वर्ग में पंजीकृत छात्रों की संख्या 27 थी। जिसमें उत्तीर्ण छात्र 26 रहे। प्रथम श्रेणी में 23, द्वितीय श्रेणी में तीन छात्र उत्तीर्ण हुए। कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल मसीह ने छात्रों कि इस सफलता पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

हाईस्कूल में विवेकानंद की छात्रा अंजू बिष्ट मेरिट में आठवें स्थान पर

रानीखेत : स्थानीय विवेकानंद विद्या मंदिर की हाईस्कूल छात्रा अंजू बिष्ट ने 98 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया। अंजू बिष्ठ ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व प्रधानाचार्य रमेश बिष्ट को दिया। अंजू के पिता भोपाल सिंह सामान्य ट्रांसपोर्ट का कार्य करते हैं। माता गृहिणी हैं। विवेकानंद विद्या मंदिर में हाईस्कूल में 36 विद्यार्थियों ने दसवीं की परीक्षा दी थी। जिसमें 31 प्रथम व पांच द्वितीय सहित 19 विशेष योग्यता में रहे। प्रधानाचार्य रमेश बिष्ट ने सफल छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

हाईस्कूल में 93.16 व इंटर में 91.78 फीसदी रहा परिणाम

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : उत्तराखंड बोर्ड की वर्ष 2024 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में अल्मोड़ा जिले का प्रदर्शन इस बार भी काफी बेहतरीन रहा।

हाईस्कूल में परीक्षा का परिणाम 93.16 और इंटरमीडिएट में 92.78 प्रतिशत रहा। इस बार जिले से हाईस्कूल परीक्षा में 6324 और इंटर की परीक्षा में 5528 परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त की। उत्तराखंड की बोर्ड परीक्षा के लिए इस साल जिले से हाईस्कूल में कुल 6838 छात्र छात्राएं पंजीकृत थे। जिसमें से 6788 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। जिसमें से 6324 परीक्षार्थी सफल रहे। जिनमें 3230 बालकों में से 2961 और 3558 बालिकाओं में से 3363 ने सफलता पाई है। इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिले में कुल 6072 छात्र छात्राएं पंजीकृत थे। जिनमें से 6023 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। जबकि 5528 परीक्षार्थी सफल हुए। परीक्षा में शामिल 2701 छात्रों में से 2423 और 3322 छात्राओं में से 3105 ने सफलता पाई। इस बार इंटरमीडिएट बोर्ड का परीक्षाफल 91.78 प्रतिशत रहा है।

दो सगी बहनों ने वरीयता सूची में पाया स्थान

रोशनी। गुंजन।

अल्मोड़ा : अल्मोड़ा जिले के दुर्गम क्षेत्र धौलछीना के राजकीय इंटर कालेज नगरखान की दो सगी बहनों ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में वरीयता सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। मूल रूप से भेंटाडांगी गांव की रहने वाली बड़ी बहन रोशनी ने इंटरमीडिएट में 92 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश स्तर पर 23 वां स्थान प्राप्त किया। वहीं छोटी बहन गुंजन ने हाई स्कूल में 94 .80 अंकों के साथ प्रदेश स्तर पर 24 वां स्थान हासिल किया। दोनों मेधावी छात्राओं के पिता आनंद सिंह रुद्रपुर में प्राइवेट नौकरी करते हैं जबकि तथा माता सुनीता देवी गृहणी हैं। रोशनी ने बताया कि गांव में ट्यूशन की कोई व्यवस्था नहीं है। जिस कारण दोनों बहनों ने खुद ही पढ़ाई की। रोशनी ने बताया कि वह गांव से लगभग दो किलोमीटर पैदल चलकर विद्यालय पहुंचती हैं। दोनों बहनें विद्यालय से घर आने के बाद घर के कामों में मां का हाथ भी बंटाती हैं। रोशनी ने बताया कि भविष्य में ग्रेजुएशन के बाद सरकारी नौकरी की तैयारी करेंगी।

राउमावि ढुंगातोली में हाईस्कूल की सभी छात्राएं उत्तीर्ण

पिथौरागढ़ : सीमांत विद्यालय राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढुंगातोली धारचूला पिथौरागढ़ के प्रधानाध्यापक दीपक सिंह मेहरा व समस्त स्टाफ ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं के उत्तीर्ण होने पर सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। भावना सिरोला ने 60 .6 फीसदी, कशिश ने 60 .4 फीसदी, अनिशा ने 55 .8 फीसदी, निशा ने 55 फीसदी अंक प्राप्त किए। छात्रों में प्रवीन बोरा ने 69 .8 फीसदी, गिरीश भट्ट ने 68 .2 फीसदी तथा आयुष रावत ने 49 .2 फीसदी अंक प्राप्त किए। विद्यालय में छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

बोर्ड परीक्षा में विवेकानंद इंटरमीडिएट कालेज के मेधावियों ने लहराया परचम

▸▸ हाईस्कूल की परीक्षा में पांच और इंटर में दो ने वरीयता सूची में दर्ज कराया नाम

दुर्गम क्षेत्रों के मेधावियों ने बढ़ाया मान

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : उत्तराखंड की हाईस्कूल और इंटर की बोर्ड परीक्षा में इस बार भी अल्मोड़ा के विवेकानंद इंटरमीडिएट कालेज के मेधावी छात्र छात्रों ने अपना परचम फहराने में सफलता प्राप्त की। इस बार की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के एक छात्र ने मैरिट सूची में पहला और एक अन्य छात्र ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। वहीं हाईस्कूल में भी विद्यालय के पांच मेधावी बच्चे वरीयता सूची में अपना नाम दर्ज कराने में कामयाब हुए।

बोर्ड की परीक्षाओं में हमेशा से ही विवेकानंद इंटरमीडिएट कालेज रानीधारा के छात्र छात्राओं का प्रदर्शन काफी बेहतरीन रहा है। इस बार इंटर की परीक्षा में जहां विद्यालय के छात्र पीयूष खोलिया ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया वहीं आठवीं रैंक पाकर विद्यालय के जलज सिंह बिष्ट ने भी विद्यालय का नाम रोशन किया।

पीयूष ने इस परीक्षा में 97.6 और जलज ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हाईस्कूल की परीक्षा में धनंजय भट्ट ने 500 में से 494 अंक प्राप्त किए और 96.80 प्रतिशत अंकों से वरीयता सूची में 14 वां, अदिति पाठक ने 479 अंक प्राप्त कर 95.80 प्रतिशत अंकों के साथ 19 वां, चैतन्य बारहवां, जीआईसी दियोलीखेत की अंजलि ने 96.80 अंक पाकर चौदहवां, विवेकानंद माडर्न स्कूल देघाट के रोहित पटवाल ने 483 अंक प्राप्त कर पंद्रहवां, जीजीआईसी दौलाघट की वंदना जोशी ने 96 प्रतिशत अंक पाकर अठारहवां, विद्या मंदिर भटकोट की नैनसी ने 95.80 प्रतिशत व डीएनपी स्कूल भतरौंजखान के वैभव जोशी ने 95.80 अंक प्राप्त कर उन्नीसवां, एनएचएसएस दौलाघट के रक्षत नेगी और आर्य कन्या इंटर कालेज देघाट की गार्गी बिष्ट ने 95.40 प्रतिशत अंक पाकर इक्कीसवां, जीआईसी पुभाऊं के तनिष्क जोशी व विवेकानंद मार्डन स्कूल देघाट की हर्षिता ने 95 प्रतिशत अंक पाकर तेईसवां जीआईसी दियोलीखेत की सविता रावत, लीला मैमोरियल स्कूल ज्याड़ी की आकांक्ष ने 94.80 प्रतिशत अंक पाकर चौबीसवां और जिले के दूरस्थ ज्ञानोदय स्कूल डूंगरी के ललित बिष्ट ने 94.60 प्रतिशत अंक पाकर वरीयता सूची में पच्चीसवां स्थान प्राप्त किया है।

जोशी ने 476 अंक प्राप्त कर 95.20 प्रतिशत अंकों से 22 वां, आयुष अधिकारी ने 475 अंक प्राप्त कर 95 प्रतिशत अंकों के साथ 23 वां और आरव पांड ने 473 अंक प्राप्त कर 94.60 प्रतिशत अंकों के साथ वरीयता सूची में 25 वां स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य मोहन सिंह रावल ने कहा है कि परीक्षा के परिणाम छात्रा छात्राओं और उनके शिक्षकों की मेहनत का नतीजा हैं।

उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में भी विद्यालय के छात्र बोर्ड की परीक्षाओं में और अधिक बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इसके लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। विद्यालय परिवार ने इस मौके पर सभी सफल छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं भी दी हैं।

राउमा विद्यालय छीनीगोठ का परीक्षा फल रहा शत प्रतिशत

टनकपुर, अमृत विचार : राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छीनीगोठ का हाईस्कूल बोर्ड का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। जिसमें 16बच्चे प्रथम, 11द्वितीय श्रेणी तथा 2बच्चे तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

विद्यालय की होनहार छात्रा खुशी जोशी ने 90.5% अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 85% अंकों के साथ प्रियांशु जोशी द्वितीय तथा शुभम जोशी 84% तृतीय स्थान पर रहे। ग्रामीण क्षेत्र के इस विद्यालय ने साल दर साल अपनी उपलब्धियां हासिल कर रहा है। हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में छात्र छात्राओं द्वारा अच्छा प्रदर्शन करने पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक बेचन यादव, शिक्षक त्रिलोचन जोशी, पल्लव जोशी, उमेश भट्ट,रचित वल्दिया, ग्राम प्रधान पूजा जोशी आदि ने खुशी जाहिर कर छात्र छात्रों को बधाई दी है।

प्रभारी प्रधानाध्यापक बेचन यादव ने बच्चों की सफलता के लिए शिक्षकों और अभिभावकों को भी बधाई दी। कहा कि छात्र-छात्राएं आगे भी कड़ी मेहनत जारी रखें।

वर्ग पहेली-56

बाएं से दाएं

1.1. बंधन, बंधन की अवस्था 2. कारावास 3. प्रतिबंध, शर्त।
3. कागज़-पत्रों को दबाने के लिए रखी जाने वाली कांच की वस्तु
6. तिरस्कृत, अपमानित।
8.1. डटकर मुकाबला करना, संघर्ष करना 2. लड़ना, लड़ते हुए मरना 3. विषम परिस्थितियों का सामना करना 4. तकरार करना 5. ताकत लगाकर कुछ करने की कोशिश करना।
9.1. रोकने

ऊपर से नीचे

1. कदंब की प्रजाति का एक वृक्ष जिसकी लकड़ी हलके पीले रंग की और बहुत मज़बूत होती है तथा इमारतों में लगती है, करमा।
2. पानी या कोई और तरल पदार्थ धीरे-धीरे गले के नीचे उतारना, पीना।
4.1. सूर्य 2. अग्नि।
5.1. अंत: प्रेरणा या अपनी इच्छा से की जाने वाली अवैतनिक सेवा 2. अपना काम ख़ुद करना।
7. दे. मंझला।



वर्ग पहेली -55 का हल

1 घ	■	■	2 मो	ची	■	3 जे
मं	■	4 बा	■	■	■	ठी
5 का	6 ति	ब	■	7 मु	नी	म
■	8 प	र	का	ला	■	धु
■	हि	■	■	ज़ि	■	■
■	या	■	9 द	म	घों	टू

सुडोकू -135

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	1			3			8	
4						6		
5		2			1		3	
		1					6	
		3				7		
	6		2	7		1		
	4	5	8					
		9						6
	2	7					1	

सुडोकू -134 का हल

3	2	5	4	8	1	9	6	7
1	7	4	9	3	6	2	5	8
6	9	8	5	2	7	4	1	3
2	3	7	8	6	5	1	9	4
4	8	1	2	7	9	6	3	5
5	6	9	1	4	3	8	7	2
7	4	3	6	9	2	5	8	1
9	5	2	3	1	8	7	4	6
8	1	6	7	5	4	3	2	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 मई बुधवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 05 .45 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 2 मई 03 .11 तक तत्पश्चात घनिष्ठा।

मेष — आज व्यापार में नकदी की समस्या दूर होगी। अपनी क्षमताओं का भरपूर प्रयोग करेंगे। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। घर का माहौल सकारात्मक रहेगा। किसी आनन्दोत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं। जल्दबाजी में कोई कार्य आगे न बढ़ायें।

वृष — आज परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। पुराने लोन को आज चुका सकते हैं। आपको किसी विशेष कार्य के लिए सम्मानित किया जा सकता है। नकारात्मक लोगों के कारण आप थोड़ा उदास हो सकते हैं। अधिकारी वर्ग से अपने संबंध खराब न करें।

मिथुन — आज अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। गैरकानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए। रियल एस्टेट कारोबारियों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। अल्प लाभ के लिए अपने संबंधों को दांव पर न लगायें। मन में अजीबोगरीब कुण्ठा जन्म ले सकती है।

कर्क — आज कार्यक्षेत्र में लोग आपको काफी महत्व देंगे। ज्यादा चिन्ता के कारण आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। संतान के करियर को लेकर कुछ चिन्ता रहेगी। प्रेम संबंधों में भावनात्मक दूरियां पनप सकती हैं। अधिकतर काम आप फोन के माध्यम से करेंगे।

सिंह — आज सभी काम योजना बनाकर करें तो आपको लाभ मिलेगा। जो काम हाथ में लेंगे उसे समय पर पूरा कर लेंगे। व्यापार में रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी।

कन्या — आज पारिवारिक विवाद हल होने के योग बन रहे हैं। सरकारी नौकरी वाले लोगों के स्थानान्तरण की चर्चा चल सकती है। दुश्मन आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं। अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाये रखें। आपकी प्रतिभा और योग्यता की सराहना होगी।

तुला — आज विवाहेतर संबंधों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिए। रिश्तेदारों पर आपको ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए। सेहत को लेकर आप थोड़ा सतर्क रहें। किसी मित्र के व्यवहार से आपका मन व्यथित हो सकता है।

वृश्चिक — आज कार्यक्षेत्र का वातावरण अनुकूल रहेगा। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अधिकारियों के साथ वैचारिक मतभेद दूर होगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें

धनु — आज व्यवसाय में अचानक बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। पढ़ाई में बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहेगा। रोजगार में बदलाव करने से बचें। विचारों में सकारात्मकता बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में राजनीति का शिकार हो सकते हैं।

मकर — आज का दिन बेहद व्यस्त रहने वाला है। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी दूर होगी। घर के बुजुर्गों के विचारों का सम्मान करें। क्रोध और आवेश से आपको बचना चाहिए। लवमेट्स के साथ आप घूमने जा सकते हैं।

कुंभ — आज सोचे हुए कार्य देरी से पूर्ण होंगे। सड़क पर चलते समय आपको सावधानी रखनी चाहिए। जो भी काम करें वह सोच-समझकर करें। अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। पुराने कर्जों को चुकाने का दबाव रहेगा। एकान्त के आपको समय नहीं बिताना चाहिए।

मीन — आज नौकरीपेशा लोगों की पदोन्नति हो सकती है। नया व्यवसाय शुरू करने का विचार बनायेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जीवनसाथी का सहयोग आपके मनोबल को बढ़ायेगा। व्यापार में आपके नए सहयोगी बन सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- अल्ला रक्खा — सुबह : 11 .00
- हम आपके है कौन — रात : 08 .00

&pictures
- डबल धमाल — सुबह : 08 .16
- शर्मा जी नमकीन — रात : 08 .00

SONY PIX
- द डार्क नाईट — दोपहर : 12 .21
- वंडर वुमन — रात : 08 .29

ZEE CINEMA
- चमकू — सुबह :09 .00
- एच 10 — रात : 09 .00

colors CINEPLEX
- प्रिंस — सुबह :09 .30
- दिलवाले — शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात :09 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- शादी के समय सात फेरे लेते वक्ततुमने वचन दिया था और स्वीकार किया थाकि मेरी इज्जत करोगी, मेरी सब बात मानोगी.

पत्नी- तो क्या इतने लोगों के सामने तुमसे बहस करती

पत्नी की बात सुनकर पति हैरान रह गया।

टीचर- कल मैं सूरज पर लेक्चर दूंगी, कोई भी क्लास मिस मत करना।

चुन्नू- लेकिन मैं नहीं आ पाऊंगा मैम।

टीचर- क्यों?

चुन्नू- मेरी मम्मी इतनी दूर जाने नहीं देगी।

अप्रत्याशित आपदाएं लगातार बन रहीं चुनौती: हसनैन

एनडीएमए के सदस्य ले. जनरल सैयद अता हसनैन ने परखीं चारधाम यात्रा की तैयारियां, दो मई को होगा मॉक ड्रिल का आयोजन

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : जलवायु परिवर्तन के चलते अप्रत्याशित आपदाएं लगातार चुनौती बनती जा रही हैं। इनका पूर्वानुमान लगा पाना भी मुश्किल है। फरवरी 2021 में चमोली जिले में ग्लेशियर के टूटने से ऋषिगंगा में आई बाढ़ इसका उदाहरण है। ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए विभिन्न एजेंसियों को आपसी समन्वय स्थापित कर इनसे निपटने के लिए पहले से ही पुख्ता तैयारी करनी होगी।

यह बात राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एनडीएमए के सदस्य ले. जनरल सैयद अता हसनैन (अप्रा) ने कही। आगामी चारधाम यात्रा की आपदा प्रबंधन की दृष्टि से तैयारियों को लेकर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) की ओर से आयोजित टेबल टॉप एक्सरसाइज में ले. जनरल सैयद अता हसनैन ने कहा कि चारधाम यात्रा से जुड़े जनपदों में 2 मई को मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। इस

देहरादून में बैठक में मौजूद राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य ले. जनरल (अप्रा) सैयद अता हसनैन व अन्य।

ड्रिल का उद्देश्य चारधाम यात्रा की तैयारियों को पुख्ता करना है ताकि यात्रा में किसी तरह का व्यवधान न आए और हादसों में जान-माल के नुकसान को कम से कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में इन दिनों जंगलों की आग ने चिंताएं बढ़ा दी हैं और एनडीएमए लगातार इन घटनाओं पर नजर बनाए हुए है और यूएसडीएमए के संपर्क में है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की चारधाम यात्रा और जम्मू-कश्मीर की अमरनाथ यात्रा प्रमुख धार्मिक यात्राएं हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर को एक मंच पर आकर धार्मिक यात्राओं को आयोजित करने के अनुभवों को साझा करना चाहिए ताकि और अच्छे ढंग से इन यात्राओं का संचालन किया जा सके। उन्होंने आपदाओं से निपटने में उत्तराखंड सरकार और यूएसडीएमए के प्रयासों की सराहना की। कहा, जिस तरह से सिलक्यारा टनल हादसे में आपदा प्रबंधन विभाग ने कार्य किया, वह बहुत सराहनीय है।

इंडियन कोस्ट गार्ड के पूर्व डीजी तथा एनडीएमए के सदस्य राजेंद्र सिंह ने कहा कि आपदाओं से निपटने के लिए सभी विभागों के बीच आपसी सामंजस्य होना जरूरी है। चारधाम यात्रियों को सभी जरूरी जानकारियां दी जानी चाहिए। सभी संबंधित विभागों को एसओपी बनानी चाहिए ताकि उनका पालन कर तीर्थयात्री एक सुरक्षित माहौल में अपनी यात्रा कर सकें। उन्होंने तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए आपदा मित्रों की मदद लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि वे आज दिल्ली में उत्तराखंड में वनाग्नि को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक में शिरकत कर रहे हैं और एनडीएमए लगातार उत्तराखंड में जल रहे जंगलों की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। राज्य को इससे निपटने के लिए हर तरह की सहायता प्रदान की जाएगी। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास तथा यूएसडीएमए डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि उत्तराखंड के लिए चारधाम यात्रा का महत्व काफी बड़ा है। यह आस्था के साथ-साथ तीर्थाटन, पर्यटन तथा आर्थिकी का आधार भी है। यूएसडीएमए का उद्देश्य चारधाम यात्रा को पूरी तरह से सुरक्षित बनाना है।

इन्हीं तैयारियों को 2 मई को प्रस्तावित मॉक ड्रिल के जरिये परखा जाएगा और अगर कहीं कोई गैप रहेगा तो तुरंत उसे दूर किया जाएगा। इस मौके पर एनडीएमए वरिष्ठ सलाहकार मेजर जनरल सुधीर बहल, कर्नल नदीम अरशद (अप्रा), कर्नल केपी सिंह, सचिव पंकज कुमार पांडेय, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन) यूएसडीएमए श्री आनंद स्वरूप, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (परिचालन) यूएसडीएमए/डीआईजी श्री राजकुमार नेगी, आईजी गढ़वाल करन सिंह नगनयाल, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री मो0 ओबैदुल्लाह अंसारी, अधिशासी निदेशक यूएसडीएमए डॉ. पीयूष रौतेला के साथ ही अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

एनडीएमए ने परखीं जिलों की तैयारियां

देहरादून। टेबल टॉप एक्सरसाइज के जरिये एनडीएमए के वरिष्ठ सलाहकार मेजर जनरल सुधीर बहल ने चारधाम यात्रा को लेकर जिलों की तैयारियों को परखा। उन्होंने यात्रा के दौरान भगदड़, चारधाम यात्रियों को मेडिकल इमरजेंसी, बस दुर्घटना, बाढ़, भूस्खलन, मौसम संबंधी एलर्ट मिलने पर कैसे राहत और बचाव कार्य किए जाएंगे, इसे लेकर जिलों की कार्ययोजना की समीक्षा की।

शैडो एरिया में नेटवर्क को मजबूत करें: सिन्हा

देहरादून। सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने बीएसएनएल को निर्देश दिए कि चारधाम यात्रियों की सुविधा तथा किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए शैडो एरिया, जहां नेटवर्क या कनेक्टिविटी की दिक्कत है, वहां इसका समाधान किया जाए। उन्होंने बीआरओ के प्रतिनिधियों से कहा कि जोशीमठ स्थित ज्वाइंट कंट्रोल रूम में बेहतर समन्वय के लिए बीआरओ से किसी कर्मचारी की तैनाती की जाए। उन्होंने कहा कि बीआरओ, एनएच, लोक निर्माण विभाग आदि विभागों को स्पष्ट होना चाहिए कि सड़क का कौन सा हिस्सा किसके पास है ताकि रोड ब्लॉक होने पर भ्रम की स्थिति कतई न रहे।

11 बच्चों का सामूहिक जन्मोत्सव मनाया

टनकपुर के छीनीगोठ विद्यालय में काटा गया केक। ● अमृत विचार

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : बच्चों को खुश रखने के नवाचारी अभियान के तहत राजकीय हाईस्कूल छीनीगोठ में प्रत्येक माह सामूहिक जन्मोत्सव का आयोजन किया जाता है।

अप्रैल माह के अंतिम दिवस में इस बार स्कूल के 11बच्चों का सामूहिक जन्मोत्सव मनाया गया। एसएमसी अध्यक्षा मीना गहतोड़ी की अध्यक्षता में कार्यक्रम में इस बार कक्षा 6 की काजल,शगुन बोहरा कक्षा8 के आदित्य बिष्ट,दीपांशु गहतोड़ी,समीर कुमार,दिया नरियाल कक्षा9 के लक्की सार्की,आकाशी बिष्ट,तनुजा जोशी,खीम सिंह बोहरा कक्षा10 की मनीषा कुमारी सहित कुल 11बच्चों का सामूहिक जन्मदिन मनाया गया।।बच्चो के लिए जन्मदिवस केक मगाया गया और सभी ने मिलकर जन्मदिवस केक काटा गया। सभी बच्चों को आकर्षक उपहार प्रदान किए गए।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रचित वल्दिया ने किया। इस अनूठी पहल को प्रारंभ करने वाले शिक्षक त्रिलोचन जोशी ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से यह नवाचारी पहल जारी है। इस पहल के कारण विद्यालय के प्रति अविभावकों का रुझान बढ़ा है। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक बेचन यादव, कार्यक्रम संयोजक त्रिलोचन जोशी, शिक्षक पल्लव जोशी, उमेश चंद्र भट्ट, भोजन माता रेखा देवी और पुष्पा देवी आदि मौजूद रहे।

मतदाता जागरूकता में उत्तराखण्ड प्रथम

ब्यूरो, देहरादून

▸▸ मुख्य निर्वाचन अधिकारी और सूचना महानिदेशक ने दी पूरी टीम को बधाई

अमृत विचार : सोशल मीडिया पर मतदान जागरूकता अभियान को लेकर किए गए कार्यों के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मार्च महीने की जारी रेंकिंग में उत्तराखण्ड ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

उत्तराखण्ड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने इस उपलब्धि के लिए सोशल मीडिया टीम को बधाई दी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम के नेतृत्व में उत्तराखण्ड में मतदान जागरूकता अभियान को ग्राउंड स्तर और सोशल मीडिया पर योजनाबद्ध तरीके से तेजी से चलाया गया। मतदान जागरूकता से भरे क्रिएटिव कंटेंट लोगों द्वारा काफी पसंद किए गए। सीईओ उत्तराखण्ड के सोशल मीडिया हैंडल पर चलाए गए रील्स और क्विज कंपटीशन में भी लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने सोशल मीडिया टीम के साथ बैठक कर नोडल अधिकारी (सूचना) रवि विजारनिया के नेतृत्व में टीम द्वारा किए गए कार्य की सराहना की।

बारिश से थमी जंगलों की आग

अल्मोड़ा : सोमवार रात हुई बारिश के बाद जिले के जंगलों में लगी आग कुछ हद तक शांत हो गई है। जिससे विभाग ने भी राहत की सांस ली है। साथ ही वातावरण में छाई धुंध से भी निजात मिल गई है। पिछले एक महीने से जिले में लगातार जंगलों के जलने का सिलसिला जारी है। अब तक जंगल की आग से कई हेक्टेयर वन संपदा जलकर राख में तब्दील हो चुकी है। लेकिन सोमवार की रात जिले भर में बारिश होने के बाद अब अधिकांश जंगलों की आग बुझा चुकी है। बारिश होने के बाद हालांकि कुछ समय के लिए वन विभाग को राहत मिल गई है। लेकिन अगर मौसम ने फिर वहीं रूप लिया तो विभाग की परेशानियां फिर से बढ़ सकती हैं।

बोर्ड परीक्षा में यश व हिमांशु जिला टॉपर

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में चम्पावत जिले के विद्यार्थियों ने परचम लहराया है। हाई स्कूल में लाल चंबा राम विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज टनकपुर के यश अवस्थी ने चम्पावत जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश की वरीयता सूची में यश का 17वां स्थान है।

यश के पिता का दीपक अवस्थी और माता नाम पूजा अवस्थी है। यश ने हिंदी, विज्ञान विषय में 99, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान में 94 और संस्कृत में 92 अंक प्राप्त किए हैं। हाई स्कूल में जिले के छह बच्चों ने प्रदेश की वरीयता सूची में स्थान बनाया है। विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहाघाट के रविंद्र सिंह धोनी ने जिले में दूसरा, डॉ. लक्ष्मी दत्त भट्ट इंटर कॉलेज खेतीखान के मयंक जोशी ने तीसरा, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाल्सो के आयुष शर्मा ने चौथा, विवेकानंद विद्या मंदिर लोहाघाट की रिया चौबे ने पांचवा, विद्या मंदिर टनकपुर के गौरव गडकोटी ने छठा स्थान प्राप्त किया है। दूसरी ओर इंटरमीडिएट में राजकीय इंटर कॉलेज भींगराना के हिमांशु मिश्रा ने चम्पावत जिले में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश की वरीयता सूची में हिमांशु का दसवां स्थान है।

विवेकानंद विद्या मंदिर चम्पावत के रितेश कुमार, इसी विद्यालय की अनामिका सकलानी और विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहाघाट के शुभम पांडे ने सामूहिक रूप से जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

डॉ एलडीएम इंटर कॉलेज खेतीखान के अमन सिंह मेहरा और विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहाघाट के दीपांशु गोस्वामी ने जिले में तीसरा, लाल चंबा राम विद्या मंदिर इंटर कॉलेज टनकपुर की अंकित चौड़ाकोटी ने चौथा, जीजीआईसी चम्पावत की दीपा नरियाल ने जिले में पांचवा स्थान प्राप्त किया है।

हाईस्कूल टॉपर रहे यश को मिठाई खिलाते उनके माता-पिता।

इंटर में प्रथम आए हिमांशु मिश्रा अपने माता-पिता के साथ।

गोविंदपुर में रामलीला का मंचन जारी

अल्मोड़ा : हवालबाग के गोविंदपुर के राधा कृष्ण मंदिर में रामलीला मंचन जारी है। रामलीला के आठवें दिन लंका दहन और अंगद रावण प्रसंगों का मंचन किया गया। रामलीला में विभीषण-हनुमान संवाद, अशोक वाटिका, हनुमान-रावण संवाद, विभीषण संवाद, विभीषण का राम की शरण में जाना, रामेश्वर पूजन आदि प्रसंगों का मंचन किया गया। दीक्षा तिवारी ने राम, निशा भंडारी ने लक्ष्मण, लता भंडारी ने सीता, कैलाश तिवारी ने रावण, चंद्रशेखर जोशी ने हनुमान, रमेश चंद्र लोहनी ने अंगद के पात्र की भूमिका निभाई। इस मौके पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, भुवन जोशी, अध्यक्ष वीरेंद्र चिलवाल आदि मौजूद रहे।

जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल किल्लत जारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ टैंकरों से नहीं हो पा रही जरूरत के मुताबिक आपूर्ति

अमृत विचार : जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण कस्बों में पेयजल की किल्लत कम होने का नाम नहीं ने रही है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी जल संस्थान ग्रामीणों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। वहीं टैंकरों से भी संबंधित इलाकों में जरूरत के मुताबिक पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिस कारण पेयजल को लेकर लोग खासे परेशान हैं।

जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण कस्बों में पेयजल की समस्या लगातार विकराल रूप धारण करती जा रही है। ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति करने के लिए बनाई गई योजनाओं से उपभोक्ताओं को एक बूंद पानी तक नसीब नहीं हो रहा है । जिले के लमगड़ा, ताकुला, भैंसियाछाना, सल्ट, स्याल्दे, भिकियासैंण, चौखुटिया समेत विभिन्न विकासखंड के कई गांवों में पिछले कई दिनों से पेयजल का संकट बना हुआ है। ग्रामीणों ने कहा है कि जल संस्थान औपचारिकता के नाम पर सड़क से लगे कस्बों में एक बार टैंकर भेजकर पानी बंटवा रहा है। लेकिन वह भी लोगों के लिए नाकाफी साबित हो रहा है। जिले के सीमांत दन्या क्षेत्र में भी पेयजल को लेकर ग्रामीणों में त्राहि त्राहि मची हुई है। क्षेत्र में लोगों के लोगों के घरों में सरयू पम्पिंग और स्थानीय बीसी जोशी योजना से कनेक्शन लगाए गए हैं। लेकिन वर्तमान में दोनों लाइनें ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध नहीं करा पा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तीन माह पहले बीसी जोशी लाइन की मरम्मत हुई है। इसके बाद भी नलों से पानी नहीं आ रहा है। ग्राम पंचायत में 90 से अधिक परिवार निवास करते हैं। यहां के लोग पानी की आपूर्ति नहीं होने से परेशान हैं। क्षेत्र के कई प्राकृतिक जल स्त्रोत भी सूख गए हैं। दन्या के ललित जोशी का कहना है कि अधिकारियों को भी बताया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

प्रवक्ताओं के रिक्त पदों पर शीघ्र तैनाती की मांग उठाई

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : लमगड़ा विकास खंड के जीआईसी चौड़ा में प्रवक्ताओं की कमी के कारण यहां शिक्षा प्राप्त कर रहे नौनिहालों का भविष्य लगातार गर्त की ओर जा रहा है। अभिभावकों की लंबी मांग के बाद भी विभाग यहां प्रवक्ताओं के रिक्त पदों पर तैनाती नहीं कर पाया। जिससे अभिभावकों में रोष व्याप्त है।

अभिभावकों ने शीघ्र प्रवक्ताओं के रिक्त पदों पर तैनाती न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। लमगड़ा के जीआईसी चौड़ा में प्रवक्ताओं के नौ पद सृजित हैं। जिसके सापेक्ष अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, जीव विज्ञान, संस्कृत विषय के प्रवक्ताओं के पद रिक्त हैं। महत्वपूर्ण विषयों के प्रवक्ता न होने से विद्यार्थियों को संबंधित विषयों का ज्ञान नहीं मिल रहा है। खासकर इंटर के परीक्षार्थियों को अधिक दिक्कतें हो रही है। प्रवक्ताओं की कमी से कोर्स समय पर पूरा करना भी चुनौती बना हुआ है। अभिभावकों ने बताया कि विद्यालय सालों से प्रधानाचार्य विहीन है। रिक्त पदों पर तैनाती के लिए भी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र मेलकानी ने कहा है कि अगर विभाग द्वारा रिक्त पदों पर शीघ्र प्रवक्ताओं की तैनाती नहीं की गई तो उग्र आंदोलन की रणनीति तैयार करनी पड़ेगी।

हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : नगर के किच्छा बाईपास पर अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप में घायल 2 युवकों का इलाज चल रहा है।

मंगलवार देर शाम किच्छा के खुरपिया फार्म, वार्ड 1 निवासी 25 वर्षीय संजू सिंह पुत्र पूरन सिंह, बादल पुत्र धर्मराज और विकास दुबे पुत्र जगदीश चंद दुबे एक बाइक पर सवार होकर खुरपिया से किच्छा आ रहे थे। काली मंदिर के निकट उनकी बाइक को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने 25 वर्षीय संजू को मृत घोषित कर दिया। जबकि बादल और विकास की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मृतक व घायलों के परिजनों में कोहराम मच गया।

डंपर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

काशीपुर। डंपर की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे 108 एम्बुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसको प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। मंगलवार को ढाकिया नंबर एक निवासी महेश पुत्र अमरीश काशीपुर आया हुआ था। देर शाम को वह अपनी बाइक से घर वापस जा रहा था। तभी कुंडेश्वरी रोड पर एक डंपर ने उसको पीछे से टक्कर मार दी। इससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको राहगीरों ने गंभीर अवस्था में 108 एम्बुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी नाजुक हालत देख उसे हायर सेंटर के लिये रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि महेश द्वारा हेलमेट न लगाने की वजह से उसके सिर में गंभीर चोट आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ले परिजनों को सूचना दी। मौक़े पर पहुंचे परिजन घायल को मानपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। जहां उसकी हालत चिन्ताजनक बनी हुई है। उधर मौके से डंपर चालक डंपर सहित फरार हो गया।

उत्तर प्रदेश

अब चिड़ियाघरों में नहीं भेजे जाएंगे पीटीआर के बाघ-तेंदुए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

▸▸ रेस्क्यू सेंटर के निर्माण में आई तेजी, 453 लाख की दूसरी किस्त भी जारी

अमृत विचार : अब पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बाघ-तेंदुए हिंसक होने के साथ व्यवहार में परिवर्तन एवं बीमार होने की स्थिति में लखनऊ और कानपुर के चिड़ियाघरों में नहीं भेजे जाएंगे।

जनपद में पूरनपुर प्रभाग के गोपालपुर बीट में बन रहे रेस्क्यू सेंटर का काम तेजी से चल रहा है। शासन ने निर्माणाधीन रेस्क्यू सेंटर के निर्माण के लिए 453.17 लाख की दूसरी किस्त भी जारी कर दी है। वन अफसरों के मुताबिक रेस्क्यू सेंटर में 13 बाघ-तेंदुओं को एक साथ रखा जा सकेगा(पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल में बाघ एवं तेंदुओं के हिंसक होने के साथ उनके व्यवहार में परिवर्तन एवं बीमार या घायल होने की स्थिति में इलाज के लिए लखनऊ एवं कानपुर चिड़ियाघरों में ले जाया जाता है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व बनने के बाद से अब तक करीब आठ बाघों को रेस्क्यू करने के बाद बीमारी या अन्य कारणों से कानपुर एवं लखनऊ चिड़ियाघर भेजा जा चुका है। यह दीगर बात है कि इन सभी बाघों में एक भी बाघ घर वापसी नहीं कर सका। केंद्र सरकार ने समस्या को देखते हुए करीब तीन साल पहले पीलीभीत टाइगर रिजर्व में रेस्क्यू सेंटर निर्माण को मंजूरी दी थी। रेस्क्यू सेंटर निर्माण के लिए सामाजिक वानिकी प्रभाग की पूरनपुर रेंज के गोपालपुर जंगल को उपयुक्त माना गया है। 26 हेक्टेयर में फैले गोपालपुर जंगल की पांच हेक्टेयर भूमि पर 15.02 करोड़ रुपए की लागत से रेस्क्यू सेंटर का निर्माण शुरू कराया गया। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 472.15 लाख रुपए की पहली किस्त जारी करते हुए निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। पहली किस्त से रेस्क्यू एवं रिहेब्लिटेशन सेंटर, वेटनरी अस्पताल की इमारत, क्वारंटाइन सेंटर, बाउंड्री वॉल आदि बनकर तैयार हो गई है।

इधर शासन ने रेस्क्यू सेंटर के लिए दूसरी किस्त के रूप में 453.17 लाख रुपए भी आवंटित कर दिए। इससे निर्माणाधीन रेस्क्यू सेंटर में तीन तरह के आवास आदि का कार्य होना था। मगर, जंगल से लगातार बाहर निकल रहे बाघ-तेंदुओं को देखते हुए इसमें फेरबदल किया गया है।

युवती का अश्लील वीडियो बनाकर किया दुष्कर्म

अमरोहा, अमृत विचार : घर में सिलाई-कढ़ाई सीखने आने वाली एक युवती का युवक ने चोरी छुपे अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल किया और उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही युवती की अश्लील वीडियो उसके मंगेतर को भेज दी। इसके बाद युवती का रिश्ता टूट गया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां की निवासी एक युवती गांव में ही सिलाई कढ़ाई सेंटर पर ट्रेनिंग करने जाती थी। आरोप है कि सेंटर संचालिका के भाई ने युवती को बहला-फुसलाकर मोबाइल से चोरी छुपे अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा।

खंभे से टकराई कार दो दोस्तों की मौत

संवाददाता, रामपुर/भोट

▸▸ मंगलवार सुबह कार से हापुड़ दवा लेने जा रहे थे दोनों

अमृत विचार : दवा लेने हापुड़ जा रहे दो दोस्तों की कार नेशनल हाइवे पर अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराकर पलट गई। हादसे में कार सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों घायलों को मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के चंदेला गांव निवासी रणवीर सिंह पुत्र गिन्नू सिंह (42 वर्ष) मंगलवार सुबह सात बजे कार से अपने दोस्त उत्तराखंड के जिला ऊधमसिंह नगर के थाना गदरपुर क्षेत्र के चंद्रपुरा गांव निवासी सुरेंद्र सिंह उर्फ काकू पुत्र तरसेन सिंह (35 वर्ष) के साथ दवा लेने हापुड़ जा रहे थे। रामपुर-काठगोदाम हाइवे पर कोयला गांव स्थित नदी के पुल के पास पहुंचते ही उनकी कार हाईवे किनारे बिजली के खंभे से टकराकर पलट गई। हादसे में कार सवार सुरेन्द्र सिंह गंभीर रूप से घायल होकर दूर जा गिरे। सीट बेल्ट लगी होने से रणवीर सिंह कार में ही फंस गए। हादसे के बाद लोगों ने थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और कार में फंसे युवक की सीट बेल्ट काटकर युवक को कार से बाहर निकाला। घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों घायलों को मृत घोषित कर दिया।

वैगनआर व ट्रैक्टर-ट्राली की भिड़ंत में युवक की मौत

हसनपुर (अमरोहा), अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में वैगनआर कार एवं ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्राली की आमने-सामने की भिड़ंत में युवक की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी समेत परिवार के पांच लोग घायल हो गए। मृतक युवक की शादी 22 अप्रैल को हुई थी। वह अपनी दुल्हन एवं परिवार के साथ देर रात ससुराल से लौट रहा था। हसनपुर नगर के मोहल्ला हिरन वाला निवासी 25 वर्षीय फैसल पुत्र मंसूर अली की शादी 22 अप्रैल को गढ़मुक्तेश्वर निवासी रुखसार के साथ हुई थी। परिवार में खुशियों का माहौल था। परिवार के लोग दुल्हन को लेकर उसके मायके गढ़मुक्तेश्वर चौथी की रस्म करने के लिए गए हुए थे। देर रात दूल्हा फैसल, दुल्हन रूखसार, दूल्हे के पिता मंसूर अली पुत्र मकसूद, मां हुस्नआरा, कार चालक अनवर पुत्र नफीस, भांजी अन्नों पुत्री आरिफ सभी वैगनआर कार घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार गजरौला- हसनपुर मार्ग पर हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में सिहाली जागीर के पास पहुंची, अचानक सामने से आ रही ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्राली से कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि फैसल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

नाबालिग से वेश्यावृत्ति कराने में दंपति गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : पढ़ाई के बहाने पिता द्वारा नाबालिग बेटी को दिल्ली ले जाकर 50 हजार रुपये में बेचने के मामले में संभल जनपद की एएचटीयू थाना पुलिस ने किशोरी से वेश्यावृत्ति कराने के आरोपी दिल्ली के कोठा संचालक पति पत्नी को गिरफ्तार किया है। मामले किशोरी के रिश्ते के भाई की पहले ही गिरफ्तारी की जा चुकी है। नखासा थाना क्षेत्र के गांव निवासी किशोरी को पांच माह पहले उसके पिता ने दिल्ली में ले जाकर कमला मार्केट के एक कोठे पर 50 हजार रुपये में बेचकर वेश्यावृति के धंधे में धकेल दिया था। कुछ माह तक कोठे पर रहने के बाद किशोरी किसी तरह वहां से निकलकर दिल्ली में रहने वाले फुफेरे भाई के पास पहुंची तो उसने पहले खुद दुष्कर्म किया फिर बहन को दूसरों के सामने परोस दिया। गर्भवती होने के बाद 20 मार्च को किशोरी किसी तरह मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी। बाल कल्याण समिति की पहल पर इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था।

गोवा में मैच फिर टाई होने का डर

भाजपा राज्य में दोबारा दोहराना चाहती 2014 वाला परिणाम, पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा-कांग्रेस का स्कोर 1-1 था

मनोज त्रिपाठी

गोवा में लोकसभा की दो सीटें गोवा उत्तर और दक्षिण हैं। राज्य में एक ही चरण में सात मई को दोनों सीटों के लिए मतदान होगा। इन दोनों ही सीटों के चुनावी समीकरण अलग-अलग हैं। एक सीट भाजपा का गढ़ है तो दूसरी पर कांग्रेस का वर्चस्व नजर आता है। गोवा उत्तरी लोकसभा सीट पर अब तक 14 बार चुनाव हुए हैं, जिनमें से पांच बार भाजपा, पांच बार कांग्रेस और चार बार गोमांतक पार्टी ने जीत हासिल की है। लेकिन दक्षिण गोवा लोकसभा सीट भाजपा 1962 के बाद से केवल दो बार जीत पाई है। भाजपा ने दक्षिण गोवा सीट पर 1999 और 2014 में जीत हासिल की थी। पिछले लोकसभा चुनाव में गोवा में कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला हुआ था। अभी गोवा में प्रमोद सावंत के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। राज्य में 40 विधानसभा सीटें, दो लोकसभा सीटें और एक राज्य सभा की सीट है। 2019 के लोकसभा चुनाव में गोवा उत्तर सीट से भाजपा के श्रीपद नाईक और गोवा दक्षिण सीट से कांग्रेस के फ्रासिस्को सार्डिन्हा ने विजय पताका फहराई थी। इस बार भी राज्य की दोनों सीटों पर भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला है, जिसमें कांग्रेस आम आदमी पार्टी और शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट का साथ मिलने से जीत की राह तलाश रही है।

वोट शेयर 2014 चुनाव



वोट शेयर 2019 चुनाव



2019 का चुनाव परिणाम

पार्टी	सीट	वोट
कांग्रेस	01	3,66,158
भाजपा	01	4,36,650
अन्य	00	50,395

2014 में कितनी सीटें, कितने वोट

पार्टी	सीट	वोट
भाजपा	02	4,36,679
कांग्रेस	00	2,98,750
अन्य	00	81,571

दिग्गज श्रीपद नईक को स्थानीय मुद्दों से विरोधी मतों के उभरने का खतरा



गोवा उत्तर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के श्रीपद येसो नाईक चार बार से सांसद चुने जा रहे हैं। वह 2004 से लेकर 2019 तक लगातार इस सीट पर जीत हासिल कर चुके हैं। हालांकि इससे पहले जब इस सीट को पणजी लोकसभा के नाम से माना जाता था, तब भी 1999 में वह जीते थे। उनके ही कारण उत्तरी गोवा में भाजपा का दबदबा साफ नजर आता है। इसी के चलते केंद्र की मोदी सरकार ने उन्हें आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का पद दिया है। इससे पहले वह रक्षा राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। साल 2019 में श्रीपद नाईक को कुल 2,44,844 वोट मिले थे। उनके मुकाबले में मैदान में उतरे कांग्रेस उम्मीदवार गिरीश राय चंदोणकर को 1,64,597 वोट हासिल हुए थे। इस सीट पर मतदाताओं की संख्या करीब छह लाख है। भाजपा ने एक बार फिर श्रीपद नाईक पर भरोसा जताते हुए उन्हें चुनाव मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले के लिए कांग्रेस ने इस बार गोवा उत्तर से पूर्व कानून मंत्री रमाकांत खलप को मौका दिया है, जबकि रिवोल्यूशनरी गोवन्स पार्टी से मनोज परब किस्मत आजमा रही है। इस लोकसभा क्षेत्र में हिंदू आबादी ज्यादा है और श्रीपद नाईक ओबीसी वर्ग के सबसे बड़े नेता गिने जाते हैं। वह गोवा के विकास के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं और केंद्र की कल्याणकारी योजनाएं गिना रहे हैं। इसके विपरीत कांग्रेस के रमाकांत खलप चुनाव को स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित करते हुए रोजगार, महादेयी नदी के पानी के बंटवारे जैसी बातों को चर्चा में ला रहे हैं। जानकार यहां एक बार फिर श्रीपद नाईक की जीत की संभावनाएं प्रबल बताते हैं, लेकिन लगातार क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के कारण उनके विरुद्ध लोगों के एक वर्ग में नाराजगी के मद्धम स्वर भी हैं।

भाजपा की धमाकेदार प्रत्याशी पल्लवी को ईसाई नहीं होना पड़ सकता है भारी

भाजपा ने 1962 के बाद से केवल दो बार दक्षिण गोवा लोकसभा सीटी जीती है। इस सीट पर भाजपा को 1999 और 2014 के चुनाव में सफलता मिली थी। इस बार पार्टी ने यहां से उद्यमी पल्लवी डेम्पो को उतार कर चौंका दिया है। वह डेम्पो ग्रुप के अध्यक्ष श्रीनिवास की पत्नी हैं। पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। यही वजह रही कि बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में उन्होंने लिखा हुआ भाषण पढ़ा था। पल्लवी 1400 करोड़ की संपत्ति की मालकिन हैं। लेकिन उनका नकरात्म पहलू यह है कि वह ईसाई नहीं है, जबकि इस लोकसभा क्षेत्र में ईसाई मतदाता ज्यादा हैं। हालांकि पल्ली को जिताने के लिए भाजपा ने पूरी ताक झोंक रखी है। मोदी जहां तीन माह में दो बार सभा कर चुके हैं, वहीं भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी रैली कर चुके हैं। गोवा दक्षिण सीट से कांग्रेस के फ्रांसिस्को सरदिन्हा वर्तमान में सांसद हैं। लेकिन कांग्रेस ने उनके स्थान पर विरयातो फर्नांडिस को मैदान में उतारा है। वह नेवी में कैप्टन रह चुके हैं। पर्यावरण प्रेमी हैं और सरकार के खिलाफ आंदोलनों में आगे रहते आए हैं। हालांकि 2002 में विधानसबा चुनाव हार गए थे। विरयातो इस चुनाव को मनी और पॉवर के साथ संघर्ष बता रहे हैं। रिवोल्यूशनरी गोवन्स पार्टी ने यहां रुबर्ट परेरा को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी गोवा, गोवा के लोगों के लिए मुद्दा उठाकर क्षेत्रीयता का ज्वार तेज करने में जुटी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में फ्रांसिस्को 2,01,561 वोट हासिल करके विजयी हुए थे। उनके मुकाबले में उतरे भाजपा के नरेंद्र सवाईकर को 1,91,806 वोट मिले थे। हालांकि 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के नरेंद्र सवाईकर ने दक्षिण गोवा लोकसभा सीट जीती थी, तब उन्होंने कांग्रेस के एलेक्सो रेना को हराया था। यहां 6,22,403 मतदाताओं हैं, जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से करीब 20 हजार ज्यादा है। गोवा दक्षिण लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली 20 विधान सभा सीटों में 12 भाजपा के पास हैं।

पर्यटन से चलती यहां की अर्थव्यवस्था, प्रति व्यक्ति आय में देश भर में अव्वल

गोवा क्षेत्रफल के लिहाज से भारत का सबसे छोटा राज्य है, लेकिन सबसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। जनसंख्या के हिसाब से यह चौथा सबसे छोटा राज्य है। हालांकि गोवा में प्रति व्यक्ति आय देश में सबसे ज़्यादा है। राज्य में लगभग 60 फीसदी आबादी हिंदू और 28 फीसदी ईसाई है। यह राज्य अपनी बांस शिल्पकला के लिए मशहूर है। गोवा का एक तिहाई से ज़्यादा हिस्सा जंगलों से घिरा है। यहां प्राकृतिक दृश्यों, आकर्षक समुद्र तट, हरे-भरे सौंदर्य की भरमार है। दुनिया भर से पर्यटक यहां समुद्र तटीय सुंदरता और प्राकृतिक आकर्षण का आनंद लेने के लिए यहां आते हैं। राज्य की अर्थव्यवस्था पर्यटन से ही चलती है। यहां दुनिया भर के प्रसिद्ध कैसीनो हैं और करीब 7,000 बार संचालित होते हैं।

खंडवा में लहर भगवा जीत तलाश रही कांग्रेस

चुनाव डेस्क

ज्ञानेश्वर पाटिल।

अमृत विचार। मध्य प्रदेश की खंडवा लोकसभा सीट कभी कांग्रेस का गढ़ थी, लेकिन इस गढ़ पर 1996 में भाजपा ने कब्जा कर जमाया तो 2004 तक इस सीट पर भगवा ध्वज लहराता रहा। 2008 में परिसमीन के बाद 2009 में जब चुनाव हुआ तो यह सीट कांग्रेस के खाते में चली गई पर 2014 की मोदी लहर में कांग्रेस का झंडा यहां से उखड़ गया फिर लहरा नहीं पाया। कांग्रेस ने 2019 में भी कांग्रेस ने खूब प्रयास किए पर सफल नहीं हुई। जब 2021 में उप चुनाव हुआ तो कांग्रेस को उम्मीद थी कि वह फिर इस सीट पर जीत दर्ज कर लेगी लेकिन पार्टी की आंतरिक कलह का परिणाम रहा कि पार्टी को यहां फिर हार का सामना करना पड़ा। इस बार 13 मई को इस सीट पर चुनाव होना है। भाजपा ने फिर चक्रव्यूह रच दिया है। अब देखना यह है कि कांग्रेस के रणनीतिकार इसे तोड़ पाते हैं या नहीं।

सीधे मुकाबले में रहती कांग्रेस: कांग्रेस और भाजपा के बीच ही इस सीट पर मुकाबला होता है, लेकिन इस बार कांग्रेस के लिए लड़ाई आसान नहीं दिख रही है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने आठ में से सात सीटों पर कब्जा किया था। ऐसे में भाजपा को यह उम्मीद है कि मतदाता इस चुनाव में भी उसके साथ रहेंगे। यही वजह है कि मोदी की गारंटी का खूब प्रचार किया जा रहा है। कांग्रेस उम्मीदवार बेरोजगारी, गरीबी का मुद्दा उठा रहे हैं बताने में लगे हैं कि भाजपा पुनः सत्ता में आई तो संविधान बदलकर आरक्षण खत्म कर देगी।

ज्ञानेश्वर पाटिल पर भाजपा ने जताया विश्वास

- 2021 के उप चुनाव में इस सीट से जीते ज्ञानेश्वर पाटिल पर को भाजपा ने दोबारा मौका दिया है। जबकि कांग्रेस ने गुर्जर समाज के नरेंद्र पटेल पर विश्वास जताया है। नरेंद्र पटेल कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद अरुण यादव के खास हैं। अरुण यादव को पार्टीइस सीट पर मौका देना चाहती थी लेकिन उन्होंने ही नरेंद्र पटेल का नाम आगे बढ़ाया। नरेंद्र के काका ताराचंद पटेल सांसद और विधायक रह चुके हैं।

1996 से लगातार जीत रही भाजपा को 2009 में लगा था झटका

2014, 2019 और 2021 के उप चुनाव में भी लहराया भगवा

राम लहर में पहली बार खिला था कमल

- इस सीट पर पहली बार 1952 में लोकसभा चुनाव हुआ था तब कांग्रेस यहां से जीती थी। पार्टी लगातार पांच चुनावों में यहां से जीती लेकिन 1977 यहां के मतदाताओं ने हाथ का साथ छोड़ दिया था और जनता पार्टी को अपना लिया था। 1979 में जब इस सीट पर उप चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने इसे जीतने के लिए जबरदत प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुई। जनता पार्टी ने कुशाभाऊ ठाकरे को मैदान में उतारकर कांग्रेस की रणनीति को फेल कर दिया था। हालांकि जब 1980 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने इस सीट पर फिर से कब्जा कर लिया। 1984 में भी कांग्रेस यहां से जीती लेकिन 1989 की राम मंदिर लहर में भाजपा की बयार में यहां के मतदाता बह गए और उन्होंने पार्टी के उम्मीदवार को सिर माथे पर बैठा लिया, लेकिन यह लहर बहुत दिन तक नहीं रही। जब 1991 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने इस सीट को जीत लिया और भाजपा की रणनीति धरी की धरी रह गई। 1996 में भाजपा को नंद कुमार सिंह चौहान जैसा मजबूत सिपहसालार मिला जिसने इस सीट को न सिर्फ भाजपा की झोली में डाला बल्कि अपने काम के दम पर वे लगातार यहां से चार बार जीते। 2009 में आंतरिक कलह के कारण भाजपा यह सीट हारी पर 2014 और 2019 में नंद कुमार सिंह फिर सांसद बने। उनके निधन पर उप चुनाव हुआ तो भाजपा ने आसानी से सीट जीत लिया।



जीत की कामना

नई दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार जनसंपर्क कर रहीं हैं। मंगलवार को उन्होंने हवन- पूजन किया।

अब तक के चुनाव में देश मोदी सरकार के साथ: योगी

बहरामपुर/सूरी/आसनसोल

पश्चिम बंगाल के बीरभूम में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जोश भरते यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां दावा किया कि अब तक 191 लोकसभा सीटों पर हुए मतदान से साफ संकेत हैं कि नरेन्द्र मोदी सरकार को भारी बहुमत से तीसरा कार्यकाल मिलने जा रहा है। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 सीटें मिलेंगी। इसमें यूपी अपने हिस्से की सभी 80 सीटों का उपहार भेंट करेगा।

बहरामपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी निर्मल कुमार साहा के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, 'अब तक 191 सीटों पर हुए मतदान से राजग को 400 सीटों के साथ मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का स्पष्ट संकेत सामने आया है।'

पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आदित्यनाथ ने यह आश्वासन भी दिया कि संदेशखालि में हुए अपराध और रामनवमी उत्सव के दौरान हुई झड़पों के जिम्मेदार लोगों को भाजपा कानून के दायरे में लाएगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा, अगर ऐसी घटनाएं उनके प्रदेश में होतीं, तो अपराधियों को ऐसा सबक सिखाता कि उनकी अगली सात पीढ़ियां ऐसा कुछ करने के बारे में सोचने की हिम्मत भी नहीं कर पातीं। उन्होंने कहा कि रामनवमी के मौके पर अयोध्या में बिना किसी घटना के सैकड़ों रैलियां निकाली गईं। आज पश्चिम बंगाल को उत्तर प्रदेश जैसे मॉडल की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल अब पहले जैसा 'सोनार बांग्ला' (समृद्ध राज्य) नहीं रहा और राज्य विकास से दूर जा रहा है। आदित्यनाथ ने कहा कि उन्हें दुख होता है कि जिस पश्चिम बंगाल में कई राष्ट्रवादी नेताओं और महान हस्तियों का जन्म हुआ, उसे कांग्रेस, कम्युनिस्टों और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने बर्बाद कर दिया। उन्होंने दावा किया कि अगर राज्य के लोग संकट में हों तो न तो राहुल गांधी और न ही कांग्रेस या टीएमसी का कोई अन्य नेता उनकी मदद के लिए आएगा। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि दीदी का स्नेह उन माफिया के प्रति है जो बंगाल को लूट रहे हैं।

डेलकर परिवार के सहारे दादरा नगर में अब भाजपा

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली की लोकसभा सीट पर चुनाव के लिए सात मई को वोट पड़ेंगे। दादरा और नगर हवेली लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इस सीट से मौजूदा सांसद और भाजपा उम्मीदवार कलाबेन डेलकर के खिलाफ कांग्रेस से अजीत रामजीभाई महला मुकाबले में आगे आने की जी तोड़ कोशिश कर रहे हैं, जबकि सुश्री डेलकर के पुत्र अभिनव अपनी मां को एक बार फिर संसद में पहुंचाने के लिए प्रचार में दिन-रात एक किए हैं। दादरा नगर हवेली में भाजपा को अभी तक डेलकर परिवार से ही चुनौती मिलती रही है। सुश्री डेलकर ने पति और सीट से सात बार के सांसद मोहन डेलकर के निधन के बाद 2021 के उपचुनाव में शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के टिकट पर यहां से 51,269 मतों के भारी अंतर से जीत हासिल की थी। भाजपा प्रत्याशी महेश गावित को हराया था। कलाबेन डेलकर पिछले दिनों भाजपा में शामिल हो गई थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव में दादरा नगर हवेली सीट पर स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में मोहनभाई सांजीभाई डेलकर ने 90,421 वोट हासिल करके भाजपा के नटूभाई गोमनभाई पटेल को शिकस्त दी थी। भाजपा के नटूभाई गोमनभाई पटेल को 81,420 और कांग्रेस के प्रभु रत्नभाई टोकिया को 8,608 वोट मिले थे।

2014 के चुनाव में इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच ही मुख्य टक्कर देखी गई थी। भाजपा से चुनाव लड़े नटूभाई पटेल को 80,790 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के मोहनभाई डेलकर 74,576 वोट पाकर हार गए थे।

राजस्थान के रण में भाजपा कर रही क्लीन स्वीप का दावा

चुनाव डेस्क

- भाजपा नेताओं का दावा पार्टी क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक लगाएगी पूरा होगा 400 पार का लक्ष्य
- जिन सीटों पर भाजपा मान रही थोड़ी टक्कर, कांग्रेस नेताओं को वहां दिख रहा जीत का अवसर
- अटकलों का बाजार, विश्लेषकों का आकलन करीब पांच फीसदी कम मतदान से घटेगा जीत का अंतर

अमृत विचार। राजस्थान में दो चरणों में लोकसभा की सभी 25 सीटों पर वोट डाले जाने के बाद अब भाजपा और कांग्रेस के चुनावी रणनीतिकार और संगठन के बड़े नेता जीत-हार का हिसाब-किताब लगाने में व्यस्त हैं। इसके लिए प्रत्याशियों के साथ बूथ स्तर तक के आंकड़ों का फीड बैक लिया गया है। हालांकि मतदान के बाद भाजपा राज्य में एक बार फिर क्लीन स्वीप करते हुए सभी 25 सीटें जीतने का दावा कर रही है, वहीं कांग्रेस नेता एक दर्जन सीटों पर टक्कर देने के साथ चार से पांच सीटें हाथ में आने की बात कह रहे हैं। लेकिन राजनीतिक जानकारों के अनुसार अंदरखाने भाजपा को अधिकतम दो सीटों का नुकसान होने का आकलन लगाया जा रहा है, वहीं कांग्रेस के लिए तीन से चार सीटों पर जीत का अवसर है। ऐसे में परिणाम के लिए चार जून तक का इंतजार बहुत लंबा और बेचैनी बढ़ाने वाला नजर आ रहा है। राजस्थान में दूसरे और अंतिम चरण में रविवार को 13 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ था। इससे पहले 12 सीटों पर वोट डाले गए थे। 2019 के मुकाबले राज्य में इस बार 4.55 फीसदी कम वोट पड़े हैं। लेकिन इसमें भी तथ्य यह है कि केवल 22 सीटों पर मतदान प्रतिशत घटा है। तीन सीटों पर मतदान प्रतिशत में इजाफा दर्ज किया गया है। बारमेड़, बांसवारा और कोटा लोकसभा सीट पर इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ा है। हालांकि इसकी वजह इन सीटों पर खड़े भाजपा-कांग्रेस के उम्मीदवार माने जा रहे हैं, जिनमें कड़ी प्रतिद्वंदिता देखने में आयी है।

माना जा रहा है कि पिछले दो चुनाव में जिस तरह एकतरफा हवा बह रही थी, वैसा माहौल इस बार अनेक सीटों पर नहीं दिखा। 5 से 7 सीटों पर मुकाबला कड़ा नजर आया है। इसके चलते इस बार भाजपा का कम से कम आधा दर्जन सीटों पर जीत का अंतर घटने की संभावना जताई जा रही है। पिछले दो लोकसभा चुनाव में राज्य की 25 में से 21 सीटों पर भाजपा का जीत का अंतर काफी रहा था। भाजपा की जिन डेढ़ दर्जन सीटों पर जीत तय मानी जा रही हैं, उनमें जयपुर, जोधपुर, अजमेर, पाली, जालोर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, कोटा, झालावाड़, बीकानेर, गंगानगर, अलवर, भरतपुर, जयपुर ग्रामीण शामिल है. वहीं,कांग्रेस की झोली चूरू, झुंझुनू,सीकर,करोली, दौसा, नागौर सीट को गिना जा रहा है। उधर, कांग्रेस दौसा, सवाई माधोपुर, झुंझुनू, कोटा, भरतपुर, सीकर, जयपुर ग्रामीण सीटों पर अपनी बढ़त मानते हुए दावा कर रही है कि इनमें से कम से कम चार-पांच सीटें वह जीत सकती है। इसके मुकाबले भाजपा नेता तर्क देते हुए कह रहे हैं कि कांग्रेस कार्यकर्ता उदासीन रहे और वोट डलवाने नहीं निकले, भाजपा कार्यकर्ताओं ने वोट डलवाए हैं। राज्य की बाड़मेर -जैसलमेर लोकसभा सीट पर कांग्रेस के उम्मेदाराम व निर्दलीय रविंद्र सिंह में टक्कर बताई जा रही है। यहां तमाम लोग भाजपा के कैलाश चौधरी को त्रिकोणीय संघर्ष में पिछड़ता मान रहे हैं। इसी तरह टोंक-सवाई माधोपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा और दो बार से सांसद भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया के बीच कांटे की टक्कर बताई जा रही है। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट टोंक विधानसभा सीट से ही विधायक हैं, जिसका फायदा कांग्रेस को मिला है। ऐसे ही पिछले दो चुनावों में दौसा, करौली-धौलपुर तथा टोंक-सवाई माधोपुर में भाजपा की जीत का अंतर ज्यादा नहीं था। दो सीटों पर एक लाख से भी कम था। इस बार भी यहां के मतदाता ने चुनाव को लेकर कोई उत्सुकता नहीं दिखाई है। मीणा और दलित बाहुल्य करौली-धौलपुर सीट पर दोनों समाजों ने खास रुचि नहीं दिखाई। दौसा में कांग्रेस ने दौसा से विधायक मुरारीलाल मीणा को उतारा था। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री किरोड़ी मीणा ने भाजपा प्रत्याशी बस्सी से पूर्व विधायक कन्हैया लाल मीणा के लिए प्रचार किया।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 985 फ्लैग- 1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 860
रामपुर : शिवालिक-985 फ्लैग- 1100 डीएमओ-880 बोल्ड-1155

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	82350
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	73850
गिन्नी (प्रति नग)	55000-55200
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	71,750
सोना रवा	71,600
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	81,600
चांदी (999)	81,500
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	71700
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	70700
सिल्वर (पक्की)	810 (अनुमानित)
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	70700
सिल्वर (पक्की)	810 (अनुमानित)

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 70 मसूरी- 58 अंगूरी- 54 बासमती- 105 दाल दलहन : काला चना- 90 साबुत चना दाल- 75 मूंग साबुत- 122 राजमा- 152 दाल उड़द- 123 साबुत मसूर दाल- 84 मसूर दाल- 82 उड़द साबुत- 127 काबुली चना- 126 अरहर दाल- 168 लोबिया/करमानी- 114 सोयाबीन- 66 मूंगफली- 60 मटर (सूखी)- 50 मक्का- 19

कोटक महिंद्रा बैंक के संयुक्त प्रबंध निदेशक ने दिया इस्तीफा

मुंबई। कोटक महिंद्रा बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसके संयुक्त प्रबंध निदेशक केवीएस मणियन ने इस्तीफा दे दिया है। तीन दशकों से बैंक के साथ जुड़े रहे मणियन को इसी साल जनवरी में प्रबंधन फेरबदल के दौरान संयुक्त प्रबंध निदेशक बनाया गया था। उनका इस्तीफे की घोषणा ऐसे समय हुई है जब आरबीआई ने सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के निरंतर उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए बैंक को ऑनलाइन ग्राहक जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने से रोक दिया है।

11 प्रतिशत कम हुई गेहूं की सरकारी खरीद

2024-25 में अब तक 196 लाख टन खरीदा, योजनाओं के तहत सालाना जरूरत 186 लाख टन की

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने चालू विपणन वर्ष 2024-25 में अब तक 196 लाख टन से अधिक गेहूं खरीदा है, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम समेत सभी कल्याणकारी योजनाओं के लिए इसकी सालाना जरूरत 186 लाख टन है। खाद्यान्न की खरीद और वितरण के लिए सरकार की नोडल एजेंसी भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) अब बफर स्टॉक बढ़ाने के लिए 2024-25 में 310-320 लाख टन गेहूं खरीद के लक्ष्य को पूरा करने के प्रयास कर रही है।

जरूरत पर खुदरा कीमतों को नियंत्रित के लिए खुले बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए इस स्टॉक का इस्तेमाल होगा। हालांकि रबी सत्र की प्रमुख फसल गेहूं की खरीद पिछले साल की समान अवधि के 219.5 लाख टन से अब तक 11 प्रतिशत कम हुई है। इसका मुख्य कारण मध्य प्रदेश और पंजाब में कम खरीद का होना है। एफसीआई के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अशोक के मीणा ने बताया कि हम अनुमानित खरीद लक्ष्य को हासिल करने की राह पर हैं क्योंकि पंजाब और हरियाणा में गेहूं की आवक अच्छी है। एफसीआई अकेले इन दोनों राज्यों से 200 लाख टन गेहूं की खरीद करेगा। केंद्र ने विपणन 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में 261.97 लाख टन गेहूं की खरीद की थी। अधिकांश खरीद अप्रैल-मई के दौरान हुई है।

केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अनुमानों के मुताबिक गेहूं का उत्पादन फसल वर्ष 2023-24 में 1,120.19 लाख टन होगा, जबकि पिछले वर्ष में यह 1,105.54 लाख टन था। कुछ राज्यों में उम्मीद से अधिक पैदावार होने पर उत्पादन 1,150 लाख (115 मिलियन) टन तक पहुंच सकता है। एफसीआई ने विभिन्न राज्यों के करीब 16 लाख किसानों से 2,275 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 45,000 करोड़ रुपये का गेहूं खरीदा है। पंजाब और हरियाणा में इस समय गेहूं की फसल की आवक अच्छी है। एफसीआई को पंजाब से 130 लाख टन और हरियाणा से 70 लाख टन की खरीद की उम्मीद है।

- पंजाब और हरियाणा में आवक अच्छी, एफसीआई करेगा 200 लाख टन गेहूं की खरीद

उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में तेज कर सकता है एफसीआई खरीदारी

एफसीआई मई से पहले उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में खरीदारी तेज कर सकता है क्योंकि उसे यहां की मंडियों में फसलों के देर से आने की उम्मीद है। कीमतों को नियंत्रित करने के लिए जरूरत पड़ने पर खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) लाने के लिए अतिरिक्त स्टॉक रखने के बारे में सोचा जा रहा है। पिछले साल इस योजना के तहत 100 लाख टन से अधिक गेहूं आटा मिलों और अन्य गेहूं आधारित उद्योगों को भेजा गया था। मध्य प्रदेश में अब तक गेहूं की खरीद 34.66 लाख टन ही हुई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 55.59 लाख टन थी। बफर स्टॉक के संबंध में केंद्र के पास एक अप्रैल तक केंद्रीय पूल में 75.02 लाख टन गेहूं था, जबकि उस तारीख को बफर मानक 74.6 लाख टन था। एक जुलाई के लिए बफर मानक 275.8 लाख टन है। एफसीआई को सभी कल्याणकारी योजनाओं के लिए 400 लाख टन चावल की वार्षिक जरूरत के मुकाबले विपणन वर्ष (अक्टूबर-सितंबर) में 540 लाख टन की खरीद की उम्मीद है। चावल के मामले में हमारे पास एक साल का अतिरिक्त स्टॉक है। चावल का स्टॉक फिलहाल 532 लाख टन है।

देश की आर्थिक वृद्धि दर 7% से अधिक रहने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर ने कहा है कि बेहतर वैश्विक परिदृश्य और अच्छे मानसून की संभावना से चालू वित्त वर्ष के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत से अधिक बढ़ सकती है।

नेशनल काउंसिल फॉर एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) ने मासिक आर्थिक समीक्षा (एमईआर) के अप्रैल 2024 अंक में कहा कि जीएसटी संग्रह, पीएमआई, बिजली खपत, मालु ढलाई जैसे उच्च आवृत्ति वाले संकेतक घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहे हैं। विनिर्माण के लिए क्रय प्रबंधक सूचकांक 16 साल के उच्च स्तर पर है और डिजिटल भुगतान प्रणाली भी उच्चतम स्तर पर है। एनसीएईआर की महानिदेशक पूनम गुप्ता ने कहा कि जीएसटी संग्रह मार्च में 1.8 लाख करोड़ तक पहुंच गया, जो 2017 में इसके लागू होने के बाद से दूसरा सबसे अच्छा संग्रह है। यूपीआई ने 13.4 अरब लेनदेन दर्ज किए, जो इसके लागू होने के बाद से सबसे अधिक है। गुप्ता ने कहा कि इन उच्च आवृत्ति संकेतकों के साथ आईएमएफ और डब्ल्यूटीओ के अनुसार बेहतर वैश्विक परिदृश्य भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छे संकेत हैं।

- एनसीएईआर ने मासिक समीक्षा में कहा- उच्च आवृत्ति वाले संकेतक दर्शा रहे मजबूती

भारत की सोने की मांग उच्च कीमत के बावजूद 8% बढ़कर 136.6 टन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की सोने की मांग कीमतों के ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचने के बावजूद मजबूत आर्थिक माहौल के दम पर जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 136.6 टन हो गई।

आरबीआई द्वारा सोने की खरीद से भी मांग में वृद्धि हुई। जनवरी-मार्च में मूल्य के संदर्भ में भारत की सोने की मांग वार्षिक आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 75,470 करोड़ हो गई। इसका कारण मात्रा में वृद्धि के साथ-साथ तिमाही औसत कीमतों में 11 प्रतिशत की वृद्धि भी है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने मंगलवार की रिपोर्ट गोल्ड डिमांड ट्रेंड्स क्यू1 2024 जारी की। भारत की कुल सोने की मांग, जिसमें आभूषण तथा निवेश दोनों हैं...इस साल जनवरी-मार्च में बढ़कर 136.6 टन हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 126.3 टन थी। भारत में सोने की कुल मांग में से आभूषणों की मांग चार प्रतिशत बढ़कर 95.5 टन हो गई। कुल निवेश मांग (बार, सिक्के) 19 प्रतिशत बढ़कर 41.1 टन हो गई।

- वार्षिक आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 75,470 करोड़
- आभूषणों की मांग 4 प्रतिशत बढ़कर 95.5 टन

रिलायंस होम फाइनेंस मामले में ऑडिटरों पर 1.6 करोड़ जुर्माना

नई दिल्ली। राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) ने रिलायंस होम फाइनेंस में पेशेवर और ऑडिट से जुड़ी गड़बड़ियों के लिए ऑडिट कंपनी और दो ऑडिटरों पर कुल 1.6 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। एनएफआरए ने कहा कि ऑडिट कंपनी धीरज एंड धीरज पर 2018-19 के ऑडिट कार्यों में गड़बड़ी के लिए एक करोड़, पीयूष पाटनी पर 50 लाख और पवन गुप्ता पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पाटनी और गुप्ता दोनों ही मुंबई स्थित ऑडिट कंपनी धीरज एंड धीरज के भागीदार हैं। नियामक ने पाटनी और गुप्ता को क्रमशः पांच और तीन साल के लिए ऑडिटर के रूप में नियुक्त होने या वित्तीय विवरण या आंतरिक ऑडिट के संबंध में कोई भी ऑडिट करने से रोक दिया है। यह मामला वर्ष 2018-19 के लिए रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के ऑडिट में गड़बड़ी से संबंधित है।

लिंडे इंडिया का मूल्यांकन करे एनएसई: सेबी

नई दिल्ली, एजेंसी

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शेयरधारकों से मिली शिकायतों के बाद नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को लिंडे इंडिया और उससे जुड़ी प्रैक्सएयर इंडिया के बीच हुए लेनदेन का मूल्यांकन करने के लिए मूल्यांकनकर्ता नामित करने का निर्देश दिया है।

यह मामला लिंडे इंडिया लिमिटेड (एलआईएल) और उससे जुड़ी कंपनियों प्रैक्सएयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पीआईपीएल) और लिंडे साउथ एशिया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एलएसएएसपीएल) के बीच हुए लेनदेन और समझौतों से संबंधित है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शेयरधारकों से कई शिकायतें मिलने के बाद मामले की जांच की थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि लिंडे इंडिया द्वारा प्रैक्सएयर इंडिया के साथ किए लेनदेन और समझौते संबंधित पक्ष लेनदेन की प्रकृति के थे और लिंडे इंडिया ने इन लेनदेन पर शेयरधारकों की मंजूरी नहीं ली थी। सेबी ने अपने अंतरिम आदेश में कहा कि लिंडे इंडिया शेयरधारकों की मंजूरी के बगैर संबंधित पक्ष लेनदेन को अंजाम दे रही थी, जो पहली नजर में महत्वपूर्ण प्रतीत होता है।...यह व्यापक शेयरधारक आधार की कीमत पर नियंत्रक शेयरधारकों को अनुचित ढंग से लाभ पहुंचाने की संभावना रखता है।

बाजार नियामक ने एनएसई को आदेश दिया कि वह लिंडे इंडिया और प्रैक्सएयर इंडिया के बीच हुए संयुक्त उद्यम और शेयरधारक समझौते के संदर्भ में भौगोलिक आवंटन के अलावा कारोबार का मूल्यांकन करने के लिए एक पंजीकृत मूल्यांकनकर्ता नियुक्त करे। साथ ही नियामक ने एनएसई को सेबी और कंपनी दोनों को मूल्यांकन रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

- शेयरधारकों से मिली शिकायतों के बाद मूल्यांकन का दिया निर्देश

राष्ट्रीय

एक नजर

छत्तीसगढ़:जीजा ने की साले की हत्या

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद कोतवाली क्षेत्र से पांच किमी दूर ग्राम तावरबाहरा में जीजा और दीदी के बीच शुरू हुए झगड़े में बीच-बचाव करने आए साले को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। जीजा ने हत्या के बाद खुद थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। सिटी कोतवाली प्रभारी कृष्णा प्रसाद जांगड़े मामले की जांच में जुटे हैं। ग्राम पंडरी पानी निवासी सनत कुमार ध्रुव अपने जीजा बंशीलाल ध्रुव के घर कुछ महीनों से रह रहा था। सोमवार शाम छह बजे जीजा और दीदी में विवाद हो गया। इसी बीच उसने कुल्हाड़ी उठाया ही था, तभी बीच बचाव करने सनत आ गया, जिसके गर्दन के नीचे बंशी लाल ने कुल्हाड़ी से मार दिया, जिससे सनत की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी बंशीलाल ने सिटी कोतवाली पहुंचकर घटना की जानकारी दी।

हथियार डीलर 37 हथियारों के साथ गिरफ्तार

खरगोन। मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के बिस्टान थाना क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस ने डीलर को 37 हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी धर्मराज मीणा ने बताया कि सूचना पर बिस्टान थाना क्षेत्र में इंद्रावती नदी के पुल के पास घेराबंदी कर खंडवा जिले के मोघट थाना क्षेत्र निवासी विश्वास सोनी को पकड़ा गया। इसी दौरान उसे हथियार सप्लाई करने आया सिकलीगर प्यार सिंह फरार हो गया। आरोपी के पास से 37 फायर आर्म्स (पिस्टल व कट्टे) मिले हैं। पूछताछ पर प्यार सिंह के घर ग्राम गारी में दबिश दी गई। इसमें हथियार निर्माण की सामग्री व उपकरण जब्त किए गए। उन्होंने बताया कि दिलीप सोनी के विरुद्ध खरगोन खंडवा होशंगाबाद इंदौर और हरदा में चोरी लूट व अवैध हथियार सप्लाई के कुल 13 अपराध दर्ज है।

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

पटना। बिहार में पटना व्यवहार न्यायालय स्थित विशेष अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी युवक को मंगलवार को 20 साल की सश्रम कारावास के साथ 25 हजार जुर्माने की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश कमलेश चंद्र मिश्रा ने सुनवाई के बाद पटना के बाढ़ थाना क्षेत्र निवासी रिक्की कुमार को दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को छह माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। अदालत ने पीड़िता के पुनर्वास के लिए उसे पांच लाख रुपये देने का निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिया है। विशेष लोक अभियोजक सुरेश चंद्र प्रसाद ने बताया कि 2021 में दोषी ने पटना के बाढ़ थाना क्षेत्र से एक नाबालिग बालिका को गांधीनगर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पटना के बाढ़ थाना में इसकी प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

कोटा में महिला से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म

कोटा (राजस्थान)। राजस्थान के कोटा में 23 वर्षीय महिला से उसके ही पड़ोसी ने दुष्कर्म किया। पुलिस के मुताबिक घटना सोमवार की रात उस समय की है, जब पीड़िता का पति घर पर नहीं था। थानाध्यक्ष बन्नालाल ने बताया कि पति के घर लौटने के बाद पीड़िता ने आपबीती सुनाई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि उनके पड़ोसी हेमंत गोस्वामी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और इस बारे में किसी को भी बताने पर गंभीर परिणाम की धमकी दी। गोस्वामी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है।

रिश्वत लेने के 28 वर्ष पुराने मामले में बीडीओ बरी

पटना। बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने रिश्वत लेने के 28 वर्ष पुराने मामले में आरोपी प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को साक्ष्य के अभाव में मंगलवार को बरी कर दिया। निगरानी के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम ने मामले में सुनवाई के बाद पटना के बिहटा प्रखंड के पूर्व विकास पदाधिकारी विनोद कुमार को अपर्याप्त साक्ष्य के कारण बरी किए जाने का अपना निर्णय सुनाया। आरोप के अनुसार, निगरानी ब्यूरो के अधिकारियों ने 16 अगस्त 1996 को आरोपित को शिकायतकर्ता से विद्यालय के निर्माण की अग्रिम राशि देने के बदले 2000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार करने का दावा किया था। मामले की सुनवाई के दौरान निगरानी ने आरोप साबित करने के प्रयास में 11 गवाहों का बयान न्यायालय में कलमबंद करवाया था लेकिन सत्यापनकर्ता की गवाही नहीं हो सकी और न ही रिश्वत में कथित रूप से दिये गये बरामद करेंसी नोटों को अदालत में पेश किया सका था।

भाजपा सत्ता में लौटी तो संविधान फेंक देंगी : राहुल

मध्य प्रदेश के भिंड में भाजपा और प्रधानमंत्री पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने साधा निशाना

भिंड (मप्र), एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि अगर भाजपा केंद्र में लौटती है तो वह गरीबों, दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को अधिकार देने वाले संविधान को फाड़ कर फेंक देगी। राहुल गांधी मध्य प्रदेश के भिंड जिले में रैली को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने संविधान की प्रति हाथ में लेते हुए कहा कि मौजूदा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है, बल्कि दो विचारधाराओं की लड़ाई है। उन्होंने दावा किया, गरीबों, दलितों, आदिवासियों, ओबीसी को संविधान के कारण अधिकार मिले हैं, जिसने लोगों को मनरेगा, भूमि अधिकार, आरक्षण और अन्य चीजें भी दीं। अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो वह इस संविधान को फाड़कर फेंक देगी। गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री, अमित शाह और उनके सांसदों ने मन बना लिया है कि अगर वह चुने गए, तो वे संविधान को फाड़ कर फेंक देंगे। भाजपा चाहती है कि संविधान को फेंक दिया जाए...। आरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने पूछा कि यदि सत्तारूढ़ सरकार आरक्षण के खिलाफ नहीं है, तो वह सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) रेलवे और अन्य क्षेत्रों का निजीकरण क्यों कर रही है।

गांधी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह अपनी महालक्ष्मी योजना के जरिए करोड़ों महिलाओं को लखपति बनाएगी। सरकार महिलाओं को उनके खातों में एक लाख रुपये हर साल (8,500 रुपये प्रति माह) भेजेगी। गांधी ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी 22-25 उद्योगपतियों को अरबपति बना सकते हैं, तो कांग्रेस करोड़ों महिलाओं को लखपति बना देगी। कांग्रेस ने भिंड लोकसभा (सुरक्षित) सीट से भाजपा की मौजूदा सांसद संध्या राय के खिलाफ विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है।

- दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को संविधान से ही मिले हैं अधिकार

प्रत्याशियों से बोले - जनसंपर्क के दौरान संविधान की प्रति रखें

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों से कहा कि वह नामांकन दाखिल करते समय, सभाओं और जनसंपर्क के दौरान अपने पास संविधान की प्रति रखें तथा लोगों को यह बताएं कि जब तक उनकी पार्टी है तब तक कोई संविधान छीन नहीं सकता। राहुल गांधी चुनाव प्रचार के दौरान अपने साथ संविधान की प्रति लेकर चल रहे हैं और चुनावी सभाओं में लोगों को यह दिखाते भी हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि गरीबों के लिए वरदान, वंचितों का सम्मान और हर नागरिक का अभिमान - हमारा संविधान। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि जब तक कांग्रेस है भाजपा क्या, दुनिया की कोई ताकत संविधान छीन नहीं सकती। वह निरंतर आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा तथा प्रधानमंत्री मोदी संविधान बदलना और आरक्षण खत्म करना चाहते हैं।

सेना नहीं चाहती अग्निवीर योजना, प्रधानमंत्री मोदी ने थोपा निर्णय

भिंड। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि सेना और सैनिक दोनों ही अग्निवीर योजना नहीं चाहते, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने उन पर यह फैसला थोप दिया। उन्होंने कहा कि मोदी ने दो तरीके के जवान बना दिए हैं, एक पेंशन, कैंटीन और अच्छे प्रशिक्षण वाला। दूसरा वो, जिसे ये कुछ नहीं मिलेगा। सरकार दो लोगों को युद्ध में भेज रही है और एक से कह रही है कि आपको कुछ हुआ, तो आपके परिवार की रक्षा होगी। वहीं दूसरे से कह रही है कि उसे कुछ हुआ तो उसे कुछ नहीं मिलेगा, यहां तक कि शहीद का दर्जा भी नहीं मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सेना और सैनिक, दोनों ही अग्निवीर योजना नहीं चाहते। सिर्फ मोदी इसे चाहते हैं और उन्होंने अपना यह निर्णय सेना पर थोप दिया है। मध्यप्रदेश के भिंड और मुरैना (चंबल अंचल) के बहुत से युवा सेना में हैं। बीहड़ों के लिए मशहूर इस क्षेत्र से हर साल बड़ी संख्या में युवा सेना में जाते हैं। साथ ही उन्होंने इस सभा में कांग्रेस के घोषणा पत्र में महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए की गई अपनी घोषणाओं का भी जिक्र किया।

केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आम चुनाव से पहले मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तार के समय को लेकर ईडी से सवाल कर जवाब मांगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से गिरफ्तारी के समय से जुड़े सवाल का जवाब देने के लिए कहा।

पीठ ने जांच एजेंसी से केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख पर जवाब देने के लिए कहा, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। अगली सुनवाई शुक्रवार को होने है। मामले में 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल फिलहाल न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में हैं। कोर्ट ने 15 अप्रैल को ईडी को नोटिस जारी किया और केजरीवाल की याचिका पर जवाब मांगा। उच्च न्यायालय ने नौ अप्रैल को केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखते हुए कहा था कि इसमें कोई अवैधता नहीं थी और बार-बार जारी समन को नजरअंदाज करने और जांच में शामिल होने से इनकार करने के बाद ईडी के पास कम विकल्प बचा था।

- केजरीवाल की याचिका पर अगली तारीख पर जवाब देने के लिए कहा

दिल्ली कोर्ट ने की सिसोदिया की जमानत अर्जी खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में दाखिल जमानत की अर्जी मंगलवार को खारिज कर दी। सीबीआई और ईडी ने कथित आबकारी नीति घोटाले को लेकर अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। सीबीआई और ईडी के मामलों की विशेष न्यायधीश कावेरी बावेजा ने सिसोदिया को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि यह समय जमानत देने के लिए सही नहीं है।

सॉरी पापा, मैं इस साल भी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाया

कोटा (राजस्थान), एजेंसी

- राजस्थान के कोटा में एक और नीट अभ्यर्थी ने आत्महत्या की
- जनवरी से अब तक कोचिंग छात्र के संदिग्ध आत्महत्या का नौवां मामला
- रविवार को हरियाणा के सुमित पांचाल ने भी छात्रावास के कमरे में की थी आत्महत्या

राजस्थान के कोटा में नीट के 20 वर्षीय अभ्यर्थी ने परीक्षा में शामिल होने के अपने तीसरे प्रयास से कुछ दिन पहले मंगलवार को कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। अभ्यर्थी के कमरे से मिले सुसाइड नोट में लिखा है, सॉरी पापा, मैं इस साल भी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाया। जनवरी से अब तक कोटा में किसी कोचिंग छात्र द्वारा संदिग्ध आत्महत्या का यह नौवां मामला है।

कोचिंग हब के तौर पर पहचाने जाने वाले कोटा में 2023 में छात्रों की आत्महत्या के 26 मामले सामने आए थे। पुलिस ने बताया कि राजस्थान के मूल निवासी भरत कुमार राजपूत का शव मंगलवार सुबह छत के पंखे से लटका हुआ पाया गया। जवाहर नगर थाने के उपनिरीक्षक गोपाल सिंह ने कहा कि राजपूत ने पहले दो बार राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) दी थी और उन्हें पांच मई को अपने तीसरे प्रयास में शामिल होना था। सिंह ने बताया कि राजपूत राजीव गांधी नगर में एक पेइंग गेस्ट के रूप में रह रहा था और पिछले एक साल से मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उसका एक रिश्तेदार रोहित भी उनके साथ ही रहता था और उसी परीक्षा की वह भी तैयारी कर रहा था।

उपनिरीक्षक ने बताया कि राजपूत ने मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। इस दौरान कमरे से रोहित बाहर गया हुआ था और जब वह सुबह करीब 11:15 बजे लौटा तो देखा कि कमरा अंदर से बंद है। इस पर उसने खिड़की से झांककर देखा तो राजपूत का शव पंखे से लटकता मिला। रविवार को नीट अभ्यर्थी और हरियाणा के मूल निवासी सुमित पांचाल (20) ने भी अपने छात्रावास के कमरे में छत के पंखे से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी।

सीबीआई जमीन कब्जा मामले की जांच के लिए संदेशखालि पहुंची

कोलकाता। सीबीआई मंगलवार को पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि पहुंची और जमीन कब्जाने का आरोप लगाने वाले शिकायतकर्ताओं से बातचीत कर उनके दस्तावेजों की जांच की। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों के साथ इलाके में गए सीबीआई अधिकारियों ने उन लोगों से बात की जिन्होंने टीएमसी से निलंबित शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों पर जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया है। सीबीआई अधिकारी ने बताया कि टीम संदेशखालि का दौरा कर रही है और ग्रामीणों से बातचीत कर रही है।

देवेंद्र बने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

- अरविंदर सिंह लवली के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद लिया गया निर्णय

कांग्रेस ने मंगलवार को देवेंद्र यादव को दिल्ली इकाई का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया है। अरविंदर सिंह लवली के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद यादव की नियुक्ति की गई है। पूर्व विधायक यादव मौजूदा समय में पंजाब के प्रभारी भी हैं।

संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देवेंद्र यादव को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अंतरिम अध्यक्ष बनाया है और वह पार्टी के पंजाब प्रभारी की जिम्मेदारी भी निभाते रहेंगे। लवली ने 28 अप्रैल को अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था और इसकी एक वजह उन्होंने आप से गठबंधन को बताया था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस दिल्ली इकाई गठबंधन के खिलाफ थी लेकिन पार्टी आलाकमान ने गठबंधन को स्वीकृति दे दी। लवली के इस्तीफे से कुछ दिन पहले बाबरिया के साथ विवाद के बाद दिल्ली के पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 10 नक्सली ढेर

नारायणपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर और कांकेर जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 10 नक्सलियों को मार गिराया है। राज्य के गृह विभाग का कामकाज संभाल रहे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों से आग्रह किया है कि वे समर्पण करें एवं सरकार उनसे बातचीत के लिए तैयार है।

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार रात को नारायणपुर और कांकेर जिलों के अबूझमाड़ क्षेत्र में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और एसटीएफ़ के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। मंगलवार की सुबह छह बजे जवान टेकमेटा और काकूर गांवों के मध्य जंगल में थे तब नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसपर सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। कुछ देर बाद सुरक्षाबलों ने जब घटनास्थल की तलाशी ली तब वहां तीन महिलाओं समेत 10 नक्सलियों के शव मिले। नक्सली डेरे से एक एके 47 राइफल समेत कई हथियार, गोला बारूद और दैनिक उपयोग का सामान मिला है। मारे गए नक्सलियों की पहचान नहीं हो पाई है। मुठभेड़ स्थल कांकेर जिले के कल्पर गांव से 30 किमी दूर दक्षिण में है, जहां 16 अप्रैल के मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए थे।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने वीडियो संदेश में इस सफलता के लिए सुरक्षाबलों को बधाई दी है। उन्होंने नक्सलियों से भी कहा है कि वे समर्पण कर मुख्यधारा में लौटें, सरकार उनसे बातचीत के लिए तैयार है। शर्मा ने कहा है, मैं नक्सलियों से और भटक चुके लोगों से आग्रह करता हूं कि सरकार बातचीत से इसका हल चाहती है। छोटा या बड़ा समूह, जो भी बात करना चाहे सरकार उसके लिए तैयार हैं।

- उप मुख्यमंत्री ने नक्सलियों से समर्पण करने और बातचीत का किया आग्रह

आज का मुकाबला

चेन्नई सुपर किंग्स

बनाम

पंजाब किंग्स

दोपहर 7:30 बजे

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	10	500
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	09	447
साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस)	10	418

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	09	14
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	09	14
हर्षल पटेल (पंजाब)	09	14

टी-20 विश्व कप के लिए क्रिकेट जगत ने कसी कमर, टीमें घोषित

भारत की टी-20 विश्व कप टीम में रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह या सूर्यकुमार यादव का चुना जाना तो तय था लेकिन बाकी खिलाड़ियों ने आईपीएल में अपने प्रदर्शन के दम पर जगह बनाई। भारत के 15 खिलाड़ियों में से नौ ने ऑस्ट्रेलिया में 2022 में भी टूर्नामेंट खेला था, लेकिन कुछ पुराने चेहरों को साथ रखते हुए भारतीय टीम ने युवाओं को आगे लाया गया है।

दक्षिण अफ्रीका टीम में शामिल हुए दो नए चेहरे, नोर्किया की वापसी

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें तेज गेंदबाज एनरिच नोर्किया चोट के कारण नौ महीने बाद वापसी करेंगे जबकि दो अनकैप्ड खिलाड़ियों रेयान रिकल्टन और ओटनील बार्टमैन को भी टीम में जगह मिली। टी20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान बनाए जाने के बाद ऐडन मार्कराम पहली बार विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका की टीम की अगुआई करेंगे। दक्षिण अफ्रीका की सीमित ओवरों की टीम के कोच रॉब वाल्टर ने टी20 विश्व कप से पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैच की टी20 के लिए अस्थाई टीम की घोषणा भी की। दक्षिण अफ्रीका की टी20 विश्व कप टीम में ऐडन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिच नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स शामिल हैं वहीं, रिजर्व के रूप में नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी को रखा गया है।

इंग्लैंड टीम में हुई आर्चर की वापसी, बटलर करेंगे अगुआई

लंदन। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को यहां टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम में जगह मिली जिससे उनके 14 महीने बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी का रास्ता साफ हो गया है।

ईसीबी ने कहा जोफ्रा आर्चर अपनी दाहिनी कोहनी की चोट से उबर गए हैं और उन्हें टीम में शामिल किया गया है। ऑलराउंडर टॉम हार्टले टीम में एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं। ईसीबी ने कहा चार जून को बारबडोस के केनसिंगटन ओवल में स्कॉटलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के शुरुआती ग्रुप मैच से पहले विश्व कप टीम 31 मई को कैरेबिया के लिए उड़ान भरेगी। इंग्लैंड टीम में जोस बटलर (कप्तान), मोईन अली, जोफ्रा आर्चर, जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, रीस टॉपले और मार्क वुड का शामिल किया है।

खेल डायरी

सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप आज से

कोलकाता। सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के 28वें सत्र का अंतिम दौर यहां खेला जाएगा। अंतिम दौर के लिए बारह टीमों को छह-छह टीम के दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप में टीमें राउंड रोबिन प्रारूप में एक-दूसरे से भिड़ेंगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। अंतिम दौर की 12 टीमों में छह ग्रुप चरण विजेता, तीन सर्वश्रेष्ठ उपविजेता और तीन सीधे प्रवेश पाने वाली टीम पश्चिम बंगाल (मेजबान), तमिलनाडु (गत चैंपियन) और हरियाणा (गत उपविजेता) शामिल हैं। मैच किशोर भारती स्टेडियम और एआईएफएफ नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जाएंगे। अंतिम दौर का ग्रुप चरण 11 मई को समाप्त होगा। सेमीफाइनल 13 मई को खेले जाएंगे जबकि फाइनल 15 मई को होगा।

उज्बेकिस्तान और जापान ने फुटबॉल ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

दोहा। उज्बेकिस्तान ने कई बार चूकने के बाद अंतत: अंडर-23 एशियाई कप फाइनल में पहुंचकर पुरुष ओलंपिक फुटबॉल के लिए क्वालीफाई किया। वहीं, जापान की फुटबॉल टीम एएफसी अंडर 23 एशियाई कप के सेमीफाइनल में इराक को 2-0 से हराकर फाइनल में पहुंच गई है। उज्बेकिस्तान ने इंडोनेशिया को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां शुक्रवार को उसकी भिड़ंत जापान से होगी। जापान ने सेमीफाइनल में इराक पर 2-0 से जीत के साथ आठवीं बार ओलंपिक में जगह बनाई। टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी और तीसरे स्थान का फैसला गुरुवार को इराक और इंडोनेशिया के बीच प्ले ऑफ मुकाबले से होगा।

रॉबर्ट की हैट्रिक से बार्सीलोना ने पिछड़ने के बाद वेलेंसिया को हराया

बार्सीलोना। बार्सीलोना ने दूसरे हाफ में रॉबर्ट लेवानदोवस्की की हैट्रिक की बदौलत पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में वेलेंसिया को 4-2 से हराया। बार्सीलोना ने गेंद को अपने कब्जे में लेने के मामले में दबदबा बनाया लेकिन पहले हाफ में रक्षापंक्ति की दो गलतियों के कारण मध्यांतर के समय 1-2 से पीछे थी। फेर्मिन लोपेज ने 22वें मिनट में हेडर से गोल दागकर बार्सीलोना को बढ़त दिलाई लेकिन पांच मिनट बाद ह्यूगो ड्यूरो ने स्कोर 1-1 कर दिया। पेपेलू ने पहले हॉफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल दागकर वेलेंसिया को 2-1 से आगे किया।

2025 में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी गुवाहाटी को

नई दिल्ली। भारत अगले साल गुवाहाटी में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। खेल की वैश्विक संचालन संस्था बीडब्ल्यूएफ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वर्ष 2008 के बाद यह पहली बार होगा जब विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन भारत में होगा। बीडब्ल्यूएफ ने कहा टीम और व्यक्तिगत दोनों स्पर्धाएं पूर्वोत्तर क्षेत्र में भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित की जाएंगी। पिछली बार पुणे में इसकी मेजबानी की थी।

लखनऊ आकर फिर बिखर गई मुंबई

इशान और बढेरा की बदौलत सुपरजाइंट्स को दिया 145 रन का लक्ष्य, मोहसिन को मिले दो विकेट

लखनऊ, एजेंसी

इशान किशन (32) और नेहाल बढेरा (46) की मुश्किल हालात में खेली गयी उपयोगी पारियों की मदद से मुबंई ने आईपीएल के 48वें मैच में मंगलवार को मेजबान लखनऊ के खिलाफ सात विकेट पर 144 रन बनाए।

इकाना स्टेडियम पर टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुबंई की शुरुआत निराशाजनक रही जब पहले पावर प्ले में लखनऊ के गेंदबाजों ने रोहित शर्मा (4),सूर्य कुमार यादव (10),तिलक वर्मा (7) और कप्तान हार्दिक पांड्या (0) के विकेट सस्ते में समेट दिये और छह ओवर के बाद मुबंई का स्कोर चार विकेट पर 28 रन हो गया। कठिन समय में सलामी बल्लेबाज इशान किशन ने नए बल्लेबाज नेहाल बढेरा के साथ पारी को आगे बढ़ाया और पांचवे विकेट के लिए महत्वपूर्ण 53 रन जुटाए। इस बीच पारी के नौवें ओवर में मयंक यादव की गेंद पर इशान का कैच टर्नर ने टपकाया। उस समय इशान सिर्फ सात रन बना सके थे। पारी के 14वें ओवर में रवि विश्नोई की गेंद पर मयंक ने शार्ट थर्ड मैन पर इशान को लपक कर उनकी जुझारु पारी का अंत किया। उधर बढेरा ने नये बल्लेबाज टिम डेविड (35) के साथ मुबंई का संघर्ष जारी रखा और दोनो बल्लेबाजों ने टीम का स्कोर 112 रन कर दिया। इस बीच बढेरा को मोहसिन खान ने क्लीन बोल्ड आउट कर मेहमानों को करारा झटका दिया। मयंक यादव ने मोहम्मद नवी को अपना पहला शिकार बनाया मगर इसके बाद मासंपेशियों में खिंचाव के चलते मयंक और गेंदबाजी नहीं कर सके और उन्हें मैदान के बाहर जाना पड़ा। लखनऊ की ओर से मोहसिन खान 36 रन पर दो विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज साबित हुये जबकि मार्कस स्टायनिस, रवि विश्नोई,मयंक यादव और नवीन उल हक को एक एक विकेट मिला। तिलक रवि विश्नोई के सीधे थ्रो के कारण रन आउट हुए।

रोहित शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते लखनऊ के खिलाड़ी ● एजेंसी

मुंबई 144/7 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 8

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
इशान किशन का मयंक बो बिश्नोई	32	36	3/0
रोहित शर्मा का स्टोइनिस बो मोहसिन	4	5	1/0
सूर्यकुमार का राहुल बो स्टोइनिस	10	6	0/1
तिलक वर्मा रनआउट (बिश्नोई)	7	11	1/0
हार्दिक का राहुल बो नवीन उल हक	0	1	0/0
निहाल बढेरा बोल्ड मोहसिन	46	41	4/2
टिम डेविड नाबाद	35	18	3/1
नबी बोल्ड मयंक	1	2	0/0
कोएत्जी नाबाद	1	2	0/0

गेंदबाजी : स्टोइनिस 3-0-19-1, मोहसिन 4-0-36-2, नवीन उल हक 3.5-0-15-1, मयंक 3.1-0-31-1, रवि बिश्नोई 4-0-28-1, दीपक हुड्डा 2-0-13-0

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	9	8	1	16	+0.694
कोलकाता	9	6	3	12	+1.096
चेन्नई	9	5	4	10	+0.810
हैदराबाद	9	5	4	10	+0.075
लखनऊ	9	5	4	10	+0.059
दिल्ली	11	5	6	10	-0.442
गुजरात	10	4	6	8	-1.113
पंजाब	9	3	6	6	-0.187
मुंबई	9	3	6	6	-0.261
बेंगलुरु	10	3	7	6	-0.415

दूसरा टी-20 मुकाबला

भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को हराया

सिलहट। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने मंगलवार को वर्षा बाधित टी-20 मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस नियम (डीएलएस पद्धति) के आधार पर 19 रनों से हरा दिया है। यहां पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम को भारतीय गेंदबाजों ने राधा यादव 19 रन देकर तीन विकेट और दीप्ति शर्मा 14 रन देकर दो विकेट तथा श्रेयंका पाटिल 24 रन पर दो विकेट के दम पर 119 रन पर समेट दिया था।

इसके बाद बारिश और तूफान के कारण खेल रोके जाने के समय भारतीय टीम ने 5.2 ओवर में एक विकेट पर 47 रन बना लिये थे और स्मृति मंधाना (5) और दयालन हेमलता (41) रन बनाकर क्रीज पर थी। खेल पुनः शुरु नहीं होने की स्थिति में डकवर्थ लुईस नियम के तहत भारतीय टीम को 19 रनों से विजयी घोषित किया गया। श्रेयंका पाटिल और दीप्ति शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। पूजा वस्त्रकर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इगा महिला क्वार्टर फाइनल में नडाल ने केचिन को हराया

मैड्रिड। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में तीन घंटे से अधिक चले कड़े मुकाबले में पेड्रो केचिन को तीन सेट में शिकस्त दी। नडाल ने केचिन को पुरुष एकल मुकाबले में हराया। नडाल ने इस जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल अगले दौर में 31वें नंबर के खिलाड़ी जिरी लेहेका से भिड़ेंगे। शीर्ष वरीय यानिक सिनर अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखाने के बावजूद पावेल कोतोव को हराने में सफल रहे। तीसरे वरीय दानिल मेदवेदेव हार से सिर्फ दो अंक दूर थे लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए सबेस्टियन कोर्डा को हरा दिया जबकि कास्पर रूड ने कैमरन नोरी को हराया। महिला एकल में मेडिसन कीज ने कोको गॉफ को हराकर क्वार्ट फाइनल में प्रवेश किया। वह अगले दौर में ओन्स जेब्युर से भिड़ेंगी जिन्होंने येलेना ओस्टापेंको को शिकस्त दी। शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सारा सोरिबेस टोर्मो को एकतरफा मुकाबले में हराकर मैड्रिड में पहले खिताब की ओर कदम बढ़ाए। अगले दौर में स्वियातेक की भिड़ंत बीट्रिज हदाद माइया से होगी जिन्होंने मारिया सकारी को हराया।

भारतीय महिला बैडमिंटन टीम चीन से 5-0 से हारी

चेंगदू, एजेंसी

भारतीय महिला बैडमिंटन टीम को मंगलवार को मेजबान चीन के खिलाफ 5-0 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद भारत ग्रुप ए से दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में थॉमस और उबेर कप 2024 क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा। मुकाबले में भारत को 15 बार के विजेता चीन से 5-0 से हार मिली।

ईशारानी बरुआ का पहले एकल मैच में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई से सामना हुआ। 33 मिनट तक चले मुकाबले में उन्हें 21-12, 21-10 से हार मिली।

17 वर्षीय राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल खरब को हान यू के खिलाफ दूसरे एकल मुकाबले के दौरान अपना टखना मुड़ने की वजह से रिटायर हर्ट होना पड़ा। भारत की युगल राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया कोनजेंगबाम और श्रुति मिश्रा को तीसरे मुकाबले में चेन किंग चेन और जिया यी फैन से हार का सामना करना पड़ा और इस तरह चीन ने मुकाबले में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली।

महिला हॉकी लीग में पहले दिन ओडिशा, महाराष्ट्र को मिली जीत

रांची। ओडिशा और महाराष्ट्र ने राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के पहले दिन मंगलवार को हरियाणा और मणिपुर पर जीत दर्ज की। ओडिशा ने हरियाणा को 4-1 से हराया जबकि महाराष्ट्र ने मणिपुर पर 5-1 से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट के पहले मैच में हरियाणा के लिए तीसरे मिनट में शशि खासा ने गोल किया। दूसरे हाफ में ओडिशा के लिये रंभा कुजूर ने 33वें मिनट में, सोनाली इक्का ने 38वें और 49वें मिनट में और कप्तान डिपि मोनिका टोप्पो ने 57वें मिनट में गोल दागे। दूसरे मैच में महाराष्ट्र ने 14वें मिनट में तनुश्री कादु के गोल के दम पर बढत बना ली। सानिका माने ने 25वें और 33वें मिनट में गोल किए। मणिपुर के लिये एकमात्र गोल लैशराम रितु देवी ने 51वें मिनट में किया। सानिका माने ने 53वें और 56वें मिनट में दो गोल और करके टीम को जीत दिलाई।

बॉलीवुड हलचल

यिम्मी यिम्मी गाने में जैकलीन ने उड़ाए होश

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस के गाना ''यिम्मी यिम्मी'' यूट्यूब पर 100 मिलियन व्यूज मिल गए हैं। जैकलीन फर्नांडीस इन दिनों अपने वीडियो सॉन्ग ''यिम्मी यिम्मी'' को लेकर सुर्खियों में हैं। इंटरनेट पर हर कोई इस ट्रैक पर झूमता हुआ नजर आ रहा है। यूट्यूब पर यह गाना मैसिव हिट बन गया है। ''यिम्मी यिम्मी'' को अब तक 100 मिलियन से ज्यादा लोग देख चुके हैं। इस वीडियो सॉन्ग को श्रेया घोषाल और फ्रेंच आर एंड बी सिंगर टायक ने अपनी आवाज दी है। जैकलीन फर्नांडीस के फैंस सिर्फ इंडिया में नहीं बल्कि पूरी दुनिया में हैं। ''यिम्मी यिम्मी'' गाना में जैकलीन के डांस स्टेप्स और उनका लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है।

प्रशांत की फिल्म राक्षस में काम करेंगे रणवीर

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह तेलुगु फिल्म हनुमैन के निर्देशक प्रशांत वर्मा की फिल्म राक्षस में काम करते नजर आ सकते हैं। काफी समय से यह खबरें आ रही हैं कि रणवीर सिंह, प्रशांत वर्मा के साथ किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करते हुए नजर आ सकते हैं। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह ने फिल्म साइन कर ली है और इस फिल्म का नाम राक्षस होने वाला है। यह फिल्म इंडियन माइथोलॉजिकल होने वाली है, जिसे मैथ्री प्रोड्यूस कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग इस साल के लास्ट में शुरू हो सकती है। राक्षस को आजादी से पहले की पौराणिक पृष्ठभूमि पर आधारित एक पीरियड फिल्म बताया जा रही है।

पंजाब पर अपना शिकंजा कसना चाहेगी सुपरकिंग्स

चेन्नई, एजेंसी

प्रदर्शन में निरंतरता की कमी से जूझ रही चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम बुधवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें खेल के सभी विभागों में एकजुट प्रदर्शन करने पर टिकी होंगी। सुपरकिंग्स के नौ मैच में 10 अंक हैं जो लखनऊ सुपर जाइंट्स, हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के समान हैं और गत चैंपियन टीम निश्चित रूप से जीत के साथ इन टीमों से आगे निकलने की कोशिश करेगी।

चेपक हालांकि सुपरकिंग्स का गढ़ है जहां गेंदबाजों को पिच से मदद मिलती है और मेजबान टीम ने पिछले मैच में सनराइजर्स पर 78 रन की आसान जीत दर्ज की। चेन्नई में उस रात ओस नहीं पड़ी थी और बल्लेबाजों द्वारा 200 से अधिक का स्कोर खड़ा करने के बाद सुपरकिंग्स के गेंदबाजों ने अपनी सटीक और विविधता से भरी गेंदबाजी से सनराइजर्स की मजबूत बल्लेबाजी इकाई को ध्वस्त कर दिया। चेन्नई को पंजाब के खिलाफ यह प्रदर्शन दोहराना होगा और सभी की निगाहें कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर होंगी जो फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। वहीं, पंजाब किंग्स का गेंदबाजी आक्रमण कागिसो रबादा, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह और सैम कुरेन जैसे अनुभवी गेंदबाजों की मौजूदगी के बावजूद थोड़ा कमजोर दिखता है। मेहमान टीम को स्पिनरों हरप्रीत बरार और चाहर से भी बेहतर प्रदर्शन की दरकार है क्योंकि इन्होंने अब तक सात विकेट लिए हैं।

● गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की बढ़ी चिंता जीत का रास्ता ही ले जाएगा आगे

अमेरिका-मैक्सिको 2027 विश्व कप की मेजबानी की दौड़ से पीछे हटे

न्यूयॉर्क। अमेरिकी सॉकर महासंघ और मैक्सिको का महासंघ 2027 महिला फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी के लिए संयुक्त बोली से पीछे हट गए हैं और उन्होंने कहा है कि वे इसके बजाय 2031 टूर्नामेंट की मेजबानी की कोशिश पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

अमेरिका और मैक्सिको के इस फैसले के बाद 2027 विश्व कप की मेजबानी की दौड़ में ब्राजील और जर्मनी-नीदरलैंड-बेल्जियम की संयुक्त दावेदारी है। फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा की कांग्रेस बैंकॉक में 17 मई को बैठक के दौरान इन दोनों में से किसी एक दावेदारी का चयन करेगी। अमेरिकी महासंघ ने कहा कि 2031 की बोली में फीफा को पुरुष और महिला विश्व कप में समान रूप से निवेश करने के लिए कहा जाएगा। फीफा ने पिछले साल कहा था कि उसने अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में 2026 पुरुष विश्व कप के लिए पुरस्कार राशि में 89 करोड़ 60 लाख डॉलर खर्च करने की योजना बनाई है। फीफा ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में पिछले साल के महिला विश्व कप के लिए पुरस्कार राशि के रूप में 11 करोड़ डॉलर दिए थे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

भारत महाशक्ति बनने की राह पर, हम मांग रहे भीख

इस्लामाबाद, एजेंसी

● पाकिस्तान के हालात पर मौलाना फजलुर रहमान बोले-अदृश्य ताकतें ले रहीं फैसले

पाकिस्तान के शीर्ष नेता और जमीयत उलेमा ए इस्लाम (एफ) के अध्यक्ष मौलाना फजलुर रहमान ने भारत से पाकिस्तान की तुलना करते हुए कहा है कि भारत आज महाशक्ति बनने की राह पर है, जबकि हम दिवालियापन से बचने के लिए भीख मांग रहे हैं। मौलाना पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद नेशनल असेंबली के पहले सत्र को संबोधित करने के दौरान यह बात कही।

मौलाना ने कहा कि 'देश की दुर्दशा के लिए पर्दे के पीछे से फैसले लेने वाली अदृश्य ताकतें जिम्मेदार हैं, जिन्होंने जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों को कठपुतली बना दिया है।' उन्होंने कहा कि 'यही ताकतें दीवारों के पीछे से हमें नियंत्रित करती हैं। वही फैसले करती हैं, जबकि हम सिर्फ कठपुतलियां हैं।' पाकिस्तानी संसद की वैधता पर सवाल उठाते हुए मौलाना फजलुर रहमान ने कहा कि 'संसद सदस्यों ने सिद्धांतों को त्याग दिया है और वे लोकतंत्र को बेचने में जुटे हैं। क्या संसद हकीकत में लोगों के जनादेश को प्रतिबिंबित करती है? महलों में और नौकरशाहों द्वारा फैसला किया जाता है कि कौन प्रधानमंत्री होगा।

उबर ने पूरे पाकिस्तान में बंद किया परिचालन

कराची। स्थानीय कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच ऑनलाइन टैक्सी बुकिंग की सुविधा देने वाली ग्लोबल कंपनी उबर ने पाकिस्तान में सभी परिचालन बंद कर दिए हैं। कंपनी के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को इस बात की पुष्टि की। इसके पहले उबर ने 2022 में कुछ प्रमुख शहरों में अपनी सेवाएं बंद की थीं। प्रवक्ता ने कहा, हमारा सब्सिडियरी ब्रांड करीम पूरे पाकिस्तान में टैक्सी सेवाएं देना जारी रखेगा। उबर ने 2019 में अपनी प्रतिस्पर्धी करीम का 3.1 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया था। उस समय दोनों कंपनियों ने कहा था कि वे अपनी-अपनी क्षेत्रीय सेवाओं और स्वतंत्र ब्रांडों का संचालन जारी रखेंगी। उबर ने 2022 में कराची समेत कुछ शहरों में परिचालन बंद कर दिया था। कंपनी ने कहा कि जिन उबर यूजर के खातों में बैलेंस रकम है, वे नियत समय में अपनी राशि वापस पा सकते हैं।

कोरोना में रक्षा कवच बनी कोविशील्ड पर ब्रिटने का सवालिया निशान

साल 2020 में कोरोना वायरस महामारी आने के बाद एस्ट्राजेनेका कंपनी ने इसकी वैक्सीन को तैयार किया था। भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने एस्ट्राजेनेका को कोविशील्ड के नाम से ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर बनाया। 2021 में पहली बार तैयार हुई एस्ट्राजेनेका वैक्सीन (कोविशील्ड) लगातार सवालों के घेरे में रही है। कई देशों ने 2021 में ही इस वैक्सीन पर प्रतिबंध लगा दिया था। कोविशील्ड जिस तेजी से तैयार की गई थी, उस पर वैज्ञानिक समुदाय में तभी सवाल उठने लगे थे। इसके बाद इस बात को लेकर जांच शुरू हुई कि टीका अपने काम में सुरक्षित भी या नहीं। अब लंदन हाईकोर्ट में कंपनी ने दुर्लभ' दुष्प्रभाव को स्वीकार लिया। इसके बाद वैक्सीन नए विवादों में घिर गई है।

क्या है एस्ट्राजेनेका- एस्ट्राजेनेका वैक्सीन को भारत में कोविशील्ड के नाम से जाना जाता है। ये एक वायरल वेक्टर वैक्सीन है जिसे एसएआरएस-कॉवी-2 वायरस से बचाने के लिए डिजाइन किया गया है जो कि कोविड-19 का प्रेरक एजेंट है। इस वायरस के काम करने के तरीके पर बात की जाए तो ये चिंपांजी में पाए जाने वाले एक सामान्य सर्दी के वायरस (एडेनोवायरस) के कमजोर संस्करण का उपयोग करके काम करता है। इसे एसएआरएस-कॉवी-2 वायरस से प्रोटीन के जीन को ले जाने के लिए मॉडीफाई किया गया है। ये शरीर में इंजेक्ट होने के बाद टीका इंसान के इम्यून सिस्टम को एंटीबॉडी बनाने और टी-कोशिकाओं को सक्रिय करने के लिए प्रेरित करता है ताकि इंसान की बॉडी संक्रमित होने की दिशा में इस वायरस से लड़ सके।

क्यों हो रहा वैक्सीन पर नया विवाद

फरवरी में यूके की एक अदालत में जमा किए गए दस्तावेजों में एस्ट्राजेनेका कंपनी ने कहा कि इसके इस्तेमाल से थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) के साथ थ्रोम्बोसिस नामक एक दुर्लभ दुष्प्रभाव हो सकता है। कंपनी ने कहा है कि वैक्सीन कुछ मामलों में टीटीएस का कारण बन सकती है। दस्तावेज में साथ ही कहा गया है कि टीकाकरण ना होने पर भी टीटीएस हो सकता है। कैम्ब्रिज मुख्यालय वाली ब्रिटिश-स्वीडिश बहुराष्ट्रीय फार्मास्युटिकल और बायोटेक्नोलॉजी कंपनी अब एक क्लास-एक्शन मुकदमे का सामना कर रही है, जिसमें दावा किया गया है कि ये वैक्सीन कई मौतों की वजह बनी है।

केंद्र को चिंताओं को तुरंत दूर करना चाहिए: स्वास्थ्य मंत्री

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि केंद्र को कोविशील्ड टीके के कथित दुष्प्रभावों से जुड़ी चिंताओं को तुरंत दूर करना चाहिए क्योंकि भारत में करोड़ों लोगों को कोविड महामारी के दौरान यह टीका लगाया गया था। भारद्वाज ने इस टीके के दुष्प्रभाव और भारत में सिलसिलेवार रूप से अचानक कई मौतें होने के बीच कथित संबंध को लेकर चिंता जताई। दावा किया कि कोविशील्ड के सुरक्षित होने संबंधी आशंकाओं के चलते यह टीका जर्मनी, फ्रांस, स्पेन, फिनलैंड, नार्वे और डेनमार्क सहित कई यूरोपीय देशों में शुरू से ही प्रतिबंधित है।

वैक्सीन का निर्माण

पुणे स्थित फार्मा कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने भारत और कुछ दूसरे गरीब देशों के लिए कोविशील्ड वैक्सीन के निर्माण के लिए जनवरी 2021 में एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के साथ डील की। इस साझेदारी के तहत सीरम को भारत और विश्व स्तर पर भारी मांग को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर वैक्सीन का कोविशील्ड के नाम से उत्पादन करने की अनुमति मिली। कोविशील्ड बनने के बाद भारत में इसके वितरण को भारत सरकार और राज्य सरकारों के सहयोग से सुविधाजनक बनाया गया और लोगों तक टीका पहुंचाया गया।

एक नजर

श्रीलंका: कांकेसंथुरई बंदरगाह की मरम्मत का खर्च उठाएगा भारत

कोलंबो। श्रीलंकाई मंत्रिमंडल ने उत्तरी प्रांत में कांकेसंथुरई बंदरगाह की मरम्मत कराने का फैसला किया है और भारत इस परियोजना का 6.15 करोड़ डॉलर का पूरा खर्च उठाने के लिए राजी हो गया है। श्रीलंका के उत्तरी क्षेत्र में स्थित कांकेसंथुरई बंदरगाह या केकेएस बंदरगाह 16 एकड़ के क्षेत्र में फैला है और यह पुडुचेरी में करईकल बंदरगाह से 104 किलोमीटर दूर है। तमिलनाडु में नागपत्तिनम को जाफना के समीप कांकेसंथुरई बंदरगाह से जोड़ने वाली सीधी यात्री जहाज सेवा करीब साढ़े तीन घंटे में 111 किलोमीटर का सफर तय करती है। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा-भारत परियोजना के लिए पूरी अनुमानित लागत वहन करने पर राजी हो गया है।

छत्तीसगढ़ में तैनात होंगी अर्द्धसैनिक बलों की 202 कंपनियां

रायपुर। छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण में सात मई को होने वाले चुनाव में अर्द्धसैनिक बलों की 202 कंपनियां सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगी। सूत्रों ने बताया कि सात लोकसभा सीटों में मतदाताओं की संख्या कुल एक करोड़ 39 लाख एक हजार 285 है। निर्वाचन अधिकारियों के मुताबिक तीसरे चरण के लिए सरगुजा और रायगढ़ लोकसभा क्षेत्रों में ईवीएम व वीवीपैट की कमीशनिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। लोकसभा क्षेत्र बिलासपुर और जांजगीर व कोरबा में कमीशनिंग की प्रक्रिया 29 अप्रैल को शुरू हुई। रायपुर व दुर्ग लोकसभा के लिए 30 अप्रैल को कमीशनिंग का कार्य शुरु किया जाएगा।

कोलंबियाई सेना का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, नौ सैनिकों की मौत

बोगोटा। उत्तरी कोलंबिया में एक सैनिक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे सवार सभी नौ सैनिकों की मौत हो गई है। सेना के बयानों में कहा गया है कि हेलीकॉप्टर का बेस से संपर्क टूट और बाद में पता चला कि वह बोलिवर विभाग के सांता रोजा नगर पालिका के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने खेद व्यक्त किया है। बता दें, खाड़ी कबीले को कोलंबिया में मादक पदार्थों की तस्करी और एक आपराधिक गिरोह के रूप में जाना जाता है।

युद्ध के खिलाफ प्रदर्शनकारियों ने कोलंबिया विवि पर किया कब्जा

न्यूयॉर्क। इजराइल-हमास युद्ध को लेकर कई कॉलेज परिसरों में छात्रों के प्रदर्शनों के बीच मंगलवार तड़के दर्जनों प्रदर्शनकारियों ने न्यूयॉर्क में कोलंबिया विश्वविद्यालय की इमारत पर कब्जा कर लिया और एक खिड़की से फिलिस्तीनी झंडा फहराया। वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि विश्वविद्यालय के मैनहट्टन परिसर में हैमिल्टन हॉल के सामने प्रदर्शनकारी एकत्र हैं और उन्होंने फर्नीचर एवं अन्य चीजों से इमारत को अवरूद्ध कर दिया है। छात्रों ने रेडियो स्टेशन हॉल पर कब्जे की जानकारी दी है। घटना के बाद भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन अलर्ट हो गया है।

पन्नू मामले में रॉ अधिकारी की संलिप्त पर अमेरिकी मीडिया पर भड़का भारत

बेबुनियाद अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स पर भारत नहीं करेगा कोई सहयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी मीडिया की उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया है, जिनमें दावा किया गया है कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ का अधिकारी शामिल है। दरअसल अमेरिकी मीडिया की एक रिपोर्ट में अज्ञात सूत्रों के हवाले से एक रॉ अधिकारी के नाम का खुलासा किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पन्नू की हत्या की साजिश में यही अधिकारी संलिप्त था। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कथित रॉ अधिकारी ने ही गुरपतवंत सिंह पन्नू के न्यूयॉर्क स्थित घर का पता और अन्य जरूरी जानकारी मुहैया कराईं थी। मंगलवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने पलटवार करते हुए अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स को बेबुनियाद बताकर खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि 'रिपोर्ट में एक गंभीर मामले पर बेबुनियाद और अनुचित आरोप लगाए गए हैं। अमेरिकी सरकार ने संगठित अपराध, आतंकवाद और अन्य को लेकर जो सुरक्षा चिंताएं साझा की हैं, उनकी भारत सरकार द्वारा उच्च स्तरीय जांच की जा रही है।' जायसवाल ने कहा कि गैरजिम्मेदाराना और सिर्फ अनुमानों के आधार पर टिप्पणी करने से कोई मदद नहीं मिलेगी। बता दें, बीते साल नवंबर में अमेरिका के संघीय अभियोजक ने आरोप लगाए थे कि भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता ने भारत सरकार के एक कर्मचारी के साथ मिलकर सिख कट्टरपंथी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू को अमेरिका में ही मारने की योजना बनाई थी। इस मामले में निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था।

पन्नू मामले में भारत आरोपों को गंभीरता से ले रहा: अमेरिका

वाशिंगटन। व्हाइट हाउस ने कहा कि सिख आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नूं की हत्या की साजिश के मामले में भारत आरोपों को गंभीरता से ले रहा है। हालांकि, उसने मामले की एफबीआई जांच और न्याय विभाग की ओर से दायर आपराधिक मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की। अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय की प्रेस सचिव कैरिन जीन पियरे की यह टिप्पणी मीडिया की एक खोजी रिपोर्ट के बाद सामने आई है। इस खबर में दावा किया गया है कि भारत की खुफिया एजेंसी रॉ के अधिकारी विक्रम यादव अमेरिका में पन्नूं की हत्या की साजिश में शामिल थे और इस काम में तत्कालीन रॉ प्रमुख सामंत गोयल ने उन्हें मंजूरी दी थी। पन्नूं खालिस्तान आंदोलन के मुख्य नेताओं में से एक है। वह भारत में सिख फॉर जस्टिस संगठन का कानूनी सलाहकार और प्रवक्ता है। जिसका मकसद एक अलग सिख राज्य के विचार को बढ़ावा देना है। भारत सरकार ने पन्नू को आतंकवादी घोषित किया हुआ है। वॉशिंगटन पोस्ट के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव पियरे ने कहा, मामले की जांच चल रही है और न्याय विभाग आपराधिक जांच कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है और हम कई क्षेत्रों में अपने सहयोग का विस्तार करने के लिए एक महत्वकांक्षी एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं।

मालदीव के लोगों ने भारतीय सैलानियों को पीटा, दो घायल

माले। मालदीव और भारतीय सैलानियों के एक समूह के बीच हुए विवाद के बाद झड़प हो गई, जिसमें दो लोग घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने एक मालदीव के नागरिक को हिरासत में लिया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दोनों समूहों के बीच लड़ाई राजधानी माले से लगभग सात किलोमीटर उत्तर पूर्व में हुलहुमले में सेंट्रल पार्क के पास हुई। यह घटना सोमवार रात लगभग 9 बजे की है। माले पुलिस ने बताया है कि हिरासत में लिया गया संदिग्ध मालदीव का है।

गंभीर रूप से घायल दोनों भारतीयों को हुलहुमले अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से बाद में उन्हें इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने कहा कि पार्क के अंदर मालदीव और भारतीयों के एक समूह के बीच झड़प हुई है। पुलिस ने कहा घटना में आरोपी को हिरासत में लिया गया है, टीम आगे की जांच कर रही है। पुलिस ने कहा- भारतीयों अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

एडमिरल दिनेश ने संभाला नौसेना प्रमुख का कार्यभार

नई दिल्ली, एजेंसी

● आर हरि के सेवानिवृत्त होने के बाद 26वें नौसेना प्रमुख बने त्रिपाठी

एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को आर हरि कुमार के सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद 26वें नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। बता दें कि दिनेश कुमार त्रिपाठी एक संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ भी हैं।

सैनिक स्कूल रीवा के पूर्व छात्र, एडमिरल त्रिपाठी बल की बागडोर संभालने से पहले नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। 15 मई 1964 को जन्मे एडमिरल त्रिपाठी को 1 जुलाई 1985 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में नियुक्त किया गया था।

संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ, उनकी लगभग 39 वर्षों की लंबी और विशिष्ट सेवा रही है। नौसेना के उप प्रमुख का पद संभालने से पहले, उन्होंने पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्य किया था। एडमिरल त्रिपाठी ने भारतीय नौसेना के जहाजों विनाश, किर्च और त्रिशूल की कमान संभाली है।

नौसेना हुई है विकसित

नए भारतीय नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में, हमारी नौसेना एक युद्ध-तैयार एकजुट, विश्वसनीय के रूप में विकसित हुई है। समुद्री क्षेत्र में मौजूदा और उभरती चुनौतियां यह कहती हैं कि भारतीय नौसेना को शांति से समुद्र में संभावित विरोधियों को रोकने के लिए हर समय परिचालन के लिए तैयार रहना चाहिए और ऐसा करने के लिए कहे जाने पर समुद्र में और समुद्र से युद्ध जीतना चाहिए। मैं नई तकनीकों को पेश करने और विकसित भारत के लिए हमारी सामूहिक खोज की दिशा में राष्ट्रीय विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनने की दिशा में 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में भारतीय नौसेना के चल रहे प्रयासों को भी मजबूत करूंगा।

घाटी में भूस्खलन

जम्मू: पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते जम्मू-कश्मीर में अलर्ट जारी है। तीन दिन से वर्षा का सिलसिला जारी है। मंगलवार को भूस्खलन से रामबन और बनिहाल में तीन लोगों की मौत हो गई और उफनते नालों में दो अन्य लोग बह गए। राजमार्गों को वाहनों के लिए बंद कर दिया है। हिमस्खलन से कई वाहन फंसे रहे। वहीं गुलमार्ग में हल्की बर्फबारी हुई है। ● एजेंसी

मेटा की कार्यप्रणाली सरकारी विभाग से भी बदतर : हाईकोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा की कार्यप्रणाली सरकारी विभाग से भी बदतर है क्योंकि वह मीडिया समूह को उसकी शिकायत पर ठीक से जवाब देने में विफल रही।

अदालत ने इंस्टाग्राम पर मीडिया समूह के पेज हार्पर बाजार इंडिया को ब्लॉक करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा की खिंचाई करते हुए कहा कि अगर मीडिया संस्थान की शिकायत पर फैसला नहीं किया जाता है, तो अदालत प्रथम दृष्टया टिप्पणी करेगी कि सोशल मीडिया मंच के वकील को चक्कर लगवा रहा है। पीठ ने कहा, आप सरकारी विभाग से भी बदतर हैं, आपको सावधान रहना चाहिए। आपको स्थिति के प्रति सचेत रहना होगा। आपकी प्रणाली काम नहीं कर रही है। इसे ठीक करना होगा। पीठ ने कहा कि मेटा को चीजें दुरुस्त करनी चाहिए अन्यथा अदालत आदेश पारित कर सकती है।

ब्रिटेन में पुलिसकर्मी व लोगों पर तलवार से हमला, एक मौत

लंदन, एजेंसी

● धारदार हथियार से हमले में 5 घायल, आरोपी गिरफ्तार

पूर्वोत्तर लंदन में एक शख्स ने तलवार से पुलिसकर्मियों और आम लोगों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, हमलवार ने पहले एक घर में अपनी कार घुसा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 36 साल के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

इससे घटना से पहले शख्स ने किशोर समेत पांच लोगों और पुलिसकर्मियों पर तलवार से हमला कर दिया, जिससे कई लोग घायल हुए है। तत्काल घायलों को अस्पताल में भर्ती कराय जहां, किशोर की मौत हो गई। लंदन के मेयर सादिक खान ने कहा कि वह घटना से बहुत आहत हुए हैं। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इसे स्तब्ध करने वाली घटना' करार दिया और कहा कि देश की सड़कों पर ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। पुलिस ने बताया है, मामले की जाचं की जा रही है।

बता दें, आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2023 में लंदन में चाकू अपराध में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मार्च 2020 तक चाकूबाजी में एक प्रतिशत की ही कमी देखने को मिली है। राष्ट्रीय सांख्यिकी अधिकारी ने कहा कि पूरे इंग्लैंड और वेल्स में, चाकू से होने वाले अपराध में सात प्रतिशत की वृद्धि हुई है और 49,489 अपराध हुए हैं।

कोरोना की जानकारी साझा करने वाले वैज्ञानिक को निकाला

शंघाई। चीन में कोरोना पर रिसर्च में शामिल वैज्ञानकि को लैब से बाहर निकालने दिया है।

चीन में कोविड-19 वायरस के एक अनुक्रम को प्रकाशित करने वाले पहले वैज्ञानिक उन्हें अपनी प्रयोगशाला से निकाले जाने के बाद रविवार से धरने पर बैठे थे। वायरोलॉजिस्ट झांग योंगझेन ने सोमवार को एक ऑनलाइन पोस्ट में लिखा कि उन्हें और उनकी टीम को अचानक जानकारी दी गई कि उन्हें उनकी प्रयोगशाला से बाहर किया जा रहा है। उन्होंने पहली बार जनवरी 2020 की शुरुआत में कोरोना वायरस पर अनुक्रम प्रकाशित किया था। इस कदम से नाराज चीनी सरकार ने उनको लैब से बहार का रास्ता दिखा दिया है।

पोर्न स्टार मामले में ट्रंप दोषी, 9 हजार डॉलर का लगा जुर्माना

न्यूयॉर्क, एजेंसी

● अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति को गैग के 9 मामलों में उल्लंघन का आरोपी माना

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पोर्न स्टार से रिश्तों से जुड़े एक मामले में मंगलवार को अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया गया और गैग के आदेशों का बार-बार उल्लंघन करने के लिए अदालत ने उनपर नौ हजार अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया है।

गैग ने उन पर गुप्त धन मामले से जुड़े गवाहों, जूरी सदस्यों सहित अन्य चीजों के बारे में सार्वजनिक रूप से बयान देने पर प्रतिबंध लगाया था। गौरतलब है कि अमेरिका में इस साल के अंत में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने वाले हैं। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच सीधा मुकाबला है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अभियोजकों ने ट्रंप के खिलाफ 10 मामलों के उल्लंघन का आरोप लगाया था। हालांकि, न्यायाधीश जुआन एम. मर्चन ने उन्हें नौ मामलों में उल्लंघन का आरोपी माना।

कोर्ट का यह अर्थदंड ट्रंप के लिए एक कड़ी फटकार है क्योंकि वह हमेशा कहते थे कि वे अपने स्वतंत्र भाषण के अधिकारों का प्रयोग कर रहे हैं। ट्रंप के साथ-साथ आज उनका बेटा एरिक भी अदालत आए थे। ऐसा पहली बार हुआ कि ट्रंप के साथ उनके परिवार का कोई सदस्य उनके आपराधिक मुकदमे में शामिल हुआ।

विज्ञान मैकगायर ग्रुप नामक वैज्ञानिकों की टीम को रसायनों का पता लगाने में मिली सफलता

अंतरिक्ष में सबसे बड़े जटिल परमाणु की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : खगोलविदों ने अंतरिक्ष मे एक नए जटिल परमाणु की खोज की है। यह मेथॉक्सी अणुओं की श्रेणी में आता है। इसका नाम 2-मेथॉक्सीएथेनॉल है। अंतरिक्ष में इस तरह के परमाणुओं की संख्या 13 पहुंच गई है। अब तक खोजा गया सबसे बड़ा और सबसे जटिल परमाणु माना जा रहा है।

रासायनिक तत्वों की उत्पत्ति व इनकी उपयोगिता को लेकर वैज्ञानिक अंतरिक्ष में रसायनों की खोज में जुटे रहते हैं। खगोलविदों के अनुसार धूमकेतुओं व क्षुद्रग्रहों में इनकी मौजूदगी मिलती है। साथ ही अंतरिक्ष में स्वतंत्र रूप से तैरते रहते हैं। जीवन के निर्माण में सहयोगी अमीनो एसिड जैसे अणु भी अंतरिक्ष में मौजूद हैं। यह खोज मैकगायर ग्रुप नामक वैज्ञानिकों की एक टीम ने की है। यह ग्रुप अंतरिक्ष में रसायनों का पता लगाने की महत्वपूर्ण खोज करती है। इस खोज में मैकगायर ग्रुप के साथ फ्लोरिडा और फ्रांस के वैज्ञानिक भी शामिल थे। यह खोज विज्ञान पत्रिका द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में प्रकाशित हुई है। शोध के मुख्य वैज्ञानिक फ्राइड के अनुसार अंतरिक्ष में कई 'मेथॉक्सी' अणु हैं, जैसे डाइमिथाइल ईथर, मेथॉक्सीमेथेनॉल, एथिल मिथाइल ईथर और मिथाइल फॉर्मेट हैं, लेकिन 2-मेथॉक्सीथेनॉल अब तक देखा गया सबसे बड़ा और सबसे जटिल है। यह खोज तारा निर्माण क्षेत्र एनजीसी 63341 में हुई है। इस खोज को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



पमाणुओं का चित्र।

खगोलीय घटना तो नहीं थी कोरोना की महामारी

दुनिया में महामारी फैलाने वाले वायरस कोरोना कहां से आया, इसका अभी तक पता नही लग सका है। अंतरिक्ष में रासायनिक तत्वों की खोज करने वाले कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि संभवत: कोरोना का वायरस अंतरिक्ष से आया होगा। इसके पीछे एस्टिरॉइड के जरिए पृथ्वी पर पहुचने के कुछ तथ्य मानते हैं, लेकिन अभी तक इसकी पुष्टि नही हो पाई है

सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए आत्मनिर्भर होना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

● मनोज पांडे बोले-कोई भी देश अपनी तकनीकी साझा नहीं करेगा हमें खुद विकसित करनी होगी

थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को कहा कि युद्ध अब अंतरिक्ष, साइबर, विद्युत चुंबकीय स्पेक्ट्रम और सूचना प्रणाली जैसे नये क्षेत्रों में पहुंच गया है और भारत को भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए स्वदेशी क्षमताएं विकसित करनी होंगी। सेना प्रमुख ने विशेष रूप से सशस्त्र बलों में प्रौद्योगिकी समावेशन और आत्मनिर्भरता के महत्व को बताते हुए कहा कि दोनों अलग-अलग हैं फिर भी एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

जनरल पांडे ने कहा कि भारत को अपनी स्वदेशी सैन्य क्षमताएं विकसित करनी चाहिए क्योंकि कोई भी देश उसके साथ नवीनतम, उन्नत और महत्वपूर्ण तकनीक साझा नहीं करेगा। उन्होंने कहा, युद्ध अब अंतरिक्ष, साइबर, विद्युत चुंबकीय स्पेक्ट्रम और सूचना जैसे नए क्षेत्रों में पहुंच गया है। इनके परिणामस्वरूप, पारंपरिक सैन्य बल अनुपात, जो अतीत में सैन्य ताकत और श्रेष्ठता का पैमाना था, आज गौण हो गया है। जनरल पांडे ने चौथे जनरल के सुंदरजी स्मृति व्याख्यान में यह टिप्पणी की। सेना प्रमुख ने कहा, युद्ध लड़ने की प्रणालियों में प्रौद्योगिकी को शामिल करने और तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल बनाए रखने की अनिवार्यता आज भी कायम है।